निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




बीपीएससी ने रद्द की एईडीओ परीक्षा

• बोकारो, रविवार, 3 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 342 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# स्लरी में दबकर चार मजदूरों की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की मुनीडीह कोल वाशरी में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। स्लरी (कोयले का गीला अपशिष्ट) के ढेर के अचानक धंसने से चार मजदूरों की दबकर मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों के अब भी फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

मुनीडीह ओपी प्रभारी मनिता कुमारी ने बताया कि अब तक चार मजदूरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शेष मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और बीसीसीएल की टीमें मौजूद हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मजदूर स्लरी लोडिंग का कार्य कर रहे थे, तभी पहाड़नुमा स्लरी का ढेर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया, जिससे कई मजदूर उसमें दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और अन्य मजदूर जान बचाकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीनों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान प्रेम बाउरी, माणिक बाउरी, दीपक बाउरी और नारायण यादव के रूप में हुई है। सभी असंगठित मजदूर बताए जा रहे हैं, जो स्लरी लोडिंग कार्य में लगे थे। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मलबे में अभी भी कुछ मजदूर दबे हो सकते हैं, जिन्हें निकालने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। घटना के कारण क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल है।

# कांकेर में आइडी ब्लास्ट, चार जवान शहीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक आईइडी में हुए विस्फोट के कारण जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के चार जवान शहीद हो गए हैं। राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी विस्फोट की यह पहली घटना है। आईईडी ब्लास्ट में कृष्णा कोमरा, बस्तर फाइटर्स, सुखराम वट्टी, डीआरजी प्रभारी टीआई, परमानंद कोमरा, आरक्षक और संजय गढ़पाले, आरक्षक शहीद हो गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा के पास सुरक्षाबलों को बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने और गश्त के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के अभियान के दौरान हुए विस्फोट में डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद एक घायल जवान को अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने कहा कि मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग विस्फोट में जवान शहीद हुए हैं।

राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, खासकर बस्तर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों ने पूर्व में बड़ी संख्या में बारूदी सुरंगें बिछाई थीं, जो अब भी वहां तैनात सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में लगातार बारूदी सुरंगों की तलाश और उन्हें निष्क्रिय करने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस हादसे पर दुख जताते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा, "कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डीमाइनिंग अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में डीआरजी के वीर जवानों के शहीद होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# बिहार में 47 लाख परिवारों ने की स्वगणना

## बिहार में जनगणना का पहला चरण पूरा, अब शुरू हुआ मकान सूचीकरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में चल रही जनगणना के पहले चरण के तहत स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 17 अप्रैल से शुरू होकर 1 मई तक चले इस चरण में राज्य के लगभग 47 लाख (46,82,284) परिवारों ने स्व-गणना पूरी की है। अब शनिवार, 2 मई से जनगणना का दूसरा चरण, यानी मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य शुरू कर दिया गया है।

जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में निदेशक रंजीता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मकानों की गिनती और सूचीकरण करेंगे। इस दौरान जिन परिवारों ने पहले स्व-गणना की है, उनकी आईडी लेकर उसका सत्यापन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी मकानों को क्रमांकित कर उनकी परिसंपत्तियों और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी एचएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। साथ ही सीएमएमएस पोर्टल पर बनाई गई डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर उसे संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सुधार किया जाएगा। निदेशक रंजीता ने बताया कि कार्य की निगरानी के लिए अधिकारियों को जिलों में भेजा गया है, जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण की व्यवस्था भी की गई है। इस बीच सरकार ने जनगणना की आड़ में साइबर ठगी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय विवरण साझा न करें। निदेशक ने आम जनता से जनगणना कर्मियों का सहयोग करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि सभी व्यक्तिगत सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाता है।

# रांचीः गांजा के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली थाना और सुखदेवनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई में चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 4 किलोग्राम गांजा और 49 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में जनार्दन दास को गिरोह का मुख्य सप्लायर बताया जा रहा है। इसके अलावा पंकज कुमार, प्रकाश सिंह और रवि वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच में



सामने आया है कि यह गिरोह ग्रामीण इलाकों से गांजा खरीदकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करता था। कोतवाली के एएसपी निखिल राय ने बताया कि गांजा तस्करी की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर दोनों थानों की पुलिस को अलर्ट किया गया था। छापेमारी के दौरान गिरोह का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने कहा कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और शहर में नशे के प्रसार में इसकी अहम भूमिका रही है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी स्कूटी और बाइक के जरिए गांजा छिपाकर शहर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचाते थे। साथ ही, कुछ पान दुकानों तक भी इसकी आपूर्ति की जाती थी। पुलिस के अनुसार, इस नेटवर्क में एक दर्जन से अधिक लोग शामिल हैं, जिनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 15,246 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज अब रोजगार के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। वर्ष 2026 में राज्य के तकनीकी संस्थानों से कुल 15,246 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें 4,745 इंजीनियरिंग और 10,501 पॉलिटेक्निक छात्रों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला है। यह जानकारी तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट के लिए सिस्को, एचसीएल, विप्रो, एलएंडटी और टाटा मोटर्स जैसी नामी कंपनियां बिहार के कॉलेजों में आ रही हैं, जिससे यहां के छात्रों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को लेकर पहले जो पूर्वाग्रह था, वह अब तेजी से बदल रहा है और राज्य के छात्र इनोवेशन के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सचिव ने बताया कि राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं, जहां शिक्षकों को आईआईटी में प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही, बिहार में बेहद कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन शुल्क मात्र 10 रुपये और मासिक फीस भी 10 रुपये है, जबकि अन्य गतिविधियों के लिए सीमित शुल्क लिया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने भी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग राज्य के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में विज्ञान और तकनीक का प्रभाव स्पष्ट है और इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना संभव नहीं है।

# 15 बूथों पर 90 प्रतिशत तक मतदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीटों पर 15 मतदान केंद्रों पर कराए गए पुनर्मतदान में करीब 90 प्रतिशत तक मतदान दर्ज किया गया। मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 और डायमंड हार्बर के चार बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनावी धांधली की शिकायतों के आधार पर निर्वाचन आयोग ने इन बूथों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चला।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने डायमंड हार्बर क्षेत्र के चंदा प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या-179 पर एक दिव्यांग मतदाता और उसकी मां के साथ केंद्रीय बलों द्वारा दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृणमूल नेताओं मनमोहिनी विश्वास और प्रतीक उर रहमान ने विरोध का नेतृत्व किया, लेकिन अन्य सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। मगराहाट पश्चिम सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मोहम्मद समीम अहमद मुल्ला का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के गौर सुंदर घोष से है। वहीं कांग्रेस के अब्दुल मजीद हलदर और आईएसएफ के अब्दुल अजीज अल हसन भी मैदान में हैं। डायमंड हार्बर सीट पर तृणमूल के पन्ना लाल हलदर के सामने भाजपा के दीपक कुमार हलदर मुख्य चुनौती पेश कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस के गौतम भट्टाचार्य और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के समर नाइया समेत अन्य उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के कुछ बूथों पर बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व अभिषेक बनर्जी करते हैं। मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता की नियुक्ति की थी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुए थे। मतगणना चार मई को होगी।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

## हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)

स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

**स्व-गणना क्या है?**

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- **क्या स्व-गणना अनिवार्य है?**
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- **क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?**
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- **क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?**
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- **क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?**
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- **SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?**
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- **यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?**
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- **क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?**
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- **क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?**
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- **क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?**
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0079/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

# पति ने रची पत्नी की हत्या की साजिश, 3 आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** केरेडारी थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह हत्या कोई लूटपाट की घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम थी, जिसमें मृतका के पति की ही मुख्य भूमिका सामने आई है।




घटना 26 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:15 बजे की है, जब कोले रेलवे स्टेशन के समीप बाइक सवार दंपत्ति पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी थी। इस हमले में मंजू देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पति विकास प्रजापति घायल हो गए थे। घायल विकास के बयान के आधार पर केरेडारी थाना कांड संख्या 53/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जब विकास प्रजापति से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने स्वीकार किया कि पारिवारिक कलह के कारण वह अपनी पत्नी से छुटकारा पाना चाहता था। इसी योजना के तहत उसने अपने पिता नरेश प्रजापति और सहयोगी सुनील गंझू व लालेश्वर गंझू के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के मुताबिक, सुनिल और लालेश्वर पहले से हेन्देगीर-कोले के बीच जंगल क्षेत्र में घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही विकास अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचा, दोनों ने देशी कट्टे से मंजू देवी को गोली मार दी। शक से बचने के लिए विकास ने खुद को भी गोली लगने की कहानी गढ़ी और अपने हाथ में गोली लगवाई। पुलिस ने विकास की निशानदेही पर उसके पिता नरेश प्रजापति और लालेश्वर गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की यामाहा मोटरसाइकिल और एक काला पर्स भी बरामद किया गया है। हालांकि इस मामले में एक अन्य आरोपी सुनील गंझू अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ बड़कागांव पवन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार सहित तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भगवान बुद्ध के करुणा, प्रेम और दया के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : डॉ. राजीव कुमार नयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** हिंदी विकास मंच,सरथुआ और हिलसा शाखा के द्वारा भगवान बुद्ध की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन ने 'बुद्ध स्मृति' कार्यक्रम में भगवान बुद्ध को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. नयन ने कहा कि बुद्ध करुणा, शांति, मैत्री, दया और संवेदना के अवतार थे। वे वेद में भी निर्वेद लिए रहते थे और जीवन में हमेशा मध्यम मार्ग अपनाने पर बल देते थे। अपने संदेश में उन्होंने बुद्ध के प्रसिद्ध उपदेश को उद्धृत करते हुए कहा, "वीणा के तार को इतना भी न कसो कि वह टूट ही जाए और इतना ढीला भी न छोड़ो कि बजना ही छोड़ दे।" जीवन में संतुलन ही बुद्ध का मूल मंत्र था। डॉ. नयन ने आगे कहा कि बुद्ध ने अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए कहा था कि "मारने वाले से ज्यादा बचाने वाले का मस्तक ऊंचा रहता है।

## नीट यूजी 2026 परीक्षा के निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 03 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट उजी 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार द्वारा सभी प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी, पेट्रोलिंग दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नट के दिशा-निदेशों के अनुरूप जिले में कुल तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, पचंबा गिरिडीह +2 उच्च विद्यालय सर जे.सी. बोस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थियों की सघन जांच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध एवं निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही केंद्रों के आसपास भीड़ भाड़ नियंत्रित रखने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पेट्रोलिंग दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने और अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है परीक्षा का समय दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक निर्धारित है, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को शाम 06:00 बजे तक का समय दिया गया है। सभी अधिकारियों को परीक्षा समाप्ति तक पूर्ण सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित परीक्षा के सुचारू संचालन एवं त्वरित सूचना आदान प्रदान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06532-228829 है। इसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए आगे आए अधिकारी, नागरिकों से भागीदारी की अपील

**गिरिडीह (नबिटासं)।** आगामी जनगणना को सफल पारदर्शी एवं सटीक बनाने के उद्देश्य से गिरिडीह जिला प्रशासन ने स्व-गणना सेल्फ ऐनुमैरेशन प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिले के वरीय अधिकारियों ने स्वयं इस प्रक्रिया को अपनाते हुए आमजनों को प्रेरित करने का संदेश दिया उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व गणना पूर्ण की। वहीं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला कोषागार पदाधिकारी अनंत मिश्रा तथा जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने भी इस प्रक्रिया को पूरा कर अभियान को मजबूती प्रदान की इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से लोग अपने परिवार की सही एवं अद्यतन जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना के आंकड़े अधिक विश्वसनीय और त्रुटिरहित बनते हैं। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव होते हैं, इसलिए सभी नागरिकों को इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए उपायुक्त ने जिलेवासियों से निर्धारित अवधि के भीतर स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों को तकनीकी सहायता की आवश्यकता होगी, उन्हें प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्व-गणना के बाद गणनाकर्मी द्वारा सत्यापन किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि स्व-गणना न केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, बल्कि यह नागरिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने आमजनों से समय रहते इस सुविधा का लाभ उठाने और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाई गई है, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से जुड़ सकते हैं।जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



## डीसी हजारीबाग का केरेडारी अंचल दौरा, योजनाओं व राजस्व कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को केरेडारी अंचल का दौरा कर प्रशासनिक कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ अलग-अलग बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं और भूमि/राजस्व से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित राजस्व मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने डीसी पगार क्षेत्र में एनटीपीसी चट्टीबरियातु परियोजना के कारण विस्थापन की जद में आ रहे विरहोर समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याओं और मांगों को सुना तथा पुनर्वास से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ पूरी की जाए, ताकि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की इस पहल को क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और विस्थापितों के हितों की रक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




## देवरी में राजद की समीक्षात्मक बैठक संगठन सशक्त बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई 2026 को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मलडीहा में राष्ट्रीय जनता दल राजद प्रखंड कमिटी की एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और जनाधार को विस्तार देने पर विस्तृत चर्चा की गई वक्ताओं ने कहा कि मलडीहा पूर्व विधायक स्व. बलदेव हाजरा की संघर्षभूमि रही है, जहां उन्होंने गरीबों और वंचितों की आवाज बनकर सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत किया। इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकताओं ने संगठन को और सशक्त करने तथा सामाजिक विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचार और संदेश हमेशा जनसंघर्षों में प्रेरणा का काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि गरीबों के हक और सामाजिक न्याय के लिए पार्टी का समर्पण कभी कमजोर नहीं पड़ेगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में गठबंधन में उचित सम्मान नहीं मिलने पर राजद अधिक सीटों पर चुनाव लड़ सकती है किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेन्द्र यादव और प्रदेश महासचिव किशुन यादव ने कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति अपेक्षित नहीं रही है। उन्होंने जोर दिया कि राजद समाज के सभी वर्गो गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है जिला महासचिव दिनेश कुमार यादव और अतुल कुमार चौधरी ने स्पष्ट किया कि पार्टी अपनी पारंपरिक सीटों पर हर हाल में चुनाव लड़ेगी और कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता यादव ने कहा कि महिलाओं की एकजुटता और सशक्तिकरण ही समाज की असली ताकत है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी विधानसभा चुनाव में जमुआ सीट से राजद अपना प्रत्याशी उतारेगी और महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों की आवाज को सड़क से सदन तक बुलंद किया जाएगा।

## सीएम हेमंत सोरेन से सांसद सरफराज अहमद की मुलाकात रेल परियोजनाओं और सीसील आउटसोर्सिंग पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य और देश से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई मुलाकात के दौरान सांसद ने झारखंड में लंबित रेल परियोजनाओं की प्रगति पर चिंता जताई और इसे गति देने की आवश्यकता बताई। साथ ही, सेंट्रल कोल्फील्डिंस लिमिटेड (सीसीएल) क्षेत्र में बढ़ती आउटसोर्सिंग की समस्या और उससे प्रभावित हो रहे श्रमिकों के हितों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृति और हस्तक्षेप के लिए वे संसद में लगातार आवाज उठा रहे हैं बैठक में पश्चिम बंगाल और असम के चुनावी परिदृश्य के साथ-साथ देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। सांसद ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर पर हो रही राजनीतिक गतिविधियों और उनके संभावित प्रभावों से अवगत कराया सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात राजनीतिक और विकासात्मक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उठाए गए मुद्दों पर संतोष जताते हुए आगे आवश्यक कदम उठाने के संकेत दिए।



## मजदूर दिवस पर बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता अभियान आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम द्वारा जिले के पीरटांड़, गिरिडीह एवं बगोदर प्रखंडों में बाल मजदूरी के खिलाफ व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाना था कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गांवों में रैली, जनसंवाद एवं जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को बताया गया कि बाल मजदूरी न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालती है इस अवसर पर करमाटाड़ गांव के वार्ड संख्या 2 के वार्ड सदस्य अमित कुमार, मटरूखा पंचायत के मुखिया रविन्द्र कुमार, पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने बाल मजदूरी के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया कार्यक्रम में बनवासी विकास आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक उत्तम कुमार ने कहा, हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है। उसे मजदूरी के बजाय स्कूल में होना चाहिए।ह्वउन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को काम पर भेजने के बजाय विद्यालय भेजें और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि बनवासी विकास आश्रम लगातार बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल मजदूरी उन्मूलन एवं बाल विवाह रोकथाम के क्षेत्र में कार्यरत है और आगे भी समुदाय के सहयोग से ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बच्चे बाल मजदूरी या अन्य शोषण के शिकार होते दिखाई दें, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें इस जागरूकता कार्यक्रम में संस्था के सामुदायिक कार्यकर्ता उत्तम कुमार सिंह, रूपा कुमारी, उज्जवल मिश्रा एवं भागीरथी देवी के साथ-साथ बच्चे दीपक मरांडी, किरण कुमारी, आशा सोरेन, सोनिया कुमारी एवं अरविंद टुडु भी शामिल थे।




## पत्रकारों की सुरक्षा और एकजुटता पर जोर, नरेश श्रीवास्तव बने प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** एआईएसएमजेडब्लूए और साईं मानव सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय पत्रकार सम्मेलन एवं साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा, एकजुटता और सम्मान जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई सम्मेलन के प्रथम सत्र में वरिष्ठ पत्रकार प्रीतम सिंह भाटिया ने पत्रकारों की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि मीडिया में बढ़ती दलाली और गुटबाजी पत्रकारिता के मूल्यों को कमजोर कर रही है।

उन्होंने पत्रकार दलाली छोड़ो और दलाल पत्रकारिता छोड़ो का नारा देते हुए पत्रकारों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पत्रकारों को सुरक्षित माहौल दिलाने के लिए ठोस पहल और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी जरूरी है। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई बीमा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीकी कारणों से योजना पूरी तरह लागू नहीं हो सकी, लेकिन इसे फिर से प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा सम्मेलन में राष्ट्रीय सलाहकार हरमिंदर सिंह मिंदी, समाजसेवी प्रभाकर सिंह, झारखंड प्रभारी शंकर गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने भी पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस दौरान एआईएसएमजेडब्लूए के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नरेश श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की गई। उनके चयन पर उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि वे राज्य के पत्रकारों के हित में हर संभव प्रयास करेंगे और जल्द ही नई प्रदेश कमिटी की घोषणा की जाएगी द्वितीय सत्र में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों और पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं दिवंगत पत्रकार सुदेश कुमार के योगदान को याद करते हुए उनकी पत्नी मोहिनी सिंह को मरणोपरांत सम्मान दिया गया कार्यक्रम के अंतिम चरण में साईं महोत्सव के तहत भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें सरायकेला-खरसावां की एसपी निधि द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। भजन कीर्तन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस सम्मेलन में झारखंड के विभिन्न जिलों बोकारो रांची, धनबाद, दुमका, गिरिडीह समेत कई स्थानों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारों की सुरक्षा एवं एकता पर अपने विचार साझा किए।

# कानून व्यवस्था और पत्रकारों पर हमले को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार और पुलिस को घेरा

## धार्मिक मानसिकता लेकर हजारीबाग आए थे मंत्री इरफान अंसारी, उनके सामने पत्रकारों से हुई बदसलूकी और मारपीट, उन्होंने नहीं किया हस्तक्षेप : मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




- **मंत्री इरफान अंसारी के सामने पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा, पुलिस से एफआईआर की मांग**
- **भाजपा का नए एसपी को अल्टीमेटम, हजारीबाग का लॉ एंड ऑर्डर नहीं सुधरा तो सड़क पर उतरकर होगा पुरजोर विरोध**
- **हजारीबाग की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई, पुलिस की भूमिका और चुप्पी चिंताजनकः प्रदीप प्रसाद**

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को संसदीय समिति के दौरे से लौटने के उपरांत सांसद सेवा कार्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण प्रेस-वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दो प्रमुख विषयों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी बात की शुरूआत हजारीबाग की ध्वस्त कानून व्यवस्था से करते हुए कहा कि अपराधियों ने जिले के नए पुलिस अधीक्षक का स्वागत लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं के साथ किया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि नए एसपी को ज्वाइन किए महज 10-12 दिन ही हुए हैं और इस अल्प अवधि में जिस प्रकार की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया है, वह अत्यंत गंभीर और सोचनीय विषय है। उन्होंने हालिया घटनाओं का विवरण देते हुए कहा कि 22 अप्रैल को बड़कागांव के 13 माइल क्षेत्र में एक हाईवा को आग के हवाले कर दहशत फैलाने की कोशिश की जो बहुत दिनों बाद ऐसी घटना हुई। बीते 17 से 19 अप्रैल के बीच मुफस्सिल थाने में एक दलित महिला और दो वर्षीय दुधमुंहे बच्चे को 38 घंटे तक हिरासत में रखकर यातनाएं दी गईं और उनकी पिटाई की गई। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस कर्मियों ने अपने ही नए कप्तान को यह चुनौती दी है कि उनके आने के बाद भी वे ऐसी करतूतें जारी रखेंगे। इस मामले में पीड़ित द्वारा शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सांसद मनीष जायसवाल ने बैंक डकैती की घटना पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि हजारीबाग को याद भी नहीं कि यहाँ आखिरी बार बैंक डकैती कब हुई थी, लेकिन बीते 24 अप्रैल को बरही में हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े 'बैंक ऑफ महाराष्ट्र' में घुसकर करीब 6 से 7 करोड़ रुपये के मूल्य के सामान और कैश की लूट की और आसानी से चंपत हो गए। इसके अतिरिक्त 26 अप्रैल को केरेडारी थाना क्षेत्र में एक दंपति पर फायरिंग की गई, जिसमें राय बस्ती निवासी विकास प्रजापति की पत्नी मंजू देवी की मृत्यु हो गई और अपराधी अब तक फरार हैं। वहीं, 27 अप्रैल को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पौता जंगल से तीन लापता बच्चों (दो बालिका और एक बालक) के शव बरामद हुए। मृतकों के परिजनों के मुताबिक 23 अप्रैल को उनके लापता होने की लिखित सूचना मुफ्फसिल थाना को देने के बावजूद पुलिस ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई, जिसका परिणाम अत्यंत दुखद रहा। सांसद मनीष जायसवाल ने पुलिस प्रशासन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केवल वारंटियों को गिरफ्तार करने से कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो जाती। वारंटी पकड़ना आवश्यक है, लेकिन जिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पुलिस की ही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर यह कह रही है कि वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नहीं और यहाँ कोई भी सुरक्षित नहीं है। पिछले एसपी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि महज 11 महीने में उनका स्थानांतरण करने के पीछे सरकार की क्या मंशा थी, इसका स्पष्टीकरण जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले एसपी के कार्यकाल की सराहना जनता कर रही है और अब तो हमसे मिलकर भी लोग ये पूछ रहे हैं आखिर इतनी जल्दी उनका ट्रांफास्ट क्यों किया गया। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि वे अपने लोकप्रिय हथकंडे को छोड़कर अपराध नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित नहीं करते, तो भाजपा सड़क पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगी। प्रेस-वार्ता के दूसरे चरण में सांसद मनीष जायसवाल ने बीते 28 अप्रैल को सदर अस्पताल में मंत्री इरफान अंसारी के समर्थकों द्वारा पत्रकार साथियों के साथ की गई गाली-गलौज, बदसलूकी और मारपीट की घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और उन पर हुआ यह हमला अत्यंत जी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि आवेदन दिए जाने के बावजूद हजारीबाग पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है, जो कि बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड ट्रेजरी घोटाला: 8 मई को बोकारो पहुंचेगी डॉ. अमिताभ की हाई लेवल कमेटी

**रांची, एजेंसी।** बोकारो और हजारीबाग में सामने आए वेतन घोटाले की परतें खोलने के लिए डॉ. अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में गठित हाई लेवल कमेटी ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कमेटी आगामी 8 मई को बोकारो का दौरा कर जमीनी स्तर पर तथ्यों की जांच करेगी। गुरुवार को हाई लेवल कमेटी ने बोकारो के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिला प्रशासन ने कमेटी को आश्वस्त किया कि घोटाले से संबंधित मांगे गए अधिकांश महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं और उन्हें शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। जांच कमेटी ने बोकारो जिला प्रशासन और पुलिस से पिछले छह वर्षों (2018-2024) के दौरान हुए वेतन भुगतान का पूरा ब्योरा मांगा है। जांच के दायरे में निम्नलिखित दस्तावेज शामिल हैं। मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद वित विभाग सक्रिय है। कमेटी को शुरुआती जांच में ही फर्जी निकासी और वित्तीय अनियमितताओं के पुख्ता संकेत मिले हैं। सभी दस्तावेजों के गहन अध्ययन के बाद कमेटी अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 70 साल पुरानी परंपरा के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

**नोवामुंडी, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी बाजार में बैशाख पूर्णिमा के मौके पर श्री श्री अखंड नाम संकीर्तन कमिटी ने तीन दिन का हरिनाम संकीर्तन शुरू किया। इसके साथ ही पूरा इलाका भक्ति के माहौल में डूब गया। सुबह नोवामुंडी के ऐतिहासिक उड़िया छठ तालाब घाट पर पुरोहितों ने विधि-विधान से कलश पूजन कराया। इसके बाद हरिनाम संकीर्तन और भक्ति गीतों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 'हरे राम-हरे कृष्ण' के जयघोष से माहौल गूंज उठा। पुरोहित लंबोदर पांडा, सुकुमार पांडा और सुशांत पांडा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कीर्तन का शुभारंभ कराया। जय मंगलपुर (चंपुआ), सान बड़बिल, बलियाडीह (उड़ीसा), हुटार पूशी पुरुष और जाजपुर से आई महिला कीर्तन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। आयोजन में नरेंद्र दता, सुब्रत साहू उर्फ बबली सहित बड़ी संख्या में कमेटी सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाजार स्थित कीर्तन परिसर में कमेटी द्वारा सुंदर सजावट और उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में पुरोहितों ने बताया कि उड़िया छठ तालाब घाट जाने वाले मार्ग में गंदगी होने के कारण कलश में जल भरने के बाद शोभायात्रा को मार्ग बदलकर वापस आना पड़ा। यह परंपरा 70 साल से भी ज्यादा पुरानी है और आज भी लोगों की मजबूत आस्था और एकता को दिखाती है। कीर्तन शुरू होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है और अगले तीन दिन तक पूरा इलाका भक्ति के माहौल में डूबा रहेगा।

### पाकुड़ में ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**पाकुड़, एजेंसी।** जिले में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते एक तस्कर को पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 14 पुड़िया ब्राउन शुगर और करीब 2390 रुपये नगद जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार व्यक्ति से पुलिस थाने में पूछताछ कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी जिला मुख्यालय के किताझोर गांव के पास से हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक शीश मोहम्मद उर्फ राहुल शेख ब्राउन शुगर बेचने के लिए नगर थाना क्षेत्र के किताझोर गांव पहुंचा था। इस बात की खबर कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शीश मोहम्मद को धर दबोचा। तलाशी के क्रम में राहुल शेख के पास से ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को सही जानकारी नहीं दी। उसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले गई। इस मामले में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी नशीला पदार्थ कहां से लाकर बेच रहा था और इस गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी पूछताछ थाने में की जायेगी।

### भगोड़े अपराधी प्रिंस खान का गुर्गा शैफी उर्फ मेजर फिर से 3 दिन के रिमांड पर

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में कुख्यात भगोड़े प्रिंस खान के नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। उसके गुर्गे शैफी उर्फ मेजर को एक बार फिर तीन दिनों के रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में कई अहम खुलासे हो रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। धनबाद पुलिस को शैफी उर्फ मेजर की गिरफ्तारी के बाद पहले तीन दिनों का रिमांड मिला था। शनिवार को कोर्ट से फिर तीन दिनों का रिमांड हासिल किया गया है। धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 10 सदस्यीय विशेष टीम लगातार शैफी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान प्रिंस खान के नेटवर्क से जुड़े कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अब तक इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिनमें जमीन कारोबारी भी शामिल हैं।

---

#### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने भरा स्व-गणना का फॉर्म,

# कहा- जनगणना देश के विकास की आधारशिला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने 01 मई से आरंभ हुई जनगणना- 2027 की प्रथम प्रक्रिया में अपनी सहभागिता निभाई।

जनगणना के तहत 'आवास गणना' के अंतर्गत रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड स्थित अपने गांव कुच्चू स्थित पैतृक आवास पर स्व-गणना का फॉर्म भरकर राष्ट्रीय अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी राज्यवासियों से इस राष्ट्रीय दायित्व में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार को योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से बनाने और उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जनगणना की टीम आपके घर भी पहुंचेगी। यह सिर्फ सरकार का काम नहीं है, बल्कि यह आपकी हमारी सबकी जिम्मेदारी है।

आदित्य साहू ने राज्यवासियों से आग्रह किया कि इस राष्ट्रीय दायित्व में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए मांगी गई आवश्यक जानकारियां सही और पूर्ण रूप से उपलब्ध कराएं। देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने इससे संबंधित लिंक शेयर करते हुए कहा कि आप चाहें तो इस लिंक के माध्यम से स्वयं भी स्व-गणना का फॉर्म भर सकते हैं।



राज्य में जैक बोर्ड से दसवीं के टॉपर में से एक सन्नी कुमार वर्मा को भी प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सन्नी कुमार को सम्मानित किया। साथ ही कहा कि शेष दो टॉपर्स को भी प्रोत्साहन राशि जल्द मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जैक बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र सन्नी कुमार वर्मा को उनकी शानदार सफलता के सम्मानित करते हुए एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सन्नी को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर आगे की पढ़ाई के लिए उक्त राशि प्रदान कर अपना वादा पूरा किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रांची के मधुकम निवासी ब्रजेश कुमार वर्मा के पुत्र सन्नी कुमार वर्मा ने सेंट अलोयसियस हाई स्कूल रांची से मैट्रिक परीक्षा में 498 अंक (99.60%) प्राप्त कर पूरे झारखंड में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं राज्य का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह अद्भुत सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने बताया कि सन्नी के पिता कपड़े की दुकान में कार्य करते हैं तथा रात्रि में नाइट गार्ड की नौकरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। एक छोटे से किराए के कमरे में रहने के बावजूद उन्होंने अपने पुत्र की शिक्षा और सपनों को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। सन्नी और उसके परिवार के संघर्ष और सफलता हर युवा को प्रेरणा देने का काम करेगा।

आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, प्रतिभा और युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का जो वातावरण बना है। उसी का परिणाम है कि आज साधारण परिवारों से निकलकर भी बच्चे अपनी मेहनत और लगन से असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं। मेरा विश्वास है कि समाज के मेधावी और परिश्रमी विद्यार्थियों को यदि समय पर सहयोग और प्रोत्साहन मिले, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज, राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते है।

उन्होंने कहा कि केवल कल्पनाओं या इच्छाओं से कार्य सिद्ध नहीं होते, बल्कि परिश्रम और प्रयास से ही सफलता मिलती है। जिस प्रकार सोए हुए सिंह के मुख में स्वयं शिकार नहीं आता, उसी प्रकार बिना मेहनत के जीवन में सफलता संभव नहीं है।

इस दौरान भाजपा झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्र ,अमर कुमार बाऊरी एवं मनोज सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जयसवाल, प्रदेश मंत्री अमित कुमार, मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, महानगर रांची जिलाध्यक्ष वरुण साहू सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### धनबाद में भाजपा नेता की रहस्यमयी मौत

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भाजपा के एससी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमृत दास की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। घटना के बाद परिवार ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों का आरोप है कि अमृत दास की शादी दो सगी बहनों से हुई थी और दोनों पत्नियों के साथ उनके संबंध ठीक नहीं चल रहे थे। मृतक अमृत दास की मां और बहन ने दोनों पत्नियों पर मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि घरेलू विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना से एक दिन पहले अमृत दास अपनी दूसरी पत्नी के साथ बाजार गए थे। जिसके बाद घर में विवाद और बढ़ गया था। इसी के बाद यह रहस्यमयी घटना सामने आई। फिलहाल इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग मामले को लेकर कई तरह के कयास लगा रहे हैं।

## धनबाद में 'ड्रिंक एंड ड्राइव' पर शिकंजा, पार्टी जिलाध्यक्ष की गाड़ी पकड़ी गई

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस ने सख्ती और तेज कर दी है। खासकर 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने यह साफ कर दिया कि कानून के आगे रसूख नहीं चलता।



मिली जानकारी के अनुसार, एक राजनीतिक पार्टी के जिलाध्यक्ष शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने गाड़ी को रोका और चालक की जांच की, जिसमें नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर यातायात थाना ले गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी के आगे बड़े अक्षरों में जिलाध्यक्ष का बोर्ड लगा हुआ था और पार्टी का झंडा भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। हालांकि, बाद में गाड़ी से बोर्ड और झंडा हटा दिया गया।

इस पूरे मामले पर ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि कानून सबके लिए समान है। उन्होंने कहा, 'कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, अगर वह शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।'

पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर आम लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे कदमों से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और नियमों को नहीं मानने वालों में डर पैदा होगा। धनबाद यातायात पुलिस ने साफ संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के खिलाफ अभियान और तेज होगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महिला आरक्षण कानून-2023 लागू करने को लेकर कांग्रेस का कैंपेन, 6 मई को होगा प्रदर्शन

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा-विधानसभा में महिलाओं के 33% आरक्षण देने के लिए महिला कांग्रेस राज्यभर में पीएम नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड लिखने का कैंपेन शुरू किया है। इसी के तहत रांची में लोकभवन के समक्ष कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करने वाली है, जिसकी तिथि में बदलाव किया गया है। अब यह प्रदर्शन 4 मई के बजाय 6 मई को होगा।

झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की झूठ और भ्रम की राजनीति का पर्दाफाश करने के लिए लोकभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। उससे पहले अलग-अलग प्रमंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संवाददाता सम्मेलन करेंगे। इसलिए 4 मई 2026 को लोकभवन के समक्ष होने वाला कार्यक्रम में बदलाव करते हुए 6 मई कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब 6 मई को महिला आरक्षण कानून 2023 को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में झारखंड कांग्रेस के सभी बड़े नेता भाग लेंगे।



झारखंड में महिला कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'पोस्टकार्ड' लिखने का अभियान जारी है। अलग-अलग क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पोस्टकार्ड लिखा जा रहा है, जिसमें वर्ष 2023 में संसद से पारित महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग करने के साथ-साथ ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

वहीं, झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलखो ने कहा कि भाजपा नेता देश की जनता को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की वजह से महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पारित नहीं हुआ है, जो कि सफेद झूठ है। जबकि सच्चाई यह है कि वर्ष 2023 में ही सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून पास हो गया था।कांग्रेस उस समय भी यह मांग कर रही थी कि इसे शर्तो में बांटने के बजाय तत्काल महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। लेकिन तब भाजपा की मोदी सरकार ने यह शर्त लगा दी थी कि नई जनगणना और उसके परिसीमन होने के बाद महिला आरक्षण लागू होगा।

## हनीट्रैप के जाल में फंसाकर व्यवसायी से लाखों की ठगी, धनबाद में महिला गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** जिला के लोयाबाद थाना क्षेत्र में हनीट्रैप से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिस पर सोशल मीडिया के जरिए एक व्यवसायी को फंसाकर ठगी करने का आरोप है।




सरायढेला निवासी एक व्यवसायी की महिला से सोशल मीडिया पर पहचान हुई। 28 अप्रैल को महिला ने उसे मिलने के बहाने लोयाबाद स्थित अपने घर बुलाया। आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और एक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में उसका वीडियो बना लिया गया।

इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम की मांग की। डर के कारण पीड़ित से करीब 4 लाख रुपये वसूले गए, जबकि कुल 10 लाख रुपये की मांग की गई थी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित के बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर पैसे निकाले और उसके गहने भी ले लिए।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि इस गिरोह में कई युवक-युवतियां शामिल हैं, जो इसी तरह लोगों को निशाना बनाते हैं। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति समेत अन्य आरोपियों को भी नामजद किया है। झारखंड पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी सदस्यों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार महिला पहले भी इस तरह के मामलों में जेल जा चुकी है। पुलिस ने आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, खासकर सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने को कहा है।

वहीं मामले को लेकर लोयाबाद थाना प्रभारी टीकू प्रसाद ने कहा कि हनीट्रैप मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। महिला की पहचान कर ली गयी है। पुलिस इससे जुड़ी अन्य महिलाओं की तलाश कर रही है।

## झारखंड के अस्पतालों में डिजिटल क्रांति

### अब न कतार, न इंतजार, सीधे आपके मोबाइल पर पहुंचेगी लैब रिपोर्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी अस्पतालों में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब जांच रिपोर्ट के लिए मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर नहीं काटने होंगे। स्वास्थ्य विभाग ने जांच रिपोर्ट सीधे मरीजों के मोबाइल नंबर पर डिजिटल रूप में भेजने की तैयारी पूरी कर ली है।



अस्पताल में पर्ची कटाते (रजिस्ट्रेशन) वक्त मरीजों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर का उपयोग कर उनकी जांच रिपोर्ट डिजिटल माध्यम से भेजी जाएगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा' कार्ड के माध्यम से इन रिपोर्ट्स को डिजिटल लॉकर में सुरक्षित भी रखा जा सकेगा। यह व्यवस्था राज्य के सभी स्तरों पर, मेडिकल कॉलेज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक लागू की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेरील कंपनी द्वारा 'लैब इंफॉर्मेशन सिस्टम' का प्रेजेंटेशन दिया गया। इस सिस्टम को सी-डैक द्वारा संचालित हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम और ई-सुश्रुत प्रणाली के साथ लिंक किया जाएगा। गौरतलब है कि इस व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रांची के सदर अस्पताल में पहले ही शुरू किया जा चुका है, जो सफल रहा है। इस नई प्रणाली से मरीजों को कई सुविधाएं मिलेंगी। सबसे बड़ा फायदा लोगों के समय की बचत होगी। रिपोर्ट मोबाइल पर मिलने से लंबी लाइनों से मुक्ति मिलेगी और डॉक्टर समय पर इलाज शुरू कर सकेंगे। वहीं, रियल टाइम डेटा की भी जानकारी मिल सकेगी। विभाग यह जान सकेगा कि कितने मरीजों की किस प्रकार जांच हुई है। इसके अलावा वेस्टेज पर नियंत्रण हो सकेगा। क्योंकि इससे लैब में उपलब्ध रिएजेंट्स की अद्यतन स्थिति देखी जा सकेगी और खरीद प्रक्रिया सरल होगी।

मेरील कंपनी द्वारा यह सॉफ्टवेयर विभाग को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी द्वारा पहले से ही सीएचसी और पीएचसी स्तर पर ऑटो एनालाइजर मशीनों की आपूर्ति की जा चुकी है, जिन्हें इस सिस्टम से जोड़ा जाएगा। भविष्य में अन्य कंपनियों की मशीनों को भी इसी प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना है।

## केशव महतो कमलेश की डेडलाइन फेल, झारखंड पीसीसी गठन में लगातार देरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की नई पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस कमिटी) के गठन में लगातार देरी हो रही है। अप्रैल महीने के अंतिम दिन तक नई कमिटी घोषित करने की प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की घोषणा भी फेल हो गई। 30 अप्रैल 2026 तक नई प्रदेश कमिटी की घोषणा नहीं हो पाई।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ओबीसी विभाग के चेयरमैन दिल्ली गए थे। नई प्रदेश कमिटी के लिए संभावित पदाधिकारियों की सूची लेकर दिल्ली पहुंचे कमलेश ने कहा था कि अप्रैल के अंतिम दिन तक नई पीसीसी घोषित कर दी जाएगी। लेकिन अब यह डेडलाइन भी बीत गई और नई कमिटी अभी तक घोषित नहीं हुई है।




राकेश सिन्हा ने कहा, 'हम नीचे से पार्टी को ऊपर उठाने का काम कर रहे हैं और तमाम वर्गों की उसमें भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। जब हम नीचे से लेकर ऊपर तक की सांगठनिक कमिटी में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं तो इस कार्य में समय तो लगेगा ही।'

राकेश सिन्हा ने आगे बताया कि पार्टी का यह एक्सरसाइज लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि संगठन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य में टैलेंट हंट का आयोजन भी किया गया था, ताकि सभी समाज के योग्य लोगों को पार्टी में मौका मिल सके।

पीसीसी गठन में हो रही देरी पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने साफ शब्दों में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'हमने राज्य में कांग्रेस लीडरशिप का पाइपलाइन एससी, एसटी, ओबीसी और माइनोरिटीज वर्गों में ठीक से नहीं बना पाए।' के राजू ने स्वीकार किया कि अब जब पीसीसी गठित करने का काम चल रहा है तो लीडरशिप पाइपलाइन में इन वर्गों के बहुत कम नेता दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब कोशिश की जा रही है कि झारखंड कांग्रेस के लीडरशिप पाइपलाइन में अधिक से अधिक एससी, एसटी, ओबीसी और माइनोरिटीज के नेता शामिल हों, लेकिन यह एक दिन या एक साल में नहीं होगा। इसमें समय लगेगा।

प्रदेश प्रभारी के राजू ने देरी का कारण बताते हुए कहा कि राहुल गांधी के फॉर्मूले 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' को पूरा करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन राज्य बनने के बाद से अब तक इन वर्गों (एससी, एसटी, ओबीसी, माइनोरिटीज) में लीडरशिप को निखारने के लिए कोई खास प्रयास नहीं किए गए।

उन्होंने यह भी कहा कि जो प्रयास अब किए जा रहे हैं, उनका सकारात्मक प्रभाव संगठन में दिखेगा। पार्टी में प्रखंड, जिला या प्रदेश स्तर पर पदाधिकारी बनाते समय उनकी जवाबदेही भी तय की जा रही है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर को पदमुक्त कर 16 अगस्त 2024 को केशव महतो कमलेश को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद से अब तक नई प्रदेश कांग्रेस कमिटी गठित नहीं हो पाई है और पुरानी कमिटी से ही काम चलाया जा रहा है।

## जमीन कारोबार में आपराधिक गठजोड़ के खिलाफ पलामू पुलिस सख्त, जमीन कारोबारियों की संपत्ति होगी जब्त!

**पलामू, एजेंसी।** जमीन के कारोबार में आपराधिक गठजोड़ के खिलाफ पलामू पुलिस सख्त हो गई है। जमीन कारोबारियों की संपत्ति का आकलन किया जाएगा और उनके आय के स्त्रोत के बारे में जानकारी मांगी जाएगी। आय के स्त्रोत और संपत्ति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने पर संबंधित संपत्ति जब्त की जाएगी।

दरअसल, पलामू पुलिस ने जमीन कारोबारियों और आपराधिक गठजोड़ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना तैयार की है और जमीन कारोबारियों की सूची भी तैयार की गई है। सूची में कई नाम जोड़े जा रहे हैं। जमीन के वैसे कारोबारी जिन पर मुकदमे दर्ज हैं या उनकी गतिविधि अपराध से जुड़ी हुई है उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी जाएगी।

'पलामू पुलिस जमीन के कारोबार में आपराधिक गठजोड़ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने वाली है। उनकी संपत्ति का भी




आकलन किया जाएगा और जब्त की जाएगी। कानून में इसके लिए कई प्रावधान हैं। पुलिस ने चेतावनी भी जारी की है। पुलिस सूची भी तैयार कर रही है और उसी के तहत कार्रवाई भी करेगी। वैसे लोग जो जमीन के कारोबार में अपराधियों की मदद कर रहे हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जमीन के कारोबार को लेकर पलामू पुलिस को कई जानकारी मिली है। पुलिस को पता चला है कि जमीन के कारोबार में बड़े पैमाने पर अपराध से जुड़े हुए लोग शामिल हैं और उनके पैसों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद घर से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में एक बंद घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कौआकोल-पकरीबरावां पथ पर भारत गैस गोदाम के पास कौआकोल निवासी श्रवण कुमार अपने परिवार के साथ 24 अप्रैल को रिश्तेदारी में श्रीरामपुर, अकबरपुर गए हुए थे। शुक्रवार (1 मई) को जब वे वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर दो बक्सा का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार चोरों ने घर में रखे लगभग 20 ग्राम सोने का जेवर, 100 ग्राम चांदी के आभूषण, कपड़े, कंबल, साड़ियां तथा रसोई का सामान, पचास हजार नकदी समेत अन्य कीमती वस्तुएं चोरी कर लीं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद आवेदन थाना में दिया गया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### बैंक का मना स्थापना दिवस

**बिहारशरीफ।** बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बिहार शरीफ में स्थापना दिवस धूम धाम के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी विपुल सौरभ एवं मुख्य प्रबन्धक राजेश भारती के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक स्टाफ सदस्य एवं सेवानिवृत सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट- अनिल कुमार अकेला, सेक्रेटरी- जवाहर लाल गांधी, संजोग कुमार एवं सदस्य डा॰ बिपिन कुमार के स्वागत में पौधा भेंट किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी विपुल सौरभ की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शशि शेखर द्वारा किया गया। रंजीत कुमार सिन्हा ने अपनी म्यूजिकल गायन द्वारा कार्यक्रम में रौनक भर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के महिला सदस्य शिवांगी सिन्हा ने भी गायन में भाग लिया। सीरिश कुमार द्वारा सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम का व्यवस्थापक टीम सुधीर कुमार सिन्हा, विनय कुमार, अंश राज को धन्यवाद दिया गया साथ हीं साथ सूर्यमणि प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, अश्विनी कुमार सिन्हा, वीरेंद्र पासवान, महेश कुमार सिन्हा, मानेन्द्र कुमार, रतन कुमार, नेहा कुमारी एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालय के उपस्थित स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद के साथ कार्यक्रम की समाप्ती की गई।

### हाउस होल्ड सर्वे आरंभ

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार से जनगणना का प्रथम चरण हाउस होल्ड सर्वे के साथ शुरू हो गया। इस संबंध में बीडीओ सह जनगणना चार्ज अधिकारी डॉ॰ अखिलेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 42 पर्यवेक्षक एवं 263 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं कार्यों की सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए सहायक चार्ज अधिकारी के रूप में एमओ को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में कौआकोल प्रखण्ड के सभी 265 गणना ब्लॉक में संबंधित प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों से संबंधित आधारभूत जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने हेतु सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में प्रगणकों को सहयोग करें।

### स्पष्टीकरण समिति का गठन

**नवादा।** जिले में शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार, स्थानांतरण से जुड़े मामलों की समीक्षा एवं स्पष्टीकरण के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिया गया है कि वह निर्धारित तिथि के भीतर सभी मामलों की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे पत्र में उल्लेख है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार 19.03.2026 को गठित स्थानांतरण समिति के माध्यम से शिक्षकों के आवेदन एवं दावों की जांच की जा रही है। समिति संबंधित शिक्षकों से आवश्यक अभिलेख एवं प्रमाण पत्र मांगकर उनकी जांच करेगी। इस पहल से जहां एक ओर योग्य शिक्षकों को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर अनियमितताओं पर रोक लगाने में भी मदद मिलेगी। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को जिले में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ईओ की हत्या के विरोध में शोक सभा, गिरफ्तारी की मांग




**हिसुआ।** भागलपुर के सुल्तानगंज में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण की हत्या के विरोध में हिसुआ नगर परिषद परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा में मुख्य पार्षद पूजा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृष्ण भूषण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने इस घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटना न केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि समाज में भय का माहौल भी उत्पन्न करती है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने कहा कि दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वहीं ईओ आतिश रंजन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। शोक सभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर न्याय की मांग की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट 2026 परीक्षा रविवार को अप० 02:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक (एकल पाली) नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। जिला दंडाधिकारी, नवादा के संयुक्त आदेश के आलोक में अमित अनुराग, अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल में सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में रविवार को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

### अभिभावक व शिक्षकों की बैठक

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार अभिभावक व शिक्षकों की बैठक हुई। उच्च माध्यमिक विद्यालय बरियो में विद्यालय प्राचार्य अंकिता प्रिया और मध्य विद्यालय बरियो में प्रधानाध्यापक सीमा कुमारी की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावकों की बैठक हुई। इस मौके पर बीडीओ सोनिया दनदननिया ,बीईओ दीपक सक्सेना, हेल्थ मैनेजर इरशाद अहमद व अन्य स्वास्थ्य कर्मी के देखरेख में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को ह्यूमन पिपलोमा वायरस का वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लेने के लिए जागरूक किया। उसके साथ छात्राओं को ह्यूमन पिपलोमा वायरस का वैक्सीन लगाया। स्वास्थ्य प्रबंधक ने कहा यह वैक्सीन सुरक्षित है। पहला डोज छह माह पहले दिया गया है,अब दूसरा डोज दिया गया है।

# सीएम ने परनावां मेले का किया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने की बाबा महतो के आदर्शों को समाज में अपनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को नालंदा जिले के परनावा गांव में एक भव्य और ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री शरण निवास बाबा महतो साहब की जन्मस्थली पर आयोजित राजकीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

मुख्यमंत्री ने बाबा महतो की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों को समाज में अपनाने की अपील की। उन्होंने भाईचारे, सदाचार और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने लगभग 14 मिनट के संबोधन में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और भविष्य के विकास विजन को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है और नीतीश कुमार तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल स्कूल और कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इन संस्थानों में शिक्षा का स्तर इतना उत्कृष्ट होगा कि बड़े अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अपने बच्चों का दाखिला कराने के इच्छुक होंगे।

महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक



बेटियां सुरक्षित घर नहीं पहुंच जातीं, तब तक सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

जन समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने 19 मई से हर पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की घोषणा की, ताकि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा हो सके और उन्हें दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

बाबा महतो धाम के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन के लिए भूमि की कमी को दूर करने हेतु सरकार भूमि अधिग्रहण करेगी तथा मुख्य सड़क से मंदिर तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नई सड़क बनाई जाएगी। साथ ही स्थानीय आईटीआई और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम बाबा महतो साहब के नाम पर रखने की घोषणा भी की।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 2025 से 2030 के बीच एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। निवेश के क्षेत्र में उन्होंने 20 नवंबर तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने की बात कही, जिससे उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

अपने पूरे संबोधन में मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास और सुशासन पर फोकस रखा।

कुल मिलाकर, परनावा गांव में आयोजित यह कार्यक्रम सिर्फ एक मेले का शुभारंभ नहीं, बल्कि विकास, सामाजिक समरसता और भविष्य के विजन का मजबूत संदेश बनकर उभरा। मुख्यमंत्री की घोषणाओं से क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि आने वाले समय में नालंदा समेत पूरा बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# नीट परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन को ले बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान द्वारा केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग दी गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा 3 मई को अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों—सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, नवादा; कन्हाई इंटर स्कूल, नवादा; प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, नवादा; कन्हाई लाल साहु कॉलेज, नवादा एवं बुमेन आईटीआई, नवादा—पर आयोजित की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार अपराह्न 01:30 बजे बंद कर दिया जाएगा तथा परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे प्रारंभ होगी। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित समय के बाद किसी भी




परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक केन्द्र पर पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड की स्वच्छ प्रति, दो पोस्टकार्ड साइज एवं पासपोर्ट साइज का फोटो, एक वैध फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट/राशन कार्ड/विद्यार्थी पहचान पत्र) एवं पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, आभूषण, धातु सामग्री, इरेजर, व्हाइटनर एवं ब्लेड आदि प्रतिबंधित रहेंगे।

परीक्षा के सफल संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगी। साथ ही अग्निशमन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन, नवादा को चिकित्सकों एवं जीवन रक्षक दवाओं सहित एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, नवादा को सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, नवादा को परीक्षा के दिन शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (नवादा सदर),गोपनीय शाखा प्रभारी, डीएसपी मुख्यालय, स्थापना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी उपस्थित थे।

# सैकड़ों अधिवक्ताओं ने ली जदयू की सदस्यता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा भव्य सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष नवादा राज किशोर प्रसाद दांगी के आगमन पर अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग 500 विद्वान अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिनमें से सैकड़ों अधिवक्ताओं ने जदयू विधि प्रकोष्ठ की सदस्यता ग्रहण की। इस सदस्यता अभियान में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ आदित्य राज्य मेधावी अधिवक्ता, पूर्व प्रदेश महासचिव अधिवक्ता तबस्सुम मेहर, पूर्व प्रदेश सचिव अधिवक्ता कमलेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अधिवक्ता सहित कई वरिष्ठ विधिज्ञ शामिल हुए। साथ ही कृष्णकांत चौधरी, अब्दुल जब्बार, सुधीर कुमार, शमीम अहमद परवेज, वाल्मीकि प्रसाद, सरवन कुमार, अजीत सिन्हा, अवलोक सिंह और रीना कुमारी समेत सैकड़ों अधिवक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जदयू जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी ने कहा कि यह सदस्यता अभियान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी विचारों, सामाजिक न्याय और जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा जदयू विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से पार्टी की नीतियों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम ने नवादा में जदयू संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की।

# संतोष कुमार वर्मा को मिला महात्मा बुद्ध गौरव सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सभागार में आयोजित बुद्ध अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 2026 में जिले के इंटर विद्यालय आती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को महात्मा बुद्ध गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।कार्यक्रम का आयोजन पार्श्व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास द्वारा किया गया, जिसमें बिहार भर से कई दर्जन प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। संतोष कुमार वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मार्गदर्शन देने, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग के लिए सम्मान




पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

इस भव्य समारोह में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुबोध सिंह शौर्य प्रियदर्शी, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पिंटू कुमार, स्वाति वर्मा, श्वेता कुमारी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। संतोष कुमार वर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर इंटर विद्यालय आती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शिव कुमार, प्रबोध कुमार पांडेय, रोह के शिक्षक मनोज कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट एंड गाइड संतु कुमार, राजीव कुमार, अरविंद कुमार, गुड्डी कुमारी सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ा है।

### प्राथमिकी दर्ज

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र में देर रात सड़क पर तेज आवाज में डीजे बजाकर अश्लील गानों पर नाच-गाने और यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। नगर थाना में पदस्थापित पुअनि सानु कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

घटना 1 मई 2026 की रात लगभग 11 बजे की है, जब पुलिस टीम छापेमारी के दौरान सर्किट हाउस के पास पहुंची। वहां पिकअप गाड़ी पर साउंड सिस्टम के साथ बड़ी संख्या में बाराती अश्लील गानों पर डांस कर रहे थे। तेज ध्वनि और सड़क जाम से स्थानीय लोग भी परेशान थे।

पुलिस ने मौके पर डीजे सेट, साउंड बॉक्स, ट्रॉली, लाइट और वाहन को जब्त कर लिया। जब्त सामान में पांच बड़े बॉक्स, दो छोटे बॉक्स, चार मूविंग लाइट सहित अन्य उपकरण शामिल हैं।

इस मामले में डीजे संचालक, वाहन मालिक और अज्ञात बारात मालिक के खिलाफ नगर थाना कांड संख्या 441/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 289/223 तथा बिहार लाउडस्पीकर नियंत्रण अधिनियम 1955 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# भामाशाह जयंती पर उमड़ा साहू समाज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** शूरवीर एवं दानवीर राष्ट्रभक्त भामाशाह की जयंती के अवसर पर नवादा के साहू सदन मैदान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें साहू समाज के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरा परिसर भामाशाह के जयकारों से गूंज उठा और समाज के लोगों में विशेष उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक लाल बाबू गुप्ता, नवादा की उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, पटना महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भामाशाह के जीवन, उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज को आज भी रणनीतिक भागीदारी में आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भामाशाह जैसे महान पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। वहीं विधायक लाल बाबू गुप्ता ने भी समाज के उत्थान और एकजुटता पर जोर देते हुए कई महत्वपूर्ण बातें रखीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग में चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत तृप्ति गुप्ता द्वारा उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता ने कहा कि भामाशाह शौर्य, स्वाभिमान, पराक्रम और देशभक्ति के प्रतीक हैं तथा उनका जीवन समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने आह्वान किया कि साहू समाज उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में योगदान दे।

स्वागत अध्यक्ष अंबिका प्रसाद ने जिले से आए जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संरक्षक विष्णुदेव प्रसाद एवं वजीर प्रसाद ने कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। संयोजक आर.पी. साहू ने भी अपने विचार रखते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।

इस आयोजन में नवादा जिला तैलीक साहू सभा के बैनर तले जिले भर से आए जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, माताएं, बहनें और बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

### मजदूर दिवस पर जसुपा ने निकाली प्रभात फेरी

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के दौरान कार्यकर्ता नवादा केंदुआ बाईपास से जल मंदिर तक गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के सम्मान, उनके अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। वहीं श्रमिकों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रभात फेरी का नेतृत्व जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने किया। उनके नेतृत्व में निकली इस प्रभात फेरी में पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मजदूरों के अधिकारों के समर्थन में संदेश दिया।

मौके पर पर जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, कोषाध्यक्ष ललन शर्मा, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश सिंह, महामंत्री सरयुग कुशवाहा, युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, महिला प्रवक्ता सरस्वती देवी, गोविंदपुर की पूर्व प्रत्याशी पूनम कुमारी सहित सक्रिय पदाधिकारी नसीम अहमद, शिवम कुमार, कन्हैया कुमार एवं रजनीश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहल

# वैश्विक शांति और सहयोग को विकसित करने हेतु बौद्ध विरासत का महत्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय ने न्यूयॉर्क में उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय संवादों में भागीदारी के माध्यम से अपनी बढ़ती वैश्विक संलग्नता को चिह्नित किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस कार्यक्रम के साथ-साथ नेपाल में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता रही। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस समारोह में वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने हेतु बौद्ध विरासत का उपयोग विषय पर मुख्य भाषण दिया।अपने भाषण में प्रोफेसर चतुर्वेदी ने बौद्ध दर्शन की समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में स्थायी प्रासंगिकता पर बल दिया, जिसमें परस्पर निर्भरता, सामूहिक कल्याण तथा नैतिक विकास को वैश्विक शासन की आधारशिला के रूप में रेखांकित किया। विश्व की प्रथम आवासीय अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय नालंदा की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसके पुनरुद्धार को संस्कृतियों एवं राष्ट्रों के मध्य संवाद को प्रोत्साहित करने वाले जीवंत सभ्यतागत पुल के रूप में चित्रित




किया।

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में समर्पित सांस्कृतिक लक्ष्य की अनुपस्थिति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृति वैश्विक विकास एजेंडे का अभावग्रस्त आधार बनी हुई है। 2030 के बाद के विकास रूप-रेखा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने संस्कृति एवं नैतिकता को सतत एवं समावेशी वैश्विक प्रगति के संरचनात्मक स्तंभों के रूप में एकीकृत करने का आह्वान किया।

प्रतीत्यसमुत्पाद, सम्यक आजीविका तथा जगत हित जैसे प्रमुख बौद्ध संकल्पनों को रेखांकित करते हुए प्रोफेसर चतुर्वेदी ने एक ऐसा फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया जिसमें शांति मात्र संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं, अपितु नैतिक चेतना एवं साझा उत्तरदायित्व का परिणाम है। उन्होंने आगे जोर दिया कि बौद्ध विरासत - चाहे कलात्मक हो या दार्शनिक - बहुपक्षीय सहयोग एवं सांस्कृतिक समझ को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण वैश्विक साझा संपदा का रूप है।

वेसाक समारोह के दौरान पर नालंदा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की उप-स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत योजना पटेल से भी भेंट की तथ इस महत्वपूर्ण संवाद को सुगम बनाने में उनके सहयोग की सराहना की।

इस आयोजन में भूटान, कंबोडिया, जापान, लाओस, मंगोलिया, नेपाल, कोरिय, श्रीलंका तथा वियतनाम के स्थायी मिशन सहित अनेक सदस्य राष्ट्रों की सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदारी रही।इसके पश्चात, न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने नालंदा विश्वविद्यालय के सहयोग से बौद्ध धर्म पर एक विशिष्ट राउंडटेबल का आयोजन किया, जिसमें अमेरिका के कई प्रमुख स्कॉलर एवं शैक्षणिकजनों ने भी भाग लिया। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी के नेतृत्व में नालंदा प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक पहलों तथा साझा सभ्यतागत ज्ञान परंपराओं पर आधारित अर्थपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सहयोगों को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। सभी शामिल विद्वानों ने नालंदा के वैश्विक अधिगम केंद्र के रूप में पुनरुत्थान के प्रयासों की सराहना की तथा शैक्षणिक साझेदारियों को और सशक्त बनाने पर समृद्ध चर्चा में भाग लिया। नालंदा विश्वविद्यालय ने इस आयोजन के सफलता के लिए, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत विनय एस. प्रधान के सहयोग हेतु उनका आभार प्रकट किया।

इसी सन्दर्भ में, नेपाल में एक आयोजन में नालंदा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रांशु समदर्शी को काठमांडू में भारत दूतावास द्वारा लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित शैक्षणिक सेमिनार को संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया।बुद्ध की जन्मस्थली पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भारत एवं नेपाल के मध्य गहन सभ्यतागत अंतर्संबंधों तथा परस्पर निर्भरता को समझने के साधन के रूप में बौद्ध दार्शनिक रूप-रेखा पर बल दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि बौद्ध धर्म की साझा विरासत समरसता, सहयोग तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने का गहन आधार प्रदान करती है, जो दोनों देशों के मध्य संलग्नता को और सशक्त बनाते हुए सहयोगी विकास को उन्नत कर सकती है।

# बिहार में स्व-गणना अभियान सफलतापूर्वक संपन्न, आज से मकान सूचीकरण प्रारंभ

## जनगणना के संबंध में प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य में चल रहे जनगणना के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन आज जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता में रंजिता, निदेशक, जनगणना कार्य, बिहार ने प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना की प्रगति और आगे की तैयारी की जानकारी दी।

निदेशक ने बिहारवासियों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व-गणना में जनता का सहयोग राज्य को राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि तक बिहारवासियों ने लगभग 47 लाख (46,82,284) स्व-गणना पूरी की है। निदेशक ने अवगत कराया कि आज से सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में जाकर CMMS पोर्टल पर बनाई गई डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसे पर्यवेक्षक के माध्यम से चार्ज अधिकारी द्वारा ठीक किया जाएगा। तत्पश्चात सभी मकानों को क्रमांक दिया जाएगा और उसके बाद प्रत्येक मकान की गिनती, परिसंपत्तियों तथा सुविधाओं से संबंधित जानकारी एचएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। जिन परिवारों ने पहले ही स्व-गणना की है, उनके आईडी लेकर सत्यापन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी जिलों में निदेशालय के अधिकारियों को भेजा गया है जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्य की निगरानी और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर निरीक्षण की व्यवस्था भी की गई है। निदेशक ने सभी राज्यवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा सही-सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी व्यक्तिगत सूचनाएँ जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं तथा उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है। यह स्पष्ट किया गया कि जनगणनाकर्मी किसी भी परिस्थिति में बैंक विवरण, आधार की जानकारी अथवा किसी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करते हैं। किसी भी शंका, शिकायत अथवा जानकारी के लिए जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में लौकिक पारख, उप-निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, पटना एवं संजीव कुमार साव, उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय भी उपस्थित रहें।

## स्वगणना कार्य में दरभंगा को उत्कृष्ट स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य को लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जनगणना 2027 का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) आज 02 मई 2026 से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक होगी। यह भारत की 16वीं एवं स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना हैं। भारत की जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में निष्पादित की जा रही है तथा पहली बार आम लोगों को स्वगणना का विकल्प मोबाईल एप के द्वारा प्रदान किया गया। स्वगणना कार्य में दरभंगा जिला को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि जिलाधिकारी के सफल मार्गदर्शन में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से सफल हुए। प्राप्त आंकड़ों के तहत दरभंगा जिले को तीसरा, मधुबनी प्रथम और वैशाली दुसरा स्थान प्राप्त हुए है। 1 मई 2026 तक स्वगणना के अवसर पर नागरिक घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से कार्य पूर्ण किये जिसकी कुल संख्या 04 लाख 95 हजार 285 लोगों ने स्व गणना का कार्य संपन्न किये । स्वगणना कार्य में दरभंगा प्रमंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बताया गया कि आम लोगों के द्वारा स्व गणना कार्य में विशेष अभिरूचि प्रदर्शित की गई जिसके चलते स्वगणना के मामलें में दरभंगा जिला राज्य में तृतीय स्थान पर रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के लिए दरभंगा जिला में कुल 29 चार्ज बनाया गया है,जिसमें 18 ग्रामीण एवं 11 नगरीय चार्ज शामिल है। जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए जिला स्तर पर 04 मास्टर ट्रेनर एवं चार्ज स्तर पर कुल 148 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किये गये है। इनके द्वारा सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को विशेष रूप से प्रशिक्षित किये गए है। भारत की जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण हेतु परिवार के मुखिया से प्रगणक द्वारा कुल 34 प्रश्न पूछें जायेंगें और इसी आधार पर मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण किये जायेंगे। जनगणना का मुख्य उद्देश्य शुद्ध एवं विश्वसनीय आँकड़ों का संग्रहण करना है, जिससे जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जा सके। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उदय शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## श्रम दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में श्रम दिवस के अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा तीन तक के बच्चों द्वारा एक विशेष फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने समाज के सहायक वर्ग की वेशभूषा धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे सैनिक, पुलिसमैन, किसान, नर्स, डॉक्टर, मजदूर, पेंटवाला, दर्जी, सब्जी विक्रेता आदि के रूप में सजे हुए नजर आए। सभी प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न भूमिकाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें ध्रुवी दर्जी बनीं, सूर्यांश शिक्षक बने, माधव एवं अभि राज दीप पुलिसमैन के रूप में, निवान आर्मी मैन, कैरव पटेल दूधवाला, कृतांशु मंडल सब्जी विक्रेता, अनन्या दर्जी, इवान बढ़ई, रामेंद्र किसान, खुशी मजदूर, वैभवी डॉक्टर, नैन्सी नर्स, अनिका शेफ तथा मिहीर वैक्यूम क्लीनर के रूप में प्रस्तुत हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समाज में कार्य करने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रति आदर और सम्मान की भावना विकसित करना था। साथ ही, समाज के सहायक वर्ग के योगदान और उनके महत्व को समझाना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। विद्यालय के डायरेक्टर लायन राजीव भार्गव एवं लायन शिवानी भार्गव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और हर वर्ग के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं।

## सोनालीका ने अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री की

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ एक मज़बूत और रणनीतिक शुरुआत की है और उद्योग में सबसे अधिक मार्किट शेयर में बढ़ोतरी हासिल की है। कंपनी ने ज़बरदस्त 35.6 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग की 27 प्रतिशत वृद्धि दर को भी पीछे किया है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ऐतिहासिक 30वें वर्ष में अप्रैल की हमारी अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्शाती है कि किसान तेज़ी से तकनीक-आधारित खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

## एक करोड़ दीदियों ने बदल दी बिहार की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज को निरंतर जागरूक करने वाली जीविका दीदियां अब पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिक निभा रही हैं। यह दीदियां हरित जीविका, हरित बिहार कार्यक्रम चला रही हैं, जिसके तहत पिछले छह वर्षों में एक करोड़ दीदियों के हाथों चार करोड़ से भी अधिक पौधरोपण राज्य भर में किया जा चुका है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिहार सक्रिय जीविका दीदियां पर्यावरण से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान का एक हिस्सा बन चुकी हैं। हरित क्षेत्र बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों की सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में जीविका दीदियों ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत वर्ष 2019 से 2024-25 तक राज्यभर में इन दीदियों के हाथों 987 नर्सरी विकसित किए जा चुके हैं। इनमें 677 दीदी के पौधशाला भी शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों की माने, तो जीविका के हाथों लगाए गए पौधों में 1.04 करोड़ से भी अधिक पौधे चार फीट से लंबे हैं। दीदी की नर्सरी एक अनूठा उद्यम मॉडल बनकर उभरा है, जो कम लागत में पौधरोपण को तेजी से बढ़ावा दे रहा है। साथ ही नर्सरी संचालक महिलाओं के लिए स्थिर और सतत आय का स्रोत तैयार हुआ है। जीविका दीदियों के हाथों संचालित नर्सरियां सामुदायिक उद्यम के रूप में कार्य रही हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आर्थिक विकास की नई राह बनी है। नर्सरी के लिए दीदियों का चयन संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से होता है। इसमें उन्हीं दीदियों का चयन किया जाता है जो स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हों और उनके द्वारा समूह के नियमों का ठीक ढंग से पालन करने के साथ-साथ ऋण वापसी के मामले में उनकी साख अच्छी है। इन दीदियों को टिम्बर पौधों यानी इमारती लकड़ियों के लिए तैयार होने वाले पौधे तैयार करने के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस, देसारी, वैशाली में फलदार वृक्ष के संरक्षण एवं देखभाल के बारे में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है।

## मुख्य सचिव ने पीरपैंती अडाणी पावर प्लांट का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

भागलपुर। बिहार को विधुत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। शनिवार को राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जिले के पीरपैंती में निर्माणाधीन 2400 मेगावाट वाले अदाणी पावर प्लांट परियोजना का दौरा किया। इस हाई-प्रोफाइल दौरे का मुख्य उद्देश्य धरातल पर चल रहे कार्यों की वास्तविक प्रगति को परखना एवं परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना था। मुख्य सचिव ने परियोजना स्थल पर पहुँचकर सबसे पहले निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अडानी पावर के प्रबंधन टीम एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित डेडलाइन के भीतर हर हाल में पूरे होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी स्तर पर किसी भी प्रकार की एनओसी या तकनीकी सहयोग में देरी न हो। वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावित चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा कर तत्काल समाधान के रास्ते तलाशे जाएं।

**बिहार की ऊर्जा क्रांति का 'पावर हब' बनेगा पीरपैंती**

इस दौरे के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्लांट केवल एक बिजली घर नहीं, बल्कि बिहार के विकास का नया इंजन साबित होगा। इधर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि बिहार सरकार राज्य में बिजली की कमी को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। पीरपैंती पावर प्लांट का समय पर पूरा होना राज्य की ऊर्ज़ा सुरक्षा और औद्योगिक क्रांति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इसके पहले मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पावर प्लांट परिसर में सिंदूर के पौधों का पौधारोपण भी किया। इस

दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, अदाणी पावर के सीईओं नरेश गोयल, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार, एमडी कपिल अशोक शिरसाट, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, पीरपैंती पावर प्लांट के हेड राजीव गोयल, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णचंद गुप्ता समेत कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : सचिव

### डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने समाज कल्याण विभाग के सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए विभाग की सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने विभाग के अपर सचिव योगेश कुमार सागर समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और उनके प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सचिव ने आगे कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचना चाहिए। इस दौरान विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' हेतु जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' विषय पर एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम जनमानस को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं तंबाकू-मुक्त जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों ने पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, छात्रों ने संस्थान को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. अरुण कुमार (आईक्यूएसी सलाहकार) एवं डॉ. मौशमी गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता एवं सामाजिक चेतना की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल विजय ने किया। इस अवसर पर डॉ. रवि कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. नंदनी नारायण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। साथ ही, सचिन राज एवं लेफ्टिनेंट राहुल कुमार (एएनओ, एनसीसी) की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर लक्ष्मी मार्केट, डी.वी.सी. चौक, काली बाड़ी एवं यारपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से ह्लतंबाकू को कहें ना, जीवन को कहें हांङ्क का सशक्त संदेश प्रसारित किया गया। पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः अलीशा कुमारी द्वितीय स्थानः अंजनी कुमारी एवं खुशी कुमारी तृतीय स्थान राखी कुमारी की रही।

## फ्लिपकार्ट, एक्सिस बैंक और पेयू ने कार्ड भुगतान के लिए पेश किया बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और भारत के अग्रणी विविध फिनटेक प्लेटफॉर्म पेयू के साथ मिलकर कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के लिए तीन भरोसेमंद संगठन एक साथ आए हैं, जो उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण की अपनी साझा विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत के उपभोक्ताओं के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। यह पहल उपयोगकर्ताओं को सहायक एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर अपने फिंगरप्रिंट या फ़ेस आईडी का उपयोग करके लेनदेन को प्रमाणित करने की अनुमति देती है, जिससे वन-टाइम पासवर्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इस लॉन्च के साथ, फ्लिपकार्ट कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की पेशकश करने वाले भारत के अग्रणी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मस में से एक बन गया है। इस लॉन्च पर फ्लिपकार्ट में पेमेंट्स एवं सुपरकॉइन्स के वाइस प्रेसिडेंट गौरव अरोड़ा ने कहा कि आज के समय में जब ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके बढ़ रहे हैं, तब बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लाकर हमने ग्राहकों के पेमेंट को और भी सुरक्षित बना दिया है। हमारा लक्ष्य यही है कि जैसे-जैसे ऑनलाइन शॉपिंग बढ़े, हम नियामकीय मानकों और इकोसिस्टम-व्यापी विश्वास को मजबूत करते हुए पेमेंट को और ज़्यादा तेज़ और सुरक्षित बनाते रहें।

## लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1993 में की गई थी। यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा में




मील का पत्थर माने जाने वाले ''विंडहोक घोषणापत्र'' की वर्षगांठ का प्रतीक है। इसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है। यह दिवस मीडिया पेशेवरों के बीच प्रेस की स्वतंत्रता, प्रतिबद्धता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2026 की थीम, शांतिपूर्ण भविष्य को आकार देना है, जो मीडिया पर कृत्रिम मेधा के प्रभाव से जुड़ी चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका पर केंद्रित है।

## 25 नई चीनी मिलों का प्लान, आपके जिले में भी लग सकती है मिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नई चीनी मिल स्थापित करने को लेकर गन्ना उद्योग विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दिया गया है। चीनी मिल के लिए भूमि चिन्हित कर अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराने वाले जिलाधिकारियों के पास पत्र भेज कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया है। विभाग के अनुसार राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के तहत राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू कराने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों को स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बताया जाता है कि राज्य सरकार ने नई चीनी मिलों को स्थापित करने के लिए प्रत्येक चीनी मिल के लिए 100 एकड़ भूमि चिन्हित करने का आदेश दिया है। कुछ जिलों में चीनी मिल के लिए भूमि चयन कर लिया गया है। कुछ जिलों ने प्रस्ताव भी गन्ना उद्योग विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अलावा जिन जिलों से अभी तक प्रस्ताव नहीं आया है वहां विभाग ने पत्र भेजकर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### चर्चित आयुर्वेद चिकित्सक 'राष्ट्रीय रत्न सम्मान' से सम्मानित

**पटना।** स्थानीय आर्यकुमार रोड मछुआ टोली स्थित कायाकल्प क्लीनिक के वरिष्ठ आयुर्वेद डॉक्टर मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को 'राष्ट्रीय रत्न सम्मान' नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और सांसद पदमश्री प्राप्त कंगना राणावत जी के हाथों सम्मानित किया गया। प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को बचपन से ही देश और समाज के सेवा में रुचि थी। ये समाज के लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान किया करते रहे हैं। अपने चिकित्सा सेवा से हर रोग को निवारण मरीजों का किया करते हैं। ज्ञातव्य है कि यह वैसे मरीजों को समुचित इलाज करते हैं जो गरीब तबके के लोग होते हैं। यह पहले भी बॉलीवुड सुपरस्टार अरबाज खान, जीनत अमान, रवीना टंडन, जूही चावला, जैकी श्रॉफ सहित कई राष्ट्रीय /अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार ले चुके हैं। डॉ मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को बचपन से ही एक सपना था रोग मुक्त बिहार बनाना। बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी संत, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, मगही गायक अरुण कुमार गौतम, नृत्यांगना शबनम परवीन यदि ने बधाई दी।

## नीट अभ्यर्थी छात्रा कांड : दो महीने के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के एक हॉस्टल में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में विशेष अदालत ने आज सीबीआई को दो महीने के अंदर इस मामले का अनुसंधान पूरा करने का प्रयास करने तथा तीन दिनों के अंदर मृतका की माता का बयान सक्षम दंडाधिकारी के समक्ष दर्ज करवाने का आदेश दिया। इसके अलावा अदालत ने मृतका के परिजनों को ढाई लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा दिए जाने का भी आदेश दिया। बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम पौक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन रमन की अदालत ने मामले के सूचक एवं मृतका के परिजनों की ओर से दाखिल किए गए आवेदनों तथा सीबीआई की ओर से दाखिल किए गए प्रगति प्रतिवेदन पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया है। अदालत ने अनुसंधान की शैली और रफ्तार पर भी नाराजगी प्रकट की है। अदालत ने प्रत्येक 14 दिन पर शपथ युक्त प्रगति प्रतिवेदन दाखिल करने का आदेश सीबीआई को दिया है। अदालत ने मृतका के परिजनों को ढाई लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा दिए जाने का आदेश पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। अदालत ने मामले में 15 मई 2026 की अगली तिथि निश्चित की है। गौरतलब है कि 09 जनवरी 2026 को चित्रगुप्त नगर थाना की पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयान पर इस मामले की मूल प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप के अनुसार पीड़िता अपने हास्टल में बेहोश पायी गयी थी। पीड़िता के पिता ने अपनी पुत्री के शरीर पर चोट के निशान पाये जाने की बात कही थी। साथ ही, उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किये जाने का भी शक जाहिर किया था। बाद में इलाज के दौरान पीड़िता की मृत्यु अस्पताल में हो गई थी। मृतिका को नाबालिग पाए जाने के बाद मामले का मूल अभिलेख पौक्सो एक्ट की विशेष अदालत को सौंप दिया गया था। बिहार सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की सिफारिश की थी जिसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई आरसी 07/2026 के रूप में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में सत्र 2026-28 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2026-28 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 तय की गई है, जिसके बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों जैसे स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, स्कूल ऑफ भौगोलिक अध्ययन, स्कूल ऑफ नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज, पाटलिपुत्रा स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, स्कूल ऑफ एस्ट्रोनॉमी, स्कूल ऑफ स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ फिलॉसफी एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट टीचिंग में कई स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

# संपादकीय

## पर्यटन केंद्रों पर हो रहे हादसों के पीछे बदइंतजामी और सिर्फ लापरवाही ?

पर्यटन केंद्रों में सुरक्षा उपायों की कमी और बदइंतजामी का खुलासा जबलपुर के बरगी बांध क्रूज हादसे ने किया है।बिना सुरक्षा साधनों के पर्यटन केंद्र चल रहे हैं। बदइंतजामी यह है कि पर्यटन गतिविधि के दौरान अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो रेस्क्यू करने का भी कोई इंतजाम नहीं है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के दौरान कई दुखद हादसे हुए हैं, जिनमें हाल ही में 30 अप्रैल को जबलपुर के बरगी बांध में हुआ क्रूज हादसा सबसे प्रमुख है। 30 अप्रैल की शाम को हुआ क्रूज हादसा प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा नियमों की अनदेखी का एक गंभीर उदाहरण बनकर सामने आया है। इन घटनाओं में मुख्य रूप से अचानक आए मौसम परिवर्तन, लापरवाही और सुरक्षा मानकों की कमी जैसे कारण सामने आए हैं। इस हादसे में अब तक कई लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है। जीवित बचे पर्यटकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया है कि क्रूज स्टाफ ने यात्रियों को लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराए थे। कुछ यात्रियों ने स्वयं ही जैकेट ढूंढकर पहने, जबकि अधिकांश के पास यह सुरक्षा कवच नहीं था।मौसम की चेतावनी की भी अनदेखी की गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने क्षेत्र में 40-50 किमी/ घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का 'येलो अलर्ट' जारी किया था। इसके बावजूद, पर्यटन विभाग के इस क्रूज को पानी में उतरने की अनुमति कैसे दे गई। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 2023 में पेयजल स्रोतों और नर्मदा से जुड़े बांधों में डीजल चालित मोटर नौकाओं के संचालन पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद, बरगी बांध में पर्यावरणीय कानूनों का उल्लंघन कर इस मोटराइज्ड क्रूज का संचालन किया जा रहा था। घटना स्थल पर रेस्क्यू के कोई इंतजाम नहीं थे। अन्य पर्यटन केंद्रों में भी यही स्थिति है।जबलपुर क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जबलपुर के भेड़ाघाट में पर्यटकों की नाव अनियंत्रित होकर पलटने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इन हादसों के बाद प्रशासन अक्सर प्रदेशभर में सुरक्षा आडिट और लाइफ जैकेट की अनिवार्यता के निर्देश जारी करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में कमी इन त्रासदियों का मुख्य कारण बनती जा रही है। वाटरफाल से जुड़े हादसों में प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने गए पर्यटकों के साथ कई बार नदी के अचानक जलस्तर बढ़ने या सेल्फी लेने के दौरान हादसे हुए हैं। प्रदेश में ऐसा कई हादसे हुए हैं। जिसमें ताजा जबलपुर क्रूज हादसा 30 अप्रैल 2026। पातालपानी हादसा 2011 पातालपानी वाटरफाल में पिकनिक मना रहे एक ही परिवार के पांच लोग अचानक आए फ्लैश फ्लड (तेज बहाव) में बह गए थे। सुलतानगढ़ वाटरफाल 2018- स्वतंत्रता दिवस के दिन अचानक पानी बढ़ने से नौ लोग बह गए थे। बृहस्पति कुंड 2025-पन्ना वाटरफाल में नहाते समय तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई थी। हाथीनाला-बिल्धा वाटरफाल 2025-जबलपुर के तीन छात्रों की डूबने से जान गई। जोगी भड़क वाटरफाल 2025-धार जिले में एक 22 वर्षीय छात्रा ट्रेकिंग के दौरान 600 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। ऐसा हादसों के बाद भी प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं।

# लोक के प्रति कब जवाबदेह बनेगी नौकरशाही

**सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे।**

(उमेश चतुर्वेदी)

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली।

सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को 'स्टील फ्रेम' बताया था। संविधान सभा में प्रशासनिक सेवा पर बहस के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए मजबूत और तटस्थ नौकरशाही पर जोर दिया था। हालांकि अंग्रेजों के नौकरशाह रह चुके एचवी कामथ को चिंता थी कि वैधानिक सुरक्षा नौकरशाही को गैरजवाबदेह और असल 'शासक' बना सकती है। एक अप्रैल को चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के मालदा की घटना में नौकरशाही ने जैसा रूख अख्तियार किया है, उसे देख लगता है कि पटेल के भरोसे की तुलना में एचवी कामथ की चिंता समय की शिला पर सटीक साबित हुई है। मालदा में पूरे नौ घंटे तक सात न्यायिक अधिकारियों को सियासी कार्यकर्ता के मुखौटे वाले अपराधियों ने बंधक बनाए रखा। उस दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी मुख्य सचिव से संपर्क करने में नाकाम रहे। दिलचस्प यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब-तलब किया तो उन्होंने माफी मांग कर काम चला लिया। उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शीर्ष अधिकारियों को सबक सिखाने से पीछे नहीं रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह माफी से ही संतुष्ट हो गया।

देश को अपने लोकतंत्र पर गर्व है, लेकिन इस व्यवस्था में राजनीतिक तंत्र के साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अफसर लगातार मजबूत हुए हैं। अंग्रेज सरकार ने इंडियन सिविल सेवा यानी आईसीएस का गठन अपने राजकाज को मजबूत करने के लिए किया था। इसलिए शुरूआती दौर में इसमें गोरे लोगों को ही तवज्जो मिली। अंग्रेज सरकार भारतीयों को गुलाम मानती थी, लिहाजा उसके अफसर भी भारतीयों से उसी अंदाज में पेश आते थे। आजादी के बाद नौकरशाही के इस चरित्र को बदलने की कोशिश के तहत तटस्थ ब्यूरोक्रेसी के रूप में आईएएस कैडर बनाया गया। गांधी मानते थे कि आधुनिक राज व्यवस्था और नौकरशाही में हिंसा का वर्चस्व है। गांधी जी ट्रस्टीशिप के सिद्धांत के अनुसार प्रशासनिक या आर्थिक रूप से ताकतवर लोगों से उम्मीद करते थे कि वे संसाधनों के स्वामी नहीं, बल्कि रक्षक की तरह व्यवहार करें। इसी अंदाज में नौकरशाही को सेवक बनाने की कोशिश हुई। लेकिन क्या नौकराशाह सेवक बन पाए? वे सिर्फ उन राजनीतिक आकाओं के ही सेवक बन पाए हैं, जो ताकतवर हैं और जिनसे उन्हें भविष्य में मलाईदार पदों और ताकत की उम्मीद है। यही वजह है कि आजादी के 79 साल बाद भी नौकरशाही का ज्यादातर हिस्सा सामंती मानसिकता से ही प्रभावित नजर आता है। जनता को वह अपनी रियाया मानता है। लोक से सामंतों जैसा व्यवहार करने में ही उसे हेठी नजर आती है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला का कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाना इसी सोच का प्रतीक है। यह उस आशंका का भी जीवंत उदाहरण है, जो



एचवी कामथ को परेशान कर रही थी। दिलचस्प यह है कि दुष्यंत नरियाला को 16 मार्च को ही चुनाव आयोग ने नंदिनी चक्रवर्ती की जगह नया मुख्य सचिव बनाया था, ताकि वे निष्पक्ष चुनाव करा सकें। नरियाला के व्यवहार से साफ है कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में उनका रवैया तटस्थ नौकरशाह की बजाय राज्य की मौजूदा सत्ता के इशारे पर ही काम करने वाले जैसा रहा। लोकतंत्र, लोक यानी आम लोगों का तंत्र है। लेकिन हकीकत में यह राजनीतिक दलों का तंत्र है और इस तंत्र में लोक की भूमिका महज वोट देने तक ही सीमित है। इस तंत्र में नौकरशाही की जवाबदेही राजनीति के हर अच्छे-बुरे कामों में साथ देने और कई बार उसका कहार बनने तक सीमित रह गई है। सरदार पटेल जब इस तंत्र को स्टील फ्रेम कह रहे थे, तो उनका आशय यह था कि भावी नौकरशाही आम लोगों की भलाई और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। पटेल को उम्मीद रही होगी कि नौकरशाह लोक के प्रति जब जवाबदेह होंगे, तब ऐश्वर्य पर उनकी निगाह कम होगी। लेकिन इसके ठीक उलट हो रहा है। नौकरशाही के बड़े हिस्से को अपनी मूल भूमिका की चिंता नहीं सताती। उसकी पूरी कोशिश खुद और खुद के कैडर को मजबूत करने और ज्यादा सुविधाएं जुटाने पर केंद्रित रहती है। ज्यादातर नौकरशाहों के लिए आमजन ठीक वैसी ही प्रजा हैं, जिस तरह अंग्रेजों के थे। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव का व्यवहार इसी सोच का उदाहरण है।

जब कोई आईएएस किसी फरियादी की बात सुनने के लिए जमीन पर बैठ जाता है, या ऐसा ही सामान्य कदम उठाता है तो वह घटना खबर बन जाती है। इसकी वजह यही है कि अफसरों से ऐसे व्यवहार की उम्मीद ही नहीं होती। जनमानस की सोच ऐसी है तो यह मान लेना चाहिए कि पटेल की सोच के मुताबिक नौकरशाही विकसित नहीं हुई, बल्कि एचवी कामथ जैसे लोगों की आशंका ही सही साबित हुई है। नौकरशाही में जब भी किसी का चयन होता है, उसके पड़ोसी और रिश्तेदार तक मान लेते हैं कि कुछ ही दिनों में उसकी कई पुश्तों का इंतजाम हो जाएगा। ज्यादातर ऐसा होता भी है। मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने लोकपाल की व्यवस्था कर रखी है। वहां आए दिन जिस तरह अधिकारियों के घरों से नोटों की गड्डियां निकलती हैं, उनकी संपत्ति के ब्यौरे सामने आते हैं, उससे पता चलता है कि अफसर बनना जमींदारी हासिल करने से भी ज्यादा फायदेमंद है। ऐसे अफसरों पर कड़ी कार्रवाइयां नजीर बननी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिखता। अफसरशाही का बड़ा हिस्सा अब भी तंत्र के दोहन की प्रक्रिया में शिद्दत से शामिल है। हाल ही में बिहार के एक सब डिविजनल पुलिस अफसर के बारे में समाचार आया कि उनकी नौकरानी भी थार से चलती है। ऐसा नहीं कि नौकरशाही में ईमानदार लोग नहीं हैं। अशोक खेमका और संजीव चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं। लेकिन उन्हें ना तो नौकरशाही चैन से बैठने देती है और ना ही राजनीतिक आका।

नौकरशाही को तटस्थ और ईमानदार बनाए रखने के लिए पचासों कमेटियां बन चुकी हैं, दो प्रशासनिक सुधार आयोग बन चुके हैं। पहले आयोग के अध्यक्ष तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई थे तो दूसरे के कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली। जान लेना चाहिए कि स्वाधीनता संग्राम में कूदने से पहले मोरार जी भी सिविल सेवा के अधिकारी थे। दोनों आयोगों ने कई सुझाव दिए, कुछ लागू भी हुए। लेकिन असल में नौकरशाही का चरित्र नहीं बदल पाया। वह लोकतांत्रिक नहीं हो पाई।

आपातकाल के दिनों में जयप्रकाश नारायण ने नौकरशाही और पुलिस अफसरों से अपील की थी कि सरकार के असंवैधानिक आदेशों को वे न मानें। तब जेपी को अराजकतावादी कहा गया। हालांकि राजनीतिक व्यवस्था ऐसी है कि नौकरशाही के लिए राजनीति की बात टालना संभव नहीं हैं। एच वी अयंगार जैसे कुछ ही नौकरशाह होते हैं, जो सही बात कह सकते हैं और अपने राजनीतिक आका से अलग राय रख सकते हैं। राज्यों के गठन के पीछे भाषा को आधार बनाने के तत्कालीन गृह सचिव अयंगार विरोधी थे और उन्होंने अपने मंत्री सरदार पटेल के सामने उसे खुलकर रखा भी था। वैसे आज की राजनीति में पटेल जैसा हृदय रखने वाले लोग भी कम हैं। अव्वल तो आज की नौकरशाही नाफरमानी की हिम्मत ही नहीं करती और अगर ऐसी कोशिश करती भी है तो उसे ही किनारे लगा दिया जाता है। इसी वजह से माना जा रहा है कि दुष्यंत नरियाला फिलहाल भले ही अभी चुनाव आयोग को रिपोर्ट कर रहे हों, वे अपने राजनीतिक आका के ही प्रभाव में हैं।

नौकरशाही अगर लोकतांत्रिक और तटस्थ नहीं बन पाई है तो इसके पीछे उसके प्रशिक्षण और चयन में भी खामी मानी जाती है। वैसे समाज भी रोजाना अफसरों की बेरूखी से दो-चार होता रहता है, इसके बावजूद जब भी यूपीएससी या पीसीएस के नतीजे आते हैं, चयनित अफसरों पर वह लहालोट हो जाता है। समाज का लहालोट होना भी कई बार नौकरशाही को राजा की तरह व्यवहार करने को प्रेरित करता है। इसी लिए कोई दुष्यंत नरियाला कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के फोन को भी नजरंदाज कर देता है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस रवायत को बदलेगा कौन? जिस राजनीति पर इसकी जवाबदेही है, उसे अपने कार्यकर्ताओं की बनिस्बत नौकरशाही पर भरोसा ज्यादा है। लोक तो उससे प्रताड़ित होने के बावजूद उसी पर लहालोट है। इसलिए जरूरी है कि नौकरशाही को भगवान न मानने वाली सोच विकसित करने की कोशिशें हों, अन्यथा नौकरशाह राजा की तरह व्यवहार करते रहेंगे। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 'नया चेहरा और नया नारा' से पश्चिम बंगाल में चल गई भाजपा की लहर

(कमलेश पांडे)

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक और 'मिशन बंगाल' के आगे बढ़े चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। उनकी भूमिका मुख्यतः तीन तरह की है- नारा निर्माता, बिहारी बंगाल जुड़ाव बनाने वाला चेहरा, और ममता सरकार की आलोचना के लिए उग्र आवाज़।

बिहार में नए मुख्यमंत्री पद पर सम्राट चौधरी के चयन ने भाजपा को एक 'नया चेहरा और नया नारा' दिया है, जिसे पार्टी पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में केंद्र में लेकर चल रही है। इसी वजह से बिहार के नए प्रमुख चेहरे के इस चयन से बंगाल में भी भाजपा की 'लहर की बात' तेज़ी से चलने लगी है। चूंकि बिहार में सम्राट चौधरी का महत्व निर्द्वन्द है, इसलिए पश्चिम बंगाल के लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास और गहरा हुआ। उल्लेखनीय है कि बिहार में नीतीश कुमार के बाद भाजपा ने पहली बार अपने प्रत्यक्ष नेता को मुख्यमंत्री बनाकर संकेत दिया है कि पार्टी अब 'एनडीए के नेतृत्व' को भी भाजपा के नाम से बेचेगी।

बता दें कि तारापुर की सियासत को लोककल्याण कारी दिशा देने वाले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनि चौधरी के यशस्वी पुत्र सम्राट चौधरी कुशवाहा (कोईरी/ओबीसी) समाज से हैं; लेकिन सवर्णों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। तारापुर से परवत्ता के लोग इसकी गवाही देते हैं। इससे भाजपा ने बिहार के लव कुश (कुर्मी-कुशवाहा) समीकरण को अपने पक्ष में खींचने की कोशिश की है, जो राज्य की 50-60 सीटों पर असर डालता माना जाता है। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की तरह कोई भी बड़ा सवर्ण नेता व्यक्तिगत रूप से इनका विरोधी नहीं हो सकता है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की पूर्वी भारत की राजनीति को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा से भी बड़ा चेहरा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रूप में मिल गया है, जिन्हें दिल्ली में भाजपा की लहर चलवाने और यूपी में भाजपा को मजबूत बनवाने के नजरिए से आगे बढ़ाया गया है। इसके पीछे बिहार के नौकरशाही की फीडबैक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, क्योंकि उनकी राजनीतिक छवि बेदाग है, इस मीडिया और राजनीतिक प्रायोजित मामलों को छोड़ दिया जाए तो।

**समझिए, पश्चिम बंगाल में कैसे बनी 'लहर'**- सम्राट चौधरी अपने उपमुख्यमंत्री पद के बाद पश्चिम बंगाल में भी भाजपा के प्रमुख प्रचारक के रूप में सक्रिय हुए हैं; उन्होंने बंगाल के चुनावी दौर में बार बार दावा किया है कि बंगाल में लोग 'बदलाव' के लिए तैयार हैं और भाजपा की सरकार बनेगी। चौधरी ने बर्बरता, घुसपैठ, रोज़गार और 'सोनार बंगाल' की वापसी जैसे मुद्दे उठाकर बिहार मॉडल के नाम पर एक नयी राजनीतिक कहानी बंगाल में बेचनी शुरू की है; इससे भाजपा को एक नया नारा और एक नया चेहरा मिल गया है, जिसे मीडिया व जनता ने 'लहर' की तरह पेश किया है।

**खास रणनीतिक तालमेल** – बिहार में ओबीसी केंद्रित और सवर्ण, दलित, अल्पसंख्यक समर्थित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उभार के बाद भाजपा तर्क दे रही है कि अब यह गैर संस्कृतिक (संयुक्त तरह के राष्ट्रवादी ओबीसी) चेहरा बंगाल में भी विपक्षी भावनाओं को एकजुट कर सकता है। दोनों राज्यों में भाजपा एक ही नारा बेच रही है- पुरानी सत्ता संरचना का अंत और नई नेतृत्व पीढ़ी की शुरुआत; इसी जोड़ को देखते हुए बिहार में सम्राट के चयन को पश्चिम बंगाल में भाजपा की 'लहर' का तर्क प्रतीक माना जा रहा है।

**सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक के रूप में उभरे**- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सम्राट चौधरी भाजपा के एक प्रमुख स्टार प्रचारक और 'मिशन बंगाल' के आगे बढ़े चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। उनकी भूमिका मुख्यतः तीन तरह की है-नारा निर्माता, बिहारी बंगाल जुड़ाव बनाने वाला चेहरा, और ममता सरकार की आलोचना के लिए उग्र आवाज़। उन्हें स्टार प्रचारक के रूप में जिम्मेदारी मिली, क्योंकि भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें बिहार से सम्राट चौधरी को विशेष प्राथमिकता दी गई है; वे बिहार के उन चुनिंदा नेताओं में हैं जिन्हें बंगाल में बड़ा चुनावी जिम्मा सौंपा गया है। उन्हें बंगाल के कई चरणों में रैलियों और चुनावी सभाओं के लिए तैयार किया गया है, खासकर 23 व 29 अप्रैल के चरणों में जहां भाजपा जीत सुनिश्चित करने की तैयारी कर रही है।

**बिहार-बंगाल कनेक्शन को भुनाना**- बिहार के उपमुख्यमंत्री होने के नाते चौधरी बिहार मूल के मतदाताओं (खासकर हावड़ा और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले मजदूर, व्यापारी, कामगार) को निशाना बना रहे हैं, जहां बिहारी समुदाय की संख्या अधिक मानी जाती है। वे बिहार में 'नौकरी वाला मॉडल' (लगभग 50 लाख लोगों को नौकरी/रोज़गार के अवसर) का उदाहरण देकर यह वादा कर रहे हैं कि बंगाल में भी वही तरह का रोज़गार आधारित विकास 'सोनार बंगाल' के नाम से लाया जाएगा।

**नारा और विचारधारा संबंधी भूमिका**- सम्राट चौधरी ने घुसपैठ, एनआरसी, बंगाली अस्मिता और 'हिंदू उत्पीड़न' जैसे मुद्दों पर खुले आरोप लगाए हैं और कहा है कि भाजपा सत्ता में आकर घुसपैठियों को बाहर करेगी और बंगाली पहचान को फिर से स्थापित करेगी। वे ममता बनर्जी सरकार को 'अराजक, हिन्दू विरोधी और घुसपैठियों की हिमायती' कहकर जनता में बदलाव की भावना जगाने की कोशिश कर रहे हैं, और बार बार दावा कर रहे हैं कि इस बार बंगाल में भाजपा की ही सरकार बनेगी।

# विजय पथ तक पहुँचने के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म पथ पर खूब चले मोदी और शाह

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए जी–तोड़ मेहनत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमकर चुनाव प्रचार तो किया ही साथ ही पूजा पाठ में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ का पूजन कर रहे थे। जबकि मतदान से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में भगवान श्री सोमनाथ का पूजन किया। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा में जाकर मिलने वाली हुगली नदी में नौका यात्रा और पूजन किया तो वहीं अमित शाह ने हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के पवित्र संगम पर स्थित गंगासागर का दर्शन और पूजन किया।**

(नीरज कुमार दुबे)

पश्चिम बंगाल में धार्मिक यात्राओं के माध्यम से भाजपा ने बंगाल की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जड़ों से जुड़ने का प्रयास किया, ताकि खुद को बाहरी पार्टी की बजाय एक संवेदनशील और जुड़ी हुई शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए जी-तोड़ मेहनत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमकर चुनाव प्रचार तो किया ही साथ ही पूजा पाठ में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ का पूजन कर रहे थे। जबकि मतदान से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में भगवान श्री सोमनाथ का पूजन किया। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा में जाकर मिलने वाली हुगली नदी में नौका यात्रा और पूजन किया तो वहीं अमित शाह ने हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के पवित्र संगम पर स्थित गंगासागर का दर्शन और पूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी और राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना की तो अमित शाह ने कपिल मुनि आश्रम में महर्षि कपिल का पूजन कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।

बंगाल में मतदान वाले दिन प्रधानमंत्री का श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने का अधिक महत्व इसलिए है क्योंकि काशी (वाराणसी) को बंगालियों का दूसरा घर या सांस्कृतिक रूप से बंगाल के बहुत करीब माना जाता है। सदियों से बंगाली तीर्थयात्री, विद्वान और साधु-संत काशी आते रहे हैं, साथ ही कई बंगाली जमींदारों और राजाओं ने काशी में घाटों और मंदिरों का निर्माण करवाया। यही नहीं, वाराणसी में दशाश्वमेध घाट के पास स्थित बंगाली टोला क्षेत्र में बंगाली समुदाय की घनी आबादी है, जहाँ बंगाली संस्कृति, भाषा और खान-पान का गहरा असर देखने को मिलता है। वहीं गुजरात के श्री सोमनाथ में त्रिवेणी संगम (कपिला, हिरन और सरस्वती) के पास चंद्रभागा शक्तिपीठ स्थित है, जो बंगाली भक्तों के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से हुगली नदी पर किये गये नौका विहार का भी खास महत्व है। हुगली को आदि गंगा के रूप में पूजा जाता है। बंगाल के लोगों के लिए हुगली का महत्व वैसा ही है जैसा उत्तर भारत में गंगा का है। नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुना था तो उन्होंने सबसे पहले यही कहा था कि मुझे तो माँ गंगा ने



बुलाया है। इसी तरह खुद को गंगापुत्र कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल चुनावों के बीच हुगली को मां गंगा कहकर संबोधित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इससे उन्होंने अपनी छवि को बंगाल की धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं के साथ जोड़ा। प्रधानमंत्री ने हुगली के किनारे समय बिताकर और बेलूर मठ जैसे आध्यात्मिक केंद्रों की यात्रा कर यह दिखाने की कोशिश भी की कि उनकी पार्टी बंगाल की जड़ों और विरासत का सम्मान करती है।

वहीं अमित शाह की गंगा सागर यात्रा भी काफी प्रभावशाली रही। सदियों से यह कहा जाता रहा है कि सब तीर्थ बार बार, गंगा सागर एक बार। अमित शाह ने इस यात्रा के जरिए भाजपा को बंगाल की जड़ों से जोड़ा। ऐतिहासिक कपिल मुनि आश्रम में पूजा-अर्चना कर उन्होंने बंगाली धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया। उन्होंने गंगा को गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक भारत को जोड़ने वाली एक आध्यात्मिक कड़ी बताया, जिससे भाजपा ने यह संदेश दिया कि बंगाल की संस्कृति पूरे भारत के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। साथ ही अमित शाह ने गंगा सागर में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर धर्म और राष्ट्रवाद को एक साथ जोड़ा, जो भाजपा की चुनावी रणनीति का मुख्य आधार रहा है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर भी बड़ा संदेश दिया। उत्तरी कोलकाता की प्रमुख उत्तर-दक्षिण सड़क बिधान सरानी पर स्थित, ठनठनिया काली मंदिर की स्थापना 1703 में उदय नारायण ब्रह्मचारी ने उस भूमि पर की थी, जहां उस समय श्मशान घाट हुआ करता था। इस मंदिर में मां सिद्धेश्वरी की पूजा की जाती है। यहाँ की एक विशिष्ट परंपरा मांसाहारी प्रसाद चढ़ाने की है। इस मंदिर में पूजा कर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि भाजपा बंगाल की विविध खान-पान और धार्मिक परंपराओं को स्वीकार करती है और उनका सम्मान करती है, जिससे विरोधियों के शाकाहारी थोपने के आरोपों का जवाब दिया गया। साथ ही यह मंदिर रामकृष्ण परमहंस से भी जुड़ा है, जो यहाँ अक्सर भजन गाने आते थे। इस यात्रा के जरिए भाजपा ने खुद को बंगाल के पुनर्जागरण और आध्यात्मिक महापुरुषों की विरासत से भी जोड़ा।

वहीं उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में मतुआ महासंघ के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में दर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल के दलित (नामशुद्र) समाज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। पीएम मोदी ने 2021 में बांग्लादेश स्थित मतुआ समुदाय के जन्मस्थान ओराकांडी की भी यात्रा की थी। ठाकुरबाड़ी की वर्तमान यात्रा उस निरंतरता को दर्शाती है। मतुआ मतदाता कम से कम 34 विधानसभा सीटों और बांग्लादेश सीमा के करीब स्थित दो दर्जन अन्य सीटों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। उल्लेखनीय है कि हरिचंद ठाकुर द्वारा 19वीं शताब्दी में स्थापित मतुआ महासंघ एक सामाजिक-धार्मिक आंदोलन है, जिसने ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और सामाजिक सुधार के माध्यम से नामशुद्र समुदाय के उत्थान के लिए काम किया है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की ये धार्मिक यात्राएं केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे एक व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा थीं। इन यात्राओं के माध्यम से भाजपा ने बंगाल की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जड़ों से जुड़ने का प्रयास किया, ताकि खुद को बाहरी पार्टी की बजाय एक संवेदनशील और जुड़ी हुई शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। आस्था, संस्कृति और राजनीति के इस संगम ने यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक भारतीय चुनावों में प्रतीकवाद और भावनात्मक जुड़ाव उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने विकास और नीतिगत मुद्दे। यह लेखक के अपने विचार है)

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मी को दी गयी विदाई

**कटिहार (नबिटासं)।** केबी झा कॉलेज के चतुर्थवर्गीय कर्मी विजयनाथ मिश्रा का विदाई समारोह का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजय सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जहां छात्रों और शिक्षकों ने अपने वर्षों के सफर की यादों को साझा किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज के उनके साथ बीते अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुछ छात्र भावुक भी हुये।इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रो. सतीश मिश्रा ,प्रो. विनय कुमार पांडे ,प्रो. जितेश कुमार,प्रो. हरिओम कुमार , राहुल झा,शशि कपूर,अजय कुमार,सुबोध मिश्रा,बंसी कुमार, लक्ष्मी मिश्रा,मदन झा आदि मौजूद थे। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह भी उपस्थिति रहे।



### प्रवीण सिंह कुशवाहा का आकस्मिक निधन पार्टी और संगठन के लिए क्षति : सुनील कुमार यादव

**कटिहार (नबिटासं)।** भागलपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन के बाद पूरे कांग्रेस संगठन में शोक की लहर है। इसी क्रम में कटिहार में सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में उनके नेतृत्व में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा का असमय निधन पार्टी और संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि प्रवीण कुशवाहा एक जमीनी, संघर्षशील और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनता के बीच उनकी सादगीपूर्ण छवि हमेशा सभी को प्रेरित करती रहेगी। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा ने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों और आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनका जाना पार्टी के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। कांग्रेस नेता डॉ. विपीन ने कहा कि दिवंगत नेता का जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा संगठन को मजबूत करने का कार्य किया और कार्यकताओं के बीच एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रहलाद गुप्ता एवं मो. रियाज ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा का योगदान पार्टी के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से जो खालीपन आया है, उसे भर पाना संभव नहीं है। शोकसभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर दिलीप विश्वास, प्रहलाद गुप्ता, डॉ. विपिन सिंह, निरंजन पोद्दार, अरुण यादव, संतोष यादव, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद असलम, मोहम्मद एजाज, राजीव चौकी, राहुल रजक, अखिलेश पोद्दार, मोहम्मद जुबेर, गोपाल यादव, सुबोध यादव, जगत प्रसाद सिंह, रंजीत ठाकुर सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे ।



### मजदूर दिवस पर मुख्य पार्षद ने नपं कर्मियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** मजदूर दिवस के अवसर पर बरारी प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत बरारी में मुख्य पार्षद बबिता कुमारी के निर्देश पर एक कार्यक्रम आयोजित कर नगर पंचायत के पुरूष एवं महिला कर्मियों



को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि हिटलर यादव,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू अंसारी आदि थे। इस दौरान मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने दर्जनों सफाईकर्मी महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया,जबकि नपं कर्मी एवं पुरुष सफाईकर्मी को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने उपस्थित नपं कर्मियों को कहा कि आज काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण हैं,इस अवसर पर मुझे आप सभी कर्मियों को सम्मानित करने का मौका मिला हैं। मुख्य पार्षद ने कहा कि मजदूरों को अपने हक-हकूक के लिए लड़ना चाहिए, सरकार के द्वारा मजदूरों के लिए कई कानून बनाया गया हैं, जिसमें मजदूरों को कई सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों ने की गंगा आरती

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बैशाख पूर्णिमा व बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों द्वारा काढ़ागोला घाट पर पुरोहित प्रमुख दिवाकर मिश्र द्वारा वैदिक विधि विधान से गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती करवाया गया।पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखनाद की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।माँ गंगा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। दिवाकर बाबा ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन माँ गंगा का जल अमृतमय हो जाता है,इसीलिए इस




दिन श्रद्धालु मोक्ष की प्राप्ति एवं पापों का नाश करने के लिए माँ गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं।इस दिवस गंगा पूजन एवं आरती करने से पापों का छ्य होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।माँ गंगा मोक्षदायिनी है।गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी "बाबा"एवं जिला सहसंयोजक मनोज साह ने बताया कि गंगा समग्र के स्वयंसेवक काढ़ागोला घाट पर माँ गंगा के प्रति जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम करती आ रही है।जिला संयोजक नवीन 'बाबा' ने इस तिथि की महत्ता को बताया कि बैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि इसी तिथि को भगवान विष्णु के अवतार भगवान बुद्ध का अवतरण हुआ एवं ज्ञान की प्राप्ति भी इसी तिथि को हुआ था और इसी तिथि को वे महानिर्वाण हुए थे।इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व है। इस दौरान घाट प्रमुख राजकुमार साह, राजा साह,संजू राय, राजेश साह,मनोज मंडल, गुड़िया कुमारी,खुश्बू कुमारी, बिमली देवी,सृष्टि कुमारी आदि रहे।

# इलाज के बहाने आदिवासी की जमीन हड़पी

## जान से मारने की धमकी देकर कराया जबरन रजिस्ट्रेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जहाँ एक दबंग मुखिया पति पर एक गरीब आदिवासी परिवार को झांसे में रखकर उनकी पुश्तैनी जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला रौतारा थाना क्षेत्र के ग्राम बहरखाल निवासी लखी राम हाँसदा के साथ हुई है । बताया कि उन्होंने अपना दो कट्ठा जमीन 5 लाख रुपये में बेची थी। गाँव के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने यह कहकर पूरे पैसे अपने पास रख लिया कि पीड़ित का घर फूस का टाटी है और वहाँ पैसे चोरी हो सकते हैं।

मुखिया पति ने भरोसा दिलाया था कि वह यह पैसे पीड़ित और उसकी पत्नी के बैंक खाते में जमा करवा देगा। पीड़ित के अनुसार जब उसने अपने इलाज के लिए पैसों की मांग की तो मुखिया पति उसे और उसकी पत्नी को बेहतर इलाज दिलाने के बहाने अपनी कार से पूर्णिया ले गया। पूर्णिया में एक डॉक्टर के पास ले जाकर उनसे 6 पन्नों के कोरे कागजात पर अंगूठे का निशान ले लिया गया। इसके बाद 27 अप्रैल 2026 को फिर से जाँच के बहाने पीड़ित को कटिहार निबंधन कार्यालय लाया गया। वहाँ मुखिया पति और उसके सहयोगियों ने लखी राम हाँसदा को डराया-धमकाया कि अगर उसने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की तो उसकी पत्नी की हत्या कर दी जाएगी और उसे सड़क पर गाड़ी से कुचल दिया जाएगा। डर के मारे पीड़ित ने अपनी गुजर-बसर का एकमात्र जरिया अपनी जमीन की रजिस्ट्री कर दी। आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद लौटते वक्त कार में पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई और किसी को बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।रोते -बिलखते पीड़ित परिवार ने समाज के लोगों की मदद से जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित लखी राम हाँसदा ने मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। धोखे से लिखवाई गई जमीन की रजिस्ट्री रद्द की जाए। हम गरीब आदिवासी हैं, हमारे पास रहने को सिर्फ फूस का घर है। हमारी जमीन ही हमारा सहारा थी, जिसे दबंगों ने धोखे और डर के बल पर छीन लिया।" वहीं इस संदर्भ में मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया कि उनपर लगाए गए आरोप बिल्कुल निराधार है।उन्होंने पैसे देकर जमीन रजिस्ट्री कराई है। पैसे दिए जाने का उनके पास प्रमाण भी है।



# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जन जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जन-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार 2 मई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुखिया, सरपंच, न्याय मित्र, ग्राम कचहरी सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को लोक अदालत की प्रक्रिया एवं उसके महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटिहार कमलेश सिंह देऊ, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल कटिहार विजय श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कटिहार देव कुमार झा, प्रधान सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशिष कुमार झा, जिला प्रशिक्षक मित्तल कुमार, बीडीओ सनत कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं न्याय मित्र उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान अविलंब न्याय उपलब्ध कराने तथा समझौता योग्य वादों के त्वरित निष्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बताया गया कि आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वन विभाग, माप-तौल, बिजली, बैंक एवं नीलाम पत्र से जुड़े सुलह योग्य मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई।कमलेश सिंह देऊ ने कहा कि वर्ष में चार बार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आपराधिक मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया लंबी होती है, जिसमें एक पक्ष की जीत और दूसरे पक्ष की हार होती है। जिससे असंतोष की स्थिति बनती है और मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच जाता है। जबकि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान किया जाता है, जिससे समय और धन की बचत होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत की सभी प्रक्रियाएं निःशुल्क होती हैं और इसमें भाग लेने के लिए सादे कागज पर आवेदन के साथ पहचान पत्र प्रस्तुत करना होता है। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसे एक सुनहरा अवसर बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 15100 पर प्राप्त की जा सकती है।



# 19.5 लीटर शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा/कटिहार ।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए रौतारा पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रौतारा टोल प्लाजा पर पुलिस को सफलता हाथ लगी है।वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक टेम्पो से 19.5 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार रौतारा टोल प्लाजा पर पुलिस द्वारा वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेम्पो, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बर बीआर 11 पीबी 4506 है, को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 19.5 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। शराब मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर ही वाहन में सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौतारा के शमी यादव, निरंजन कुमार तथा दामिनी देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को कटिहार न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।रौतारा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।



## मक्का लूट का विरोध करने पर मारपीट में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बराबरी/कटिहार।** बरारी थाना क्षेत्र के बकिया रानीचक वार्ड 15 में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित विकास कुमार ने बरारी थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित विकास कुमार ने बरारी थाना में दिए आवेदन में बताया है कि मैं अपने खेत में मक्के की फसल की तैयारी कर रहा था इस दौरान मेरा चचेरा भाई सोनू यादव के साथ करीब एक बीघा खेत पर लगे मक्का जो करीब 40 क्विंटल तैयार कर रखा था। इस बीच हमारे ही गांव का पिंटू यादव, रिंटु यादव, राजेश यादव, सिंटू यादव, रतली यादव एक साथ झुंड बनाकर अपने अपने हाथ में लाठी डंडा एवं हथियार से लेश होकर आया और गाली गलौज करते हुए जबरन मेरे साथ धक्का मुक्की करने लगा और सभी फसल लूटने की बात बोलने लगा।

# मखाना के खेत में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के खेरिया पंचायत के वार्ड संख्या 4,नवटोलिया गांव में उस वक्त मातम पसर गया ।जब मखाना के खेत में डूबने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की असामयिक मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय श्री श्याम नंद सिंह के पुत्र राजेश कुमार सिंह (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार सिंह मखाना के खेत की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने या गहरे पानी का अंदाजा न मिल पाने के कारण वह डूब गए। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उनका शव खेत के पानी में मिला। राजेश कुमार सिंह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद से नवटोलिया गांव के वार्ड संख्या 4 में सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जनप्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है।



# जिला पदाधिकारी ने लिया निगम क्षेत्र की मकान गणना का जायजा

## यह जनगणना राष्ट्रहित एवं लोकहित के नीति-निर्धारण में उपयोगी होगी : नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर एक भेड़िया रहिका में भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया।भारत जनगणना 2027 का यह प्रथम चरण पूरे जिले में दिनांक 02.05.2026 से प्रारंभ हो गया है। इस कड़ी में प्रथम तीन दिन 02.05.2026 से 04.05.2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे तथा मकानों की नंबरिंग एवं नजरी नक्सा चित्रांकन तैयार करेंगे।

इस कार्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मकान छूटने न पाए और न ही किसी मकान की दो बार गणना हो।जिला पदाधिकारी श्री द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 05.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रगणक, पर्यवेक्षक प्रत्येक मकान,घर में जाकर मकानों में उपलब्ध आवश्यक संसाधनों से संबंधित 33 प्रश्नावली को निर्धारित मोबाइल के माध्यम से भरेंगे। साथ ही, जिन व्यक्तियों द्वारा स्वयं गणना स्वगणना की गई है। उनकी स्वगणना आईडी लेकर पूर्णावलोकन करते हुए सभी प्रविष्टियों की पुष्टि की जाएगी निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने वहां उपस्थित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के कार्यों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर की मकान सूची क्रम एवं नक्शा सावधानीपूर्वक तैयार किया जाए ताकि जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेशित किया कि भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका समाधान समय पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रगणक एवं सुपरवाइजर को समय से पूर्व मकान सूची का कार्य पूर्ण करने का भी निदेश दिया गया।




# सवाईकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार ।** किशोरियों को भविष्य में होने वाले सवाईकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बारसोई प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग का भी व्यापक सहयोग लिया जा रहा है।

इसी सिलसिले में नगर पंचायत बारसोई स्थित मध्य विद्यालय मौलानापुर तथा कन्या मध्य विद्यालय बारसोई बाजार में टीकाकरण अभियान शनिवार को चलाया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद तथा अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई उपाधीक्षक डॉ एमए उस्मानी की अगुवाई में उक्त दोनों ही विद्यालयों में 14 वर्ष की आयु वाली किशोरियों को एचपीवी के टिके लगाए गए। इस संबंध में बीईओ ने बताया कि मध्य विद्यालय मौलानापुर 22 तथा कन्या मध्य विद्यालय बारसोई बाजार में 25 छात्राओं का टिकाकरण किया गया है। मौके पर डॉ. उस्मानी ने बताया कि सवाईकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। आम बोलचाल की भाषा में इसे बच्चेदानी का कैंसर भी कहा जाता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्युमन पेपिलोमा नामक वायरस है। एचपीवी का टीका उक्त कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी टीकाकरण है। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित व निःशुल्क है। इस दौरान डॉ सालीम अहमद, डॉ दीपक कुमार, डॉ. इंतजार हासमी, मौलानापुर प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे ।



# मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** यात्रियों के सामान की चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आरपीएफ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार 1 मई 2026 को स्टेशन परिसर में आरपीएफ द्वारा चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02 स्थित मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया।

तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी के दो महंगे टच स्क्रीन मोबाइल सैमसंग व वीवो बरामद किए गए।जिनकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद नाजिस अंसारी (23) निवासी फारबिसगंज अररिया के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि वह पहले भी चोरी के मामले में शामिल रह चुका है। इस संबंध में आरपीएफ द्वारा उक्त युवक को जीआरपी कटिहार को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया जहां बाद में रेल थाना में मामला दर्ज किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने सामान की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें। इस अभियान में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार, मुक्तिशील सहित आरपीएफ के अन्य जवान मौजूद रहे ।

# 10 पियक्कड़ चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चला कर विभिन्न गांवों से 10 नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष कुमारी जुली ने बतायी के गिरफ्तार नशेड़ी में अरिहाना गांव के राजू कुमार यादव (38), कन्हैया यादव (35), दीपक कुमार देव (45), विष्णु कुमार यादव (19) शामिल हैं। इसके अलावा नव्वा टोली निवासी कृपा कुमार सिंह (32), मानिकनगर के सुलदेर केवट (30), मुकुरिया के सधन सिंह (40), जिगिन के अफसर आलम (37), दिलशादपुर के दीपक कुमार सिंह (28) तथा कदवा थाना क्षेत्र के भमारडो निवासी अवधेश कुमार यादव (26) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कटिहार न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बतायी कि क्षेत्र में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



# श्रम संसाधन विभाग की ओर से जागरूकता शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त श्रम भवन श्रम संसाधन विभाग के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रम अधीक्षक पीटर मिंज,उप मुख्य न्याय रक्षक विधिक सहायता समिति डीएलएसए देव कुमार झा,कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीयों ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने की।

जागरूकता शिविर के आयोजन पर कई श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने बिहार सरकार के द्वारा मिलने वाली हितकारी लाभ योजनाओं को लेकर बारी-बारी से अपनी अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देव कुमार झा ने बताया कि आगामी 9 मई को लोक अदालत लगाया जाएगा जिसमें श्रमिक ऑन बिजली बिल माफ तौल विभाग केस मुकदमा जैसे मामलों को लेकर लोक अदालत में आएंगे और अगर आप सक्षम नहीं है तो आपको निशुल्क मदद किया जाएगा ' कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि जिले से लेकर पंचायत स्तर तक श्रमिकों को मिलने वाली हित का इलाज योजनाओं को लेकर जागरूकता शिविर में सजग किया जा रहा है और बिहार सरकार के द्वारा मिलने वाली हितकारी लाभ योजनाओं को लेकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही ' कार्यक्रम के समापन पर श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने बताया कि जब-जब जागरूकता शिविर या कोई आयोजन होता है तो निश्चित रूप से श्रमिकों को इसका सीधा लाभ मिलता है उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक वह कटिहार में है किसी भी बिचौलिया को भटकनें नहीं देंगे। जागरूकता शिविर के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वालों में सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के अलावा श्रमिक नेता मोहर्रम खान, अखिलेश यादव, मोहम्मद शोएब, गोपाल पासवान, चंदन मंडल, हरेंद्र मिश्रा, पूरन महतो, मोहनलाल सिंह, लालमोहन सिंह सहित सैकड़ो श्रमिक उपस्थित रहे '



# पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में होगी बढ़ोतरी

## ओएमसी ने सरकार से कर दी बढ़ोतरी की मांग, जेब पर सीधा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने भारत की सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सरकार पर पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाने की मांग की है। गुरुवार को



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 126 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया था, जिससे इन कंपनियों का घाटा और गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान की नौसैनिक नाकेबंदी बढ़ाने के संकेतों के बाद तेल की कीमतों में यह उछाल आया है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के लंबे समय तक बंद रहने की आशंका पैदा हो गई है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का मुख्य रास्ता है। ऐसे में तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका बढ़ गई है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से ओएमसी कंपनियों को पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और विमान ईंधन की बिक्री पर भारी नुकसान हो रहा है। कंपनियों ने ईंधन की कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी की मांग की है, लेकिन सरकार फिलहाल आम जनता को इस महंगाई से बचाए रखना चाहती है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कीमतें काफी अस्थिर हैं और तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन सरकार का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को कम से कम समस्या हो।

### वैश्विक बाजार में कितनी बढ़ी कीमत

- अप्रैल में डीजल की कीमतें फरवरी के मुकाबले 119 प्रतिशत बढ़ गई हैं।
- वहीं पेट्रोल 69 प्रतिशत महंगा हो गया है।
- एलपीजी की कीमत में 40 प्रतिशत से ज्यादा उछाल आया है।
- एटीएफ की कीमतें भी लगभग दोगुनी हो गई हैं।
- भारत में अभी तक कितनी बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर (हाल ही में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी) और थोक डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से स्थिर रखी गई हैं। घरेलू एलपीजी में अब तक प्रति सिलेंडर केवल 50 रुपये की मामूली बढ़ोतरी की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी युद्ध के जल्द खत्म होने के संकेत नहीं मिलने के कारण।

### विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी

# लंदन की तिजोरी खाली! भारत ने वापस मंगाया अपना 104 टन सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत तेजी से अपना सोना विदेशों से वापस ला रहा है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट (अक्टूबर 2025-मार्च 2026) के अनुसार भारत के 880.52 टन सोने में से करीब 77 प्रतिशत यानी लगभग 680 टन अब अपने देश में रखा गया है, जबकि 197.67 टन अभी भी बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास है। सिर्फ 6 महीने में 104.23 टन सोना वापस लाया गया है। इकॉनमिक टाइम्स के मुताबिक, यह बदलाव रूस-यूक्रेन युद्ध और अफगानिस्तान के विदेशी भंडार फ्रीज होने जैसे मामलों के बाद बढ़ते वैश्विक जोखिम से जुड़ा माना जा रहा है। अब सेंट्रल बैंक सोने को सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि रणनीतिक सुरक्षा के रूप में देख रहे हैं। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़कर 16.7 प्रतिशत हो गई है। पहले लंदन और न्यूयॉर्क जैसे केंद्रों में सोना रखना आसान और सुरक्षित माना जाता था।

**विदेश में क्यों रखा जाता था सोना अब रणनीति क्यों बदल रही है:** 1. वहां सोने की खरीद-फरोख्त आसान और तेज होती है।

बदलते वैश्विक माहौल में जोखिम बढ़ गया है।



अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में सुविधा मिलती है।

विदेश में रखा सोना या संपत्ति राजनीतिक कारणों से फ्रीज हो सकती है।

वहां की संस्थाओं पर भरोसा ज्यादा था।

संकट के समय तुरंत उपयोग में लाना मुश्किल हो सकता है। रिजर्व बैंक की छमाही रिपोर्ट के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की स्थिति इस प्रकार बदली है। घरेलू भंडार में वृद्धि हुई है। भारत के भीतर रखा सोना 575.8 मीट्रिक टन (सितंबर 2025) से बढ़कर 680 मीट्रिक टन (मार्च 2026) हो गया है। विदेशों से सोना वापस लाया जा रहा है। पिछले 6 महीनों में 104.2 मीट्रिक टन सोना भारत मंगाया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास सुरक्षित सोने की मात्रा 290.4 टन से घटकर अब 197.7 टन रह गई है। सोने की कीमतों में भारी उछाल और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में गिरावट के कारण, कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की वैल्यू काफी बढ़ गई हैः सितंबर 2025 में सोने की वैल्यू 97.4 अरब डॉलर थी, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 115.4 अरब डॉलर हो गई। कुल मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 13.9 प्रतिशत से उछलकर 16.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई अन्य देश भी विदेशी जोखिमों से बचने के लिए अपना सोना वापस मंगा रहे हैं। 2026 की शुरुआत में न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व से 129 टन सोना वापस पेरिस ले आया।

# वंदे भारत की शान में फिर लगा बट्टा, खाने में मिला कीड़ा, ऐक्शन की डिमांड


**नई दिल्ली, एजेंसी।** वंदे भारत की शान में दोबारा बट्टा लगा है। सोमवार को आगरा से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने बेहद खराब अनुभव की बात कही। वह कोच सी13 में सफर कर रहे यात्री ने नाश्ते में कीड़ा होने की शिकायत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो भी शेयर किया। वीडियो में देखा यात्री हेल्पलाइन नंबर न लगने की भी शिकायत कर रहे हैं। वंदे भारत में खराब खाने का यह पहला मामला नहीं है। हाल के समय में इसे लेकर कई बार खबरें आती रही हैं। ताजा मामला आगरा से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20176) का है। यात्री ने सफर के दौरान परोसे गए नाश्ते में कीड़ा मिलने की शिकायत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव का वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने सवाल किया, 'हम इसी 'प्रीमियम' सर्विस के लिए पैसे देते हैं यात्रियों की सेहत के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी रफ्तार और प्रीमियम सर्विसेज के लिए जानी जाती है। हालांकि, पिछले कुछ समय में खाने-पीने की क्वालिटी को लेकर यह विवादों में रही है। मार्च 2026 में पटना-टाटानगर वंदे भारत का मामला हाल की ऐसी ही घटनाओं में से एक है। ट्रेन नंबर 21896 में यात्री ने खाने की क्वालिटी और हाईजीन को लेकर गंभीर शिकायत की थी। इसका वीडियो वायरल हो गया था।

# रूस-चीन के साथ भारत को भी अमेरिका ने प्रायोरिटी वॉच लिस्ट में डाला, थिंक टैंक ने बताया इसका मतलब

### लिस्ट में भारत के होने का मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारत को प्रायोरिटी वॉच लिस्ट में रखा है। थिंक टैंक जीटीआरआई (ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव) ने इस मतलब बताया है। जीटीआरआई के विश्लेषण के अनुसार, भारत को अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव की 2026 की बौद्धिक संपदा सुरक्षा और प्रवर्तन पर आधारित 'स्पेशल 301 रिपोर्ट' में 'प्रायोरिटी वॉच लिस्ट' में बरकरार रखा गया है। लेकिन, इसका कोई कानूनी नतीजा नहीं होगा। अमेरिका की ओर से गुरुवार को यह रिपार्ट जारी हुई। इसमें भारत को चीन, रूस, इंडोनेशिया, चिली और वेनेजुएला के साथ 'प्रायोरिटी वॉच लिस्ट' में रखा गया है। वियतनाम को 'प्रायोरिटी फॉरेन कंट्री' के तौर पर नामित किया गया है। यह श्रेणी बौद्धिक संपदा से जुड़े सबसे गंभीर मुद्दों के लिए है। , 'पीएफसी के तौर पर पहचान उन देशों के लिए कानूनन आरक्षित है, जिनके बौद्धिक संपदा से जुड़े कार्य, नीतियां और तौर-तरीके सबसे ज्यादा आपत्तिजनक होते हैं। इनका अमेरिका से जुड़े उत्पादों पर सबसे ज्यादा बुरा असर पड़ता है।' स्स्रक्र ने आगे कहा कि वियतनाम ने बौद्धिक संपदा सुरक्षा से जुड़ी प्रतिबद्धताओं पर बातचीत में कोई खास प्रगति नहीं की है। जीटीआरआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत 1990 के दशक से ही 'प्रायोरिटी वॉच लिस्ट' में बना हुआ है। यह स्थिति बौद्धिक संपदा नीति, खासकर दवा क्षेत्र में, अमेरिका के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को दिखाता है। हालांकि, भारत का यह कहना है कि उसकी बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटी के नियमों के पूरी तरह अनुरूप है। इसे इस तरह से तैयार किया गया है कि यह इनोवेशन और जन-स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाते हुए आम लोगों तक सस्ती दवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर सके।

जीटीआरआई की रिपोर्ट में



बताया गया है कि भारत दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाली लगभग 20 फीसदी जेनेरिक दवाओं की सप्लाई करता है। साथ ही, भारत के पेटेंट फ्रेमवर्क को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह 'एवरग्रीनिंग' (पेटेंट की अवधि को बेवजह बढ़ाने की प्रवृत्ति) को रोकता है। साथ ही दवाओं की कीमतों को किफायती बनाए रखता है। रिपोर्ट में आगे यह भी बताया गया है कि सेक्शन और अनिवार्य लाइसेंसिंग जैसे प्रावधानों को भारत के कानूनी ढांचे के भीतर पूरी तरह से वैध माना गया है।

### दबाव बनाने का तरीका

जीटीआरआई के विश्लेषण के अनुसार, 'स्पेशल 301 लिस्टिंग' का कोई कानूनी प्रभाव नहीं होता। इसे एक दबाव बनाने वाले हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। खासतौर से व्यापार वार्ताओं और नीतिगत चर्चाओं के दौरान। यह लिस्टिंग व्यापारिक साझेदारों के बीच भविष्य की मांगों और चर्चाओं को प्रभावित कर सकती है। इस लिस्टिंग की प्रकृति का जिक्र करते हुए जीटीआरआई ने कहा, 'स्पेशल 301 लिस्टिंग का कोई कानूनी प्रभाव नहीं होता। लेकिन, यह भविष्य की व्यापार वार्ताओं और मांगों की दिशा तय करती है।' बौद्धिक संपदा नियमों को लेकर अमेरिका की चिंताओं से है।

### बिजनेस क्लास पर भी डिस्काउंट

# एयर इंडिया का बड़ा प्लान, बिना खाना लिए बुक कर सकेंगे टिकट, कम से कम 250 बचेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में जारी तनाव का असर अब एविएशन सेक्टर पर भी साफ दिखने लगा है। बढ़ती लागत और गिरते राजस्व के बीच एयर इंडिया यात्रियों को राहत देने के लिए बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक एयर इंडिया ने अपनी लागत घटाने और यात्रियों को सस्ते टिकट उपलब्ध कराने के लिए घरेलू और छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों (2 घंटे से कम) में भोजन को वैकल्पिक बनाने की योजना बना रही है।

### कितनी सस्ती होगी टिकट

सूत्रों के मुताबिक इस अनबंडलिंग (सुविधाओं को अलग करना) प्रक्रिया के लागू होने के बाद यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिल सकती हैं। सबसे ज्यादा असर टिकट की कीमत पर दिखाई दे सकता है। जो यात्री उड़ान के दौरान खाना नहीं चुनेंगे, उनके टिकट की कीमत में 250 रुपये या उससे अधिक की कटौती हो सकती है। यह बदलाव अगले एक-दो महीनों में शुरू होने की उम्मीद है।

एयर इंडिया न केवल इकोनॉमी क्लास, बल्कि बिजनेस क्लास के यात्रियों के लिए भी बचत के रास्ते तलाश रही है। एयरलाइन लाउंज एक्सेस को भी टिकट से अलग करने पर विचार कर रही है। मेट्रो एयरपोर्ट पर लाउंज संचालक



औसतन 1100 से 1400 रुपये प्रति यात्री चार्ज करते हैं। कई बिजनेस यात्री सीधे उड़ान के समय एयरपोर्ट पहुंचते हैं और लाउंज का उपयोग नहीं करते। ऐसे में उन्हें बिना लाउंज सुविधा वाला सस्ता टिकट खरीदने का विकल्प मिल सकता है।

महंगे एटीएफ और कुछ देशों के बंद एयर स्पेस की वजह से हर दिन करोड़ों रुपये का घाटा उठा रही एयर इंडिया ने मई महीने में करीब 150 इंटरनेशनल फ्लाइटों में कटौती की है। यह कटौती दिल्ली, मुंबई समेत अहमदाबाद और अन्य एयरपोर्ट से अमेरिका, कनाडा और यूरोप जाने वाली लंबी दूरी की फ्लाइटों में की गई है। एयरलाइंस ने पूरी तरह फ्लाइट बंद नहीं की है बल्कि फ्रीक्वेंसी कम की है। जहां पहले हफ्ते में 4-5 फ्लाइट चलती थीं, वहां अब लोड फैक्टर के हिसाब से 1-2 फ्लाइट कम की गई है।

**एयर इंडिया क्यों ले रही है ये फैसले:** 28 फरवरी के बाद से एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में उछाल और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने एयरलाइंस की परिचालन लागत को काफी बढ़ा दिया है।

भारत एक बेहद संवेदनशील बाजार है। टिकट की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ने पर लोग हवाई यात्रा के बजाय ट्रेन या सड़क मार्ग चुनना शुरू कर देते हैं। एयरलाइन नहीं चाहती कि ऊंचे किराये की वजह से यात्री कम हों।

दुनिया भर की कई बड़ी 'फुल सर्विस' एयरलाइंस अब अपनी सेवाओं को अनबंडल कर रही हैं। कई एयरलाइंस केवल बेसिक मील देती हैं और विशेष फूड के लिए अलग से शुल्क लेती हैं। जानकारों का कहना है कि अब 'फुल सर्विस' और 'लो-कॉस्ट' (जैसे इंडिगो) एयरलाइंस के बीच का अंतर तेजी से खत्म हो रहा है।

# रिटायरमेंट की उम्र 65 और ओल्ड पेंशन का मिलेगा तोहफा...8वें वेतन आयोग पर नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए गठित आठवें वेतन आयोग एक्शन मोड में आ चुका है। वेतन आयोग से अलग-अलग कर्मचारी संगठन डिमांड कर रहे हैं। इसी कड़ी में ऑल इंडिया एम्प्लॉइज फेडरेशन ने भी एक डिमांड लिस्ट दी है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी जो नेशनल पेंशन सिस्टम के सब्सक्राइबर हैं, उन्हें पुरानी पेंशन योजना में जाने का विकल्प मिलना चाहिए। इसके अलावा, केंद्र सरकार के शिक्षकों की रिटायरमेंट की उम्र 60 साल से बढ़ाकर 65 साल की जानी चाहिए। इस संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार के अपने कर्मचारियों के लिए जारी सभी आदेशों में साथ ही केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इन तीन मांगों के अलावा, कर्मचारी संगठन अपनी पहले की मुख्य मांगों पर भी कायम रहा। बता दें कि कर्मचारी संगठन ने 3.833 का फिटमेंट फैक्टर, 69,000 रुपये



का न्यूनतम मूल वेतन और केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए 6 प्रतिशत-7 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग की है। ऑल इंडिया एम्प्लॉइज फेडरेशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह पटेल ने बताया कि हम चाहते हैं कि वेतन आयोग केंद्र सरकार के सब्सक्राइबर्स को सेवा के कुछ साल पूरे करने के बाद जाने का विकल्प दें। पटेल के मुताबिक ऑल इंडिया एम्प्लॉइज फेडरेशन की पहली मांग को खत्म करने की थी, जिस पर 8वां वेतन आयोग सहमत नहीं हुआ। पटेल बताते हैं कि इस तरह के विकल्प का सुझाव देने की वजह यह है कि मार्केट से जुड़ा हुआ है और अगर किसी कर्मचारी के रिटायरमेंट के समय मार्केट लंबे समय तक नीचे रहता है, तो उनके पास कम पेंशन लेने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा। पटेल ने मांग की है कि जो कर्मचारी रिटायरमेंट के समय से ओल्ड पेंशन स्कीम में स्विच करते हैं उनके लिए सुझाव है कि उनकी आखिरी सैलरी का आधा हिस्सा, साथ ही महंगाई भत्ता पेंशन के तौर पर दिया जाए। वेतन आयोग से मांग की गई है कि केंद्र सरकार के शिक्षकों की रिटायरमेंट की उम्र 60 साल से बढ़ाकर 65 साल कर दी जाए।

# डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप को दिया झटका, कारों और ट्रकों पर टैरिफ 25 प्रतिशत बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) को झटका दिया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अगले हफ्ते ईयू से इंपोर्ट होने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 फीसदी



कर देगा। उन्होंने दावा किया कि यह ग्रुप पहले से तय ट्रेड डील का पालन नहीं कर रहा है। भारत के लिए भी इसके मायने हैं। यह फैसला भारत के लिए 'चुनौती और अवसर' दोनों लेकर आया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यूरोपियन यूनियन हमारी पूरी तरह से तय ट्रेड डील का पालन नहीं कर रहा है, अगले हफ्ते मैं अमेरिका में ईयू से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ा दूंगा।' उन्होंने आगे कहा, 'टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।' ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी प्लांट में बनने वाले वाहनों पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा।

उनके मुताबिक, 'यह पूरी तरह से समझा और माना गया है कि अगर वे अमेरिका के प्लांट में कारें और ट्रक बनाते हैं तो उन पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा।'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि देश में कई ऑटोमोबाइल और ट्रक बनाने वाले प्लांट बनाए जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, 'अभी कई ऑटोमोबाइल और ट्रक प्लांट बन रहे हैं। इनमें 100 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया जा रहा है। यह कार और ट्रक बनाने के इतिहास में एक रिकॉर्ड है।' अमेरिका-ईयू के व्यापार संबंधों में आएगा तनाव इस नए कदम से अमेरिका और ईयू के ट्रेड संबंधों पर फिर से दबाव बढ़ गया है। खासतौर से ऑटोमोबाइल सेक्टर में यह बात लागू होती है। यूरोपियन ब्रांडों की अमेरिकी बाजार में एक्सपोर्ट के मामले में मजबूत मौजूदगी है। इसका नाम स्कॉटलैंड में ट्रंप के गोल्फ कोर्स के नाम पर रखा गया था। हालांकि, 2025 की डील की स्थिति पर तब सवाल उठने लगे, जब इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि ट्रंप के पास टैरिफ लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है।

# भारत का बड़ा दांव, तंजानिया के साथ लोकल करेंसी में लेन-देन का प्लान, चीन को लगेगा करंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और तंजानिया द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बड़े प्लान में जुट गए हैं। नई दिल्ली ने इस पूर्वी अफ्रीकी देश के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापारिक लेन-देन निपटाने पर चर्चा की है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह बताया गया। यह कई मायने में बेहद अहम है। चीन तंजानिया सहित अफ्रीकी देशों में अपनी पकड़ को मजबूत करने में लगा है। भारत के साथ इस तरह की चर्चा शायद चीन को अच्छी नहीं लगेगी। भारत तंजानिया के कृषि उत्पादों (दालें, काजू) का बड़ा खरीदार है। चीन की वहां के रणनीतिक खनिजों पर नजर है। बीजिंग इन्हें अपनी ओर मोड़ने के लिए आर्थिक कूटनीति का सहारा ले रहा है। भारत अगर अपनी योजना पर आगे बढ़ता है तो यह चीन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाने वाला होगा।

### मंत्रालय ने क्या बताया है

चर्चाओं में स्थानीय मुद्राओं में व्यापारिक लेन-देन को बढ़ावा देने का विषय शामिल था।' मंत्रालय ने आगे कहा कि माइनिंग सेक्टर में सहयोग, रत्न क्षेत्र में वैल्यू एडिशन, रत्नों के निर्यात से जुड़े रेगुलेटरी डेवलपमेंट के साथ क्षमता निर्माण और कौशल विकास के अवसरों पर भी चर्चा की गई।



### भारत ने क्या किया है ऑफर

भारत ने जहाज निर्माण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता की पेशकश की। जहाज निर्माण स्थलों (शिपयार्ड) के विकास और बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे पर जोर देने के साथ तंजानियाई संस्थानों के साथ संभावित साझेदारियों पर भी रोशनी डाली। मंत्रालय ने बताया कि भारत ने लोकोमोटिव और रोलिंग स्टॉक की सप्लाई, रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विशेष संस्थानों के जरिये क्षमता निर्माण में भी सहयोग देने की पेशकश की। दोनों देशों के बीच वर्ष 2024-25 में 8.64 अरब अमेरिकी डॉलर रहा द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर वर्ष 2025-26 में 9.02 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

### तंजानिया में बड़ा खिलाड़ी है चीन

चीन तंजानिया का बड़ा ट्रेड पार्टनर है। साथ ही प्रमुख विदेशी निवेशक भी है। वह वहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और खनिज खनन (जैसे ग्रेफाइट और सोना) में भारी निवेश कर रहा है। चीन ने मई 2026 से तंजानिया सहित अफ्रीकी देशों के लिए 'जीरो-टैरिफ' पॉलिसी लागू की है। इसका उद्देश्य तंजानिया के संसाधनों पर अपना कंट्रोल मजबूत करना और भारत जैसे प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ना है। लंबी अवधि के व्यापार वीजा की सुविधा देने, फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में नियामक सहयोग को मजबूत करने के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा और जहाज निर्माण के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण पर भी चर्चा की है। इन मुद्दों पर 29-30 अप्रैल, 2026 को तंजानिया के दार एस सलाम में आयोजित भारत-तंजानिया संयुक्त व्यापार समिति की बैठक के दौरान विचार-विमर्श किया गया।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने जिले का किया दौरा

## ❑एसपी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत ❑अधिकारियों को दिये कई आवश्यक निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने आज खूँटी जिला का दौरा किया। परिषदन खूँटी आगमन पर उपायुक्त श्री सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

अपने इस दौरे में उन्होंने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, कोलकाता द्वारा उपलब्ध कराए गए भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी के तहत मोबाइल साइंस एग्जीबिशन वैन को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के साथ समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह प्रदर्शनी 02 मई से 21 मई तक जिले के चयनित 09 विद्यालयों में भ्रमण करेगी। वैन में केमिस्ट्री एंड लाइफ विथ फोकस ऑन वॉटर विषय पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जानकारी दी जाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिसके पश्चात आयुक्त द्वारा समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्धार कराने, मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, मेनू अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने तथा स्कूली छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति, पुस्तक, पोशाक एवं साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत भवनों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

पेयजल से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि खूँटी जिले में कुपोषण एक गंभीर समस्या है, इसे जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है। एमटीसी केंद्रों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

अफीम की खेती को गंभीर समस्या बताते हुए आयुक्त ने पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों को स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुक्त ने प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने दाखिल-खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन, लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण एवं अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

पंचायतों में बनाए जा रहे खेल मैदानों की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान नियमित राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त श्री भुवानिया ने आयुक्त को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके पश्चात आयुक्त ने खूँटी प्रखंड अंतर्गत डुगडुगीया स्थित सहयोग विलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल गृह परिसर के रसोई घर, भंडार गृह, भोजनालय, मनोरंजन कक्ष एवं स्पेशल केयर कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों को समय पर पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराने तथा खाद्य सामग्री का उचित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के ग्राम बरौली स्थित बाबा कुटी ठाकुरवाड़ी मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन विशेष हवन पूजा एवं भंडारा के साथ किया गया।भारत के प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ राघवेंद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से सात दिनों तक भक्तिमय वातावरण में संगीतमय भागवत कथा का लोगों ने श्रवण किया।श्रीराम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर श्री राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर पहुंचे जेएनवी के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह ठाकुरवाड़ी सैकड़ो वर्ष प्राचीन है इसमें स्थापित अष्टधातु की प्रतिमा अनमोल एवं दुर्लभ है। व्यवस्थापक अजीत मिश्रा ने बताया कि जिस गांव में ठाकुरवाड़ी होती है उस गांव में रहने वाले गृहस्थ काफी खुशहाल होते हैं।यज्ञ के सफल क्रियान्वयन में मुकेश कुमार सिंह, अविनाश सिंह, रमाकांत मिश्रा,युगल तिवारी, बुधन सिंह,कुंदन सिंह, जोगी सिंह,गौतम सिंह,पिंटू सिंह, दीपक कुमार सिंह,राजकुमार सिंह,भोलू सिंह सहित अन्य ने सहभागिता निभाई।

# मजदूर दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा द्वारा श्रम विभाग के सहयोग से एक प्रभावी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने की पहल की गई।

दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन एवं अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पुनीत कुमार गर्ग ने कहा, मजदूर समाज की रीढ़ हैं। उनके अधिकारों की रक्षा और न्याय तक उनकी सहज पहुँच सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जागरूकता ही सशक्तिकरण का पहला कदम है।

सचिव सह एसीजेएम राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कानून सभी के लिए समान है। मजदूर वर्ग को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देकर हम उन्हें शोषण से बचाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पुर्णेंदु रंजन ने कहा, निःशुल्क विधिक सहायता केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जरूरतमंदों का अधिकार है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुधा कुमारी ने अपने वक्तव्य में कहा, मजदूरों को न्याय दिलाना केवल न्यायालय का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। यदि कोई श्रमिक अपने अधिकारों से वंचित होता है, तो उसे बिना भय के आगे आकर विधिक सहायता लेनी चाहिए। न्याय प्रणाली उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर डालसा सारण के रिटेनर लॉयर डॉ० अमित रंजन ने संबोधित करते हुए कहा, ‟हर मजदूर को यह जानना आवश्यक है कि वे न्यूनतम वेतन, कार्यस्थल की सुरक्षा और सम्मानजनक व्यवहार के हकदार हैं। किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ वे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीगण, डालसा सारण के पीठ लिपिक नजरे इमाम, कर्मी धर्मेन्द्र कुमार, तथा पीएलवी मुकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कुमारी उषा कुशवाहा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। यह जागरूकता शिविर न केवल मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने का माध्यम बना, बल्कि न्याय और समानता के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

अंत में सचिव, सारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि दिनांक 9 मई को छपरा व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति से निःशुल्क एवं त्वरित निपटारा कराएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।

## शतचंडी महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा 16 से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी,गयाजी।** डोभी प्रखंड के महकमपुर गांव में श्री श्री 108 श्री माँ भगवती एवं हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम 16 जून 2026 से 22 जून 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी की उम्मीद जताई जा रही है।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के तहत श्री राम कथा एवं रामलीला का भी आयोजन किया जाएगा।यह प्रतिदिन शाम 6 से 9 बजे तक प्रवचन तथा रात्रि 9 से 2 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरूआत 16 जून को जल यात्रा एवं कलश स्थापना के साथ होगी, जबकि 17 जून को मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ मंडप प्रवेश कराया जाएगा। 22 जून को महाभंडारा एवं संगीतमय कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा।इस धार्मिक आयोजन में यज्ञ आचार्य उमेश जी महाराज (अयोध्या धाम) द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। वहीं, प्रवचनकर्ता किशोरी प्रज्ञा भारती (वृंदावन), श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी।

# नीट परीक्षा की कदाचारमुक्त संचालन को ले प्रशासन ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** आगामी 03 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को कदाचार मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आज उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, डुमरदग्गा खूंटी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, फ्रिस्किंग, कंट्रोल रूम संचालन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साइनेज बोर्ड, मेडिकल इमरजेंसी की तैयारी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि परीक्षा आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं ससमय एवं त्रुटिरहित रूप से सुनिश्चित की जाएं तथा जारी एसओपी का पूर्ण अनुपालन किया जाए।उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया, फ्रिस्किंग एवं बॉयोमेट्रिक सत्यापन कार्य निर्धारित समय से पूर्व प्रारंभ कर लिया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्र के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दें तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए।

## मनायी गयी स्वतंत्रता सेनानी की जयंती

**गयाजी।** ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की तत्वाधान में टिकारी स्थित मुहल्ला जलालपुर निवासी महान स्वतंत्रता सेनानी सह प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक स्व डाक्टर श्रीनाथ मिश्र जी का 21वी पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। उनके जानने वाले ने उनका व्यक्तित्व व कृतित्व पर बारीकी रूप से चर्चा किया। इस बीच लोगो ने स्व श्रीनाथ मिश्र अमर रहे की नारा बुलंद किया। मौके पर उनके पुत्र डाक्टर शिशु नाथ मिश्र, नगर अध्यक्ष योगेंद्र वैध, अनुमंडलीय सचिव शिवबल्लभ मिश्र, डाक्टर निपुण कुमार मिश्र,डाक्टर संतोष कुमार मिश्र डाक्टर हरिनाथ मिश्र , श्रीनिवास मिश्र,गौरीशंकर मिश्र, अंशु,सहित अन्य लोगो में राजीव, आडवाणी, समाज कल्याण विभाग के डाक्टर शशि कुमार, अंकित, रिशु, नित्यांशु, प्रियांशु,आदि मौजूद रहे। स्व मिश्र के पुण्यतिथि के अवसर पर जलालपुर में ही भव्य सूर्य मंदिर निर्माण कार्य हेतु निर्णय लिया गया।

# श्रद्धापूर्वक मनायी गयी भगवान बुद्ध की जयंती

**डॉ. राजीव कुमार नयन**

**दनियावां (पटना)।** हिंदी विकास मंच,सरथुआ और हिलसा शाखा के द्वारा भगवान बुद्ध की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन ने 'बुद्ध स्मृति' कार्यक्रम में भगवान बुद्ध को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

डॉ. नयन ने कहा कि बुद्ध करुणा, शांति, मैत्री, दया और संवेदना के अवतार थे। वे वेद में भी निर्वेद लिए रहते थे और जीवन में हमेशा मध्यम मार्ग अपनाने पर बल देते थे। अपने संदेश में उन्होंने बुद्ध के प्रसिद्ध उपदेश को उद्धृत करते हुए कहा वीणा के तार को इतना भी न कसो कि वह टूट ही जाए और इतना ढीला भी न छोड़ो कि बजना ही छोड़ दे। जीवन में संतुलन ही बुद्ध का मूल मंत्र था। डॉ. नयन ने आगे कहा कि बुद्ध ने अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए कहा था कि ‟मारने वाले से ज्यादा बचाने वाले का मस्तक ऊंचा रहता है।‟ वे सांसारिक सुखों से पूर्णतः विरक्त हो गए थे। उनकी अनिंद्य सुंदरी पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल का मोह भी उन्हें माया के बंधन में नहीं बांध सका। डॉ. नयन ने युवाओं से बुद्ध के आदर्शों को अपनाकर समाज में मैत्री, दया, परोपकार, शांति और सद्भावना फैलाने की अपील की। बुद्धम



शरणम गच्छामि, संघम शरणम गच्छामि बुद्ध का महान संदेश बौद्ध धर्म का मूल मंत्र है। मौके पर,विमलेश कुमार, ई ब्रजेन्द्र कुमार,शिशुपाल कुमार,पप्पू कुमार, चंदन ठाकुर,सोनी शर्मा,अमित कुमार, संतोष रंजन,पूर्व पंस सदस्या कल्पना सिंधु,सफल साव, रामदयाल पासवान, संजीव कुमार राणा,रविरंजन, मुकेश कुमार, योगेंद्र चौधरी समेतकई ग्रामीण, बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच द्वारा वर्चुअल कवि सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक श्रीराम राय के संचालन एवं संयोजकत्व में पटल पर सैकड़ो कवियों ने सहभागिता निभाई। मजदूर दिवस पर एक से बढ़कर एक काव्य पाठ एवं कविता की प्रस्तुति की गई। मजदूरों की वर्तमान दशा, दिशा, कथा एवं व्यथा के बारे में भी काव्यकारों ने चर्चा की। संध्या में इसका समापन किया गया।समापन सत्र का विधिवत उद्घाटन प्रसिद्ध साहित्यसेवी भोला दत्त जोशी की अध्यक्षता में संस्थापक श्रीराम



राय,मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवि राम बहाल सिंह बहाल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया,प्रसिद्ध कवयित्री शहाना प्रवीण शान एवं शिखा पांडेय द्वारा किया गया।उद्घाटन सत्र में शामिल अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से प्रसिद्ध कवयित्री शहाना प्रवीण शान द्वारा की गई ।संबोधन के क्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में मजदूरों द्वारा 8 घंटे की काम की मांग को लेकर आंदोलन किया गया था,तब से लेकर आज तक 1 मई को मजदूर दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला पहला दिवस है? ।कवि सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि श्रमिकों का जो योगदान है,उसको पूर्ण मान्यता दिया जाए उनकी मेहनत को सम्मान दिया जाए एवं उनके वेतन सुरक्षा को गंभीरता के साथ समर्थन दिया जाए ।सभी कवियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन संस्था के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिखा पांडेय ने की।

# मंत्री इरफान अंसारी और समर्थकों पर हो कारवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी /रांची।** इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के जेनरल सेक्रेटरी एवं द जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरश्रक तपन कुमार घोष ने पत्रकार सुशांत सोनि पर झारखंड सरकार के मंत्री मो0इरफान अंसारी के इशारे पर उनके गुर्गे द्वारा हमला कर घायल कर दिए जाने पर कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि झारखंड में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला हो रहा है। वह भी झारखंड सरकार के मंत्री के इशारे पर, जो कि मानवाधिकार का उलंघन का मामला बनता है। हमरा भारत देश लोकतंत्र पर आधारित है। इसके तहत सवाल पुछने और आलोचना का अधिकार संविधान द्वारा हमें दिया गया है। शायद मंत्री इरफान अंसारी झारखंड में संविधान नहीं सरियत के तहत अपने गुंडे से पत्रकार पर जानलेवा हमला कराने का काम किया है। मंत्री और उसके गुंडे पर कानूनी कार्रवाई की जाने चाहिए लेकिन सरकार उसे संरक्षण देने की काम कर रही है। यह सरकार के सेहत के लिए अच्छी बात नहीं है। इसके अलावा इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शुधांसु कुमार दत्त, सचिव शंकर शंभु राजेश, डॉ पी के विश्वास, बिरसा लोहरा, अंथोनी मार्शलन हंश, सुदामनी देवी, तुलसी प्रजापति, गणेश लोहरा, डॉ अनुप कुमार, डॉ दीपक कुमार घोष, आदि ने भी पत्रकार पर हमला करने की घटना का निंदा करते हुए अविलम्ब मंत्री इरफान अंसारी और उसके गुंडे पर कानूनी कार्रवाई की मांग किया गया है।

## भवन सूचीकरण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** एकमा प्रखंड क्षेत्र में भारत की जनगणना 2027 की तैयारी को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू कर ली गईं। पहले दिन शनिवार से पर्यवेक्षकों के निर्देशन में प्रगणकों द्वारा आवंटित एचएलबी ब्लॉक क्षेत्र में भवन सूचीकरण कार्य शुरू करने से पहले नजरी नक्शा बनाए जाने के लिए अवलोकन किया गया।

# महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की 142वीं जयंती शबरी कुटिया शांति पुरी और मलियादा आश्रम मुरहू में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः काल प्रभातफेरी के साथ की गई।सद्गुरुदेव के चित्र को वाहन पर सुसज्जित कर सत्संगियों द्वारा वाहन - पैदल बंदगांव और मुरहू के मुख्य मार्ग पर गुरुदेव के जयकारे, सर्वधर्म समभाव और देशभक्ति के स्लोगन के साथ भ्रमण किया गया। आश्रम पहुंचकर सत्संगियों ने गुरु महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।ईश स्तुति, गुरु वंदना, ग्रंथ पाठ के पश्चात सद्गुरु महाराज की जीवनी और उपदेशों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि सद्गुरु महर्षि में हीं परमहंस जी महाराज अवतारी महापुरुष थे। इनका सारा जीवन दयाभाव, परोपकार,त्याग और तपस्या से व्यतीत हुआ। डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज का संपूर्ण जीवन हमें मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित करता है। जीवन को सुखमय बनाने की विधि बताता है। संत सद्गुरु की बात भगवान को भी मानना पड़ता है। परोपकार दान करने से धन और मन की शुद्धि होती है, प्रायश्चित करने से पाप क्षय होता है तथा संतों का संग करने से सद्ज्ञान प्राप्त होता है। दोनों आश्रम में भंडारे की व्यवस्था थी। शांति पुरी में गंगाराम समद द्वारा भंडारा दिया गया। मौके पर संजय सत्संगी,जूरन मुंडा, सगुन दास,मुचीराय मुंडा, गणपति ठाकुर, ध्रुवेन्द्र भास्कर, सूरजमल प्रसाद, राम हरि साव, सुरेश प्रसाद,गोला मुंडा, दिलीप सिंह, कांडे मुंडा, सनातन कुमार, डॉ रमेश वर्मा, सनिका मुंडा, संतोष गुप्ता, सोनामुनी देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

## मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

**नगरनौसा(नालंदा)।** पुलिस ने पटना पुलिस एवं एसटीएफ की मिली जानकारी के आधार पर थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया।हिलसा एएसपी कुमारी शैलजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दिया।एएसपी कुमारी शैलजा ने बताया कि पटना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में गौरीचक थानान्तर्गत कार्रवाई करते हुए भगवानगंज थाना क्षेत्र रोहिलापर गांव निवासी महेश यादव नालंदा जिला के चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुराड़ी गांव निवासी सदन प्रसाद को हथियार खरीद-बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों के पास से देशी कट्टा एवं देशी कट्टा निर्माण में प्रयोग की जाने वाली बैरेल को भी बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में सदन प्रसाद द्वारा बताया गया कि उक्त बैरल को चिकसौरा गांव निवासी कृष्ण विश्वकर्मा वर्तमान मे नगरनौसा थानान्तर्गत गांव बाजितपुर स्थित बच्चू के किराये के मकान में रहते हुए फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं।

# ‘स्कूल चले हम’ अभियान के तहत डीएम ने स्वयं बच्चों का कराया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। नये अकादमिक सत्र 2026-27 में अधिकाधिक नामांकन हेतु ‟स्कूल चले हम‟ अभियान के तहत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कमरूद्दीन गंज, बिहार शरीफ,नालंदा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न बच्चियों का नामांकन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया । इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रो से जो बच्चे 6 वर्ष के हो रहे हैं, या हो चुके हैं, तथा क्षेत्र में अन्य छूटे हुए बच्चों का नामांकन, 'स्कूल चलो अभियान 'के तहत 'प्रवेशोत्सव 'कार्यक्रम चलाकर उत्सवी माहौल में किया गया।

बिहार शरीफ स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में जिला पदाधिकारी ने स्वयं अपनी उपस्थिति में निकटतम आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चियों का नामांकन करवाया। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय से कुल नजदीक के सात आंगनबाड़ी केंद्र मैप किए गये है। यह केंद्र कोड 63 कोड 62, कोड 55, कोड 166 ,कोड 186, कोड 145 एवं कोड 57 है ।आज इन्हीं आंगनबाड़ी केंद्रो से कुल 32 बच्चियां एवं क्षेत्र से अन्य तीन बच्चियाँ नामांकन हेतु उपस्थित हुई।

जिला पदाधिकारी द्वारा कोड 63 की बच्ची ,सुमेरा पिता मोहम्मद समीर खान , माता जेबा खातून का नामांकन किया गया ।कार्यक्रम में कोड 63 की एक अन्य बच्ची अल्फी का नामांकन नगर आयुक्त महोदय द्वारा किया गया, बच्ची सादिया का नामांकन कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा किया गया। शेष आई बच्चियां सुमायरा, परी , रिया, दर्पण, आयशा, गुलफशा इत्यादि बच्चियों का नामांकन जिले के अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

आज संपूर्ण जिले में सभी विद्यालयों में विशेष अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जा रहा है। अकादमिक सत्र 2026-27 में सभी 06 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को निकट के प्राथमिक/ प्रारंभिक विद्यालय में उम्र के सापेक्ष कक्षा में नामांकन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी नालन्दा के आदेशानुसार शिक्षा विभाग एवं आई०सी०डी०एस० कार्यालय के संयुक्त प्रयास से ‟स्कूल चले हम‟ अभियान अन्तर्गत प्रवेशोत्सव दिवस का आयोजन किया गया है। इस संबंध में आँगनवाड़ी से निकटवर्ती प्रारम्भिक विद्यालयों को सम्बद्ध किया गया है तथा आँगनवाड़ीवार नामांकन हेतु चिन्हित कुल 16440 बच्चों की सूची आई०सी०डी०एस० कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-04, दिनांक: 27.04.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-04। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल - ओएचई विद्युत आपूर्ति में मज़बूती के लिए 160 वर्ग मिमी. जम्पर द्वारा अंडर साइज 105 वर्ग मिमी. जी-जम्पर एवं ड्रॉप जम्पर, आइसोलेटर जम्पर की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹2,80,33,244.25। **बयाना राशि:** ₹5,60,700। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 27.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ASN-43/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



राजस्थान-दिल्ली मैच के बाद अंक तालिका

# राहुल का ऑरेंज कैप पर कब्जा

### भुवनेश्वर का दबदबा बरकरार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 43वें मैच में शुक्रवार (1 मई) को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के 9 मैच में 8 अंक हो गए। वह अंक तालिका में छठे नंबर पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के 10 मैच में 6 जीत हैं। वह चौथे नंबर पर है। पंजाब किंग्स शीर्ष पर बरकरार है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स आखिरी पायदान पर है।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो केएल राहुल पहले नंबर पर है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया। अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। पर्पल कैप की बात करें तो भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर हैं। जोफ्रा आर्चर और ईशान मलिंगा के 15-15 विकेट हैं। नीचे अंक तालिका, ऑरेंज कैप और पर्पल कैप रेस की जानकारी दी गई है।



### पंजाब किंग्स शीर्ष पर, चार टीमें प्लेऑफ की दौड़ में

पंजाब किंग्स 8 मैचों में 13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स – तीनों 12-12 अंकों पर हैं। शीर्ष चार में जगह के लिए ह्त्रक्र निर्णायक भूमिका निभाएगा।

| क्र | टीम | P | W | L | NR | PTS | NRR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | +1.043 |
| 2 | रॉ. चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +1.420 |
| 3 | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +0.832 |
| 4 | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.510 |
| 5 | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6 | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 7 | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 8 | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9 | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10 | लखनऊ सुपर जायंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.10 |

## स्टार्क का यशस्वी ने गगनचुंबी शॉट से किया स्वागत

- मैच में पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले 5वें बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का स्वागत छक्के से किया। यशस्वी ने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। हालांकि, वह तीसरी ही गेंद पर पवेलियन लौट गए, लेकिन बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जायसवाल आईपीएल मैच की पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले पांचवें बल्लेबाज बने। सबसे पहले यह कारनामा नमन ओझा ने 2009 में किया था। राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपनिंग करते हुए ओझा ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ब्रेड हॉज को छक्का जड़ा था। विराट कोहली ने 2019 में वरुण एरोन को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। यह मैच बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया था। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए फिल साल्ट ने 2024 में नुवान तुषारा को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने चौथी बार पारी की शुरुआत छक्के से की 2025 में पंजाब किंग्स के लिए ओपनिंग करते हुए प्रियांश आर्या ने चेन्नई सुपर किंग्स के खलील अहमद को छक्का जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने चौथी बार पारी आईपीएल मैच की पारी में पहली गेंद पर छक्का जड़ा। प्रियांश आर्या ने 2 बार छक्का जड़ा है। नमन ओझा, मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और संजू सैमसन ने 1-1 छक्के जड़े।

## लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़े जोश इंग्लिस

- साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने निजी कारणों से छोड़ा टूर्नामेंट

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स से जोश इंग्लिस जुड़ गए हैं। वह 4 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध होंगे। इंग्लिस ने शादी की वजह से नीलामी से पहले आईपीएल 2026 के लिए सीमित उपलब्धता के बारे में फ्रेंचाइजी को बताया था। उन्हें पंजाब किंग्स ने रिलीज कर दिया और लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 8.60 करोड़ में खरीद था। उनकी शादी 18 अप्रैल को हुई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसर साउथ अफ्रीकी बैटर मैथ्यू ब्रीट्जके निजी कारणों से टूर्नामेंट छोड़ चुके हैं। उन्होंने 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स का साथ छोड़ दिया था, जो सुपर ओवर तक गया था। जानकारी के अनुसार ब्रीट्जके वापस गए क्योंकि हाल ही में उनकी पत्नी की परिवार के एक करीबी सदस्य की मौत हो गई है। फिलहाल जानकारी नहीं है कि ब्रीट्जके टूर्नामेंट में वापस आएंगे या नहीं।

### इंग्लिस का शानदार रिकॉर्ड

इंग्लिस ने पंजाब किंग्स के लिए 11 पारियों में 30.88 के औसत और 162.57 के स्ट्राइक-रेट से 278 रन बनाए। इंग्लिस ने पहले ही लखनऊ सुपर जायंट्स स्क्वाड के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाला मैच दोनों टीमों का इस सीजन का 9वां मैच होगा। यह मुकाबला अंक तालिका में सबसे नीचे की दो टीमों के बीच होने वाला है, जिन्होंने अब तक सिर्फ दो-दो जीत हासिल की हैं।

**इंग्लिस को खेलने का मौका मिल सकता है-** विदेशी बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण इंग्लिस को खेलने का मौका मिल सकता है। निकोलस पूरन का इस सीजन औसत 10.25 है। ओपनर एडेन मार्करम (24.12) और मिचेल मार्श (26.50) ने भी खराब प्रदर्शन किया है। आने वाले हफ्ते में लखनऊ सुपर जयंट्स को सोमवार (मुंबई में मुंबई इंडियं के खिलाफ), गुरुवार (लखनऊ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ) और रविवार (चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ) से भिड़ना है।

## आईपीएल के बीच टीम इंडिया के लिए खुशखबरी

- ICC की सालाना टेस्ट रैंकिंग में भारत को फायदा; क्या WTC पर पड़ेगा असर?

**नई दिल्ली।** आईपीएल का हल्ला इस वक्त पूरी दुनिया में मचा है, वहीं उसी बीच शुक्रवार (1 मई 2026) को आईसीसी ने सालाना टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इसके मुताबिक भारत को टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है। भारतीय टीम अब टॉप 3 में आ गई है। हालांकि, इस रैंकिंग का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन पोजिशन पर असर



पड़ेगा या नहीं, इसको लेकर फैंस के मन में उत्सुकता होगी। टीम इंडिया की WTC पोजिशन अच्छी नहीं है और वह छठे स्थान पर है।

### महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे पर

भारतीय टीम ने नवंबर में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था। इसके बावजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी की सालाना वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर ही। जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम नंबर एक पर काबिज है।

### क्या WTC पर पड़ेगा असर?

आईसीसी ने अपनी सालाना रैंकिंग अपडेट की खबर में साफतौर पर कहा है कि इसका असर ड्ढञ्जष्ट अंकतालिका की मौजूदा पोजिशन पर नहीं पड़ेगा। टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में छठे स्थान पर है। भारत को अपने घर पर साउथ अफ्रीका से हार झेलनी पड़ी थी। अब अगर भारत को फाइनल में जाना है तो बची हुई सीरीज के ज्यादातर मुकाबले जीतने होंगे। आईसीसी द्वारा किए गए ताजा अपडेट से पहले टीम इंडिया चौथे स्थान पर थी और इस सालाना अपडेट के बाद भारतीय टीम तीसरे स्थान पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज है। वहीं मौजूदा टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे से चौथे स्थान पर खिसकत गई है।

वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेकर जैमीसन ने चिढ़ाया

## कुछ ही घंटे में दिल्ली के गेंदबाज को मिली सजा, BCCI ने लगाई लताड़



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। वैभव सूर्यवंशी का जादू इस मैच में नहीं चल पाया। न्यूजीलैंड के गेंदबाज काइल जैमीसन ने 2 गेंद में ही उनकी पारी खत्म कर दी। जैमीसन ने वैभव को क्लीन बोल्ड किया और उसके बाद उनको चिढ़ाया भी। इसके बाद कीवी गेंदबाज की काफी आलोचना हुई और कुछ ही घंटे में आईपीएल मैनेजमेंट की तरफ से उन्हें सजा भी सुनाई गई।

### IPL की तरफ से लगी लताड़

आईपीएल द्वारा जारी बयान के मुताबिक काइल जैमीसन को वैभव को आउट करके चिढ़ाने के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का आरोपी माना गया। आईपीएल के आर्टिकल 2.5 के तहत जैमीसन को दोषी पाया गया है। इस आर्टिकल के तहत किसी खिलाड़ी द्वारा ऐसे शब्द बोलना, ऐसे एक्शन करना जिससे सामने वाला खिलाड़ी भड़क सकता है, इसके मुताबिक जैमीसन का आरोप सिद्ध हुआ। मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा जैमीसन पर यह आरोप लगाए गए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने इन आरोपों को स्वीकारा और इसके परिणाम को भी स्वीकार किया। आईपीएल द्वारा इस उल्लंघन के लिए काइल जैमीसन को चेतावनी दी गई और एक डिमेरिट अंक भी उनको मिला। हालांकि, मैच फीस का जुर्माना उनके ऊपर नहीं लगाया गया।

### क्या था पूरा मामला?

यह मामला पारी के दूसरे ओवर का था। वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर से इंटरनेशनल गेंदबाज का सामना निडर होकर किया और पहली गेंद पर जैमीसन को चौका लगा दिया। उसके बाद दूसरी गेंद पर न्यूजीलैंड के पेसर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। फिर विकेट लेने के बाद उन्होंने 15 वर्षीय वैभव को चिढ़ाया और अजीब तरह से सेंड ऑफ किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी जैमीसन की काफी आलोचना हुई थी। यूजर्स उनके ऊपर बुरी तरह भड़क उठे थे।

## 'ध्यान भटकने का डर', माइक हसी ने बताया धोनी के स्टेडियम नहीं आने का कारण



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने बताया है कि महेंद्र सिंह धोनी मैच के दिनों में स्टेडियम नहीं आ रहे हैं क्योंकि इससे टीम का ध्यान भटक सकता है। धोनी को प्री-सीजन कैंप के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। इसके कारण अभी तक एक भी मैच में नहीं खेले हैं। हालांकि, वह मैचों से पहले लगातार ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन मैच के दिनों में वह स्टेडियम नहीं आए हैं। वह टीम होटल में रहते हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले पर हसी ने बताया कि धोनी स्टेडियम क्यों नहीं आते और इसके कारण भी बताए। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी टीम को लेकर बहुत सोचते हैं। वह हमेशा टीम की बेहतरी चाहते हैं और उन्हें चिंता थी कि अगर वह आएंगे तो ध्यान भटकेगा। जहिर है, कैमरे उन पर बहुत ज्यादा होंगे। दर्शक उनके लिए चीयर करेगी और ऐसी ही चीजें

### क्या धोनी खेलेंगे?

इस बीच शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में धोनी के खेलने को लेकर हसी ने कहा, 'उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द वापसी करें। मुझे नहीं पता कि यह कल होगा या शायद उसके बाद अगले मैच मैच में, लेकिन वह ठीक हो रहे हैं। मुझे पता है कि वह अपनी दौड़ने की गति बढ़ा रहे हैं और शायद यही बाधा थी। मुझे लगता है कि हम उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के स्किल के नजरिए से आत्मविश्वास से लबरेज हैं, लेकिन यह तय करना था कि वह ठीक से दौड़ सकें।

आईपीएल 2026 में 7वीं बार हासिल हुआ 220 से ज्यादा का लक्ष्य,

## 6 दिन में 5वीं बार हुआ कमाल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 220 से ज्यादा के स्कोर बनना और चेज होना आम हो गया है। राजस्थान के सवाई मान सिंह स्टेडियम में शुक्रवार (1 मई) को दिल्ली कैपिटल्स ने 226 रनों के लक्ष्य को 19.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आईपीएल के इस सीजन में 7वीं बार 220 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ। बीते 6 दिन में पांचवीं बार 220 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ। दो बार 240 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ।



मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। 11 अप्रैल 2026 को पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 220 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों किया।

### 6 दिन में 5वीं बार किया कमाल

25 अप्रैल को ही सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 229 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 28 अप्रैल 2026 को राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 223 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 29 अप्रैल 2026 को सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 244 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 1 मई को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 226 रनों का लक्ष्य हासिल किया।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में फिर बदलेगा मौसम; अगले 2 दिन के लिए आईएमडी का अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बृहस्पतिवार की आंधी-वर्षा के बाद रविवार से दिल्ली का मौसम फिर करवट लेगा। रविवार से मंगलवार तक तीन दिन बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने, 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवा चलने और हल्की वर्षा होने का भी पूर्वानुमान है। इसके असर से तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। रविवार व सोमवार के लिए तो मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। पूर्वानुमान पर जाएं तो इस पूरे सप्ताह ही गर्मी के तेवर नरम रहेंगे। इस बीच अप्रैल माह के सुहावने अंत के बाद मई के पहले दिन शुक्रवार को भी गर्मी के तेवर नरम ही रहे। आंशिक रूप से बादलों की आवाजाही बनी रही तो धूप भी खिली रही। लेकिन वर्षा कहीं नहीं हुई। बावजूद इसके तापमान 40 डिग्री से कम ही रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री कम 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 72 से 46 रिकार्ड किया गया। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर-पश्चिम भारत में फिर से मौसम के करवट लेने की स्थिति बन सकती है, जिससे मई के पहले सप्ताह में गर्मी से राहत बनी रहेगी। हालांकि, महीने के अंत में लू की वापसी की संभावना है।

## ईंधन की बढ़ती कीमतों से दिल्ली के रेस्तरां उद्योग पर गहराया संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईंधन की किल्लत के साथ उसके दाम में बढ़ोत्तरी ने रेस्तरां उद्योग की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडर के दाम में बढ़ोत्तरी के साथ रेस्तरां संचालन के खर्च में मार्च से अब तक 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। इसके साथ ही अगले सप्ताह पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोत्तरी की आशंका ने रेस्तरां उद्योग को आगे के संकट के लिए सतर्क किया हुआ है। ऐसे में उस बढ़ोत्तरी के बाद रेस्तरां संचालक खाद्य पदार्थों के दाम में बढ़ोत्तरी के साथ मेन्यू कार्ड व बिलिंग मशीन में बड़ा बदलाव करेंगे। एक रेस्तरां संचालक के अनुसार, यह बढ़ोत्तरी 20 से 30 प्रतिशत तक की हो सकती है। पश्चिम एशिया में युद्ध के साथ ही देश में ईंधन संकट विद्यमान है। आरंभ में पेट्रोलियम मंत्रालय ने व्यावसायिक सिलिंडर की उपलब्धता पर प्रतिबंध लगाया था



तो पीएनजी कनेक्शन में औसतन 80 प्रतिशत ही इस्तेमाल की अनुमति दी थी, जो अभी तक है। वहीं, व्यावसायिक सिलिंडर की उपलब्धता सामान्य होने की ओर है तो बड़ी संख्या में रेस्तरां उद्योग में घरेलू सिलिंडरों का भी उपयोग होता है। जिसकी कालाबाजारी में कीमत वर्तमान में 3,000 रुपये तक है। दरियागंज स्थित एक रेस्तरां के संचालक दानिश के मुताबिक अभी भी व्यावसायिक या घरेलू सिलिंडरों की उपलब्धता सरकार के दावों से इतर सामान्य नहीं है। वैसे, कोयले के इस्तेमाल की मंजूरी से उन लोगों को राहत मिली है। साथ ही रेस्तरां ने इंडेक्शन का इस्तेमाल बढ़ाया है। लेकिन व्यावसायिक सिलिंडरों के दाम युद्ध के पहले से दोगुने होने के करीब है। जिससे रेस्तरां संचालन खर्च में इजाफा हुआ है।

# एमसीडी एकीकरण के बाद दक्षिण दिल्ली के पार्षद उपेक्षित, उत्तरी दिल्ली ने कब्जा लिया सभी शीर्ष पदों पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तीनों निगमों के 2022 में हुए एकीकरण के बाद दक्षिणी दिल्ली के पार्षद अपने-आप को ज्यादा उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह 2023 से लेकर 2026 तक आप और भाजपा की सत्ता के दौरान दक्षिणी दिल्ली के पार्षदों को तवज्जों नहीं मिली। 2023 से लेकर 2026 तक पांचवे महापौर व उप महापौर का चुनाव पांच चुनाव हो चुके हैं लेकिन पांचों में उत्तरी दिल्ली के पार्षदों ने महापौर पद पर बाजी मारी है जबकि उप महापौर पद पर चार बार उत्तरी दिल्ली के पार्षदों को मौका मिला है। इस बार मोनिका पंत ने पूर्वी दिल्ली से बाजी मार ली। इतना ही नहीं स्थायी समिति की अध्यक्षा भी पूर्वी दिल्ली से हैं। हालांकि, पिछली बार उपाध्यक्ष सुंदर सिंह तंवर जरुर दक्षिणी दिल्ली से बने थे लेकिन शीर्ष पदों पर पहले आप के पार्षद उपेक्षित महसूस कर रहे थे और अब भाजपा के पार्षदों का भी यही हाल है।

**नेता सदन का पक्ष भी उत्तरी दिल्ली के पार्षदों को मिलाः** इतना ही हीं पांचों बार में नेता प्रतिपक्ष भी उत्तरी दिल्ली के पार्षदों को मिला है। जब भाजपा विपक्ष में थी तो राजा इकबाल सिंह नेता प्रतिपक्ष थे और आप जब विपक्ष में हैं तो अंकुश नारंग नेता प्रतिपक्ष दो बार से हैं। आप और भाजपा की सत्ता के दौरान भी नेता सदन का पक्ष भी उत्तरी दिल्ली के पार्षदों को मिला। आप की सत्ता के दौरान मुकेश गोयल नेता सदन थे भाजपा की सत्ता के दौरान पहले प्रवेश वाही और अब जयभगवान यादव भी



उत्तरी दिल्ली से ही है। उल्लेखनीय है कि 2012 से लेकर 2022 तक दिल्ली में तीन निगम थे। इसमें उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम था। तीनों निगम में हर वर्ष अपने-अपने महापौर, उप महापौर, नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष का पद अलग अलग था। इससे हर वर्ष ज्यादा पार्षदों को राजनीति की मुख्य धारा में आने का मौका मिलता था। लेकिन, निगम की खराब आर्थिक स्थिति के बीच इन पदों के सृजन और दफ्तर संचालन में बहुत राशि भी खर्च होती थी। कई कारणों में से एक कारण निगम के एकीकरण का उद्देश्य इन खर्चों को कम करने का था।

### चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन बनने का मौका

इस पर सभी पार्षद सहमत भी थे लेकिन निगम में केवल उत्तरी दिल्ली के पार्षदों को मौका मिलने से भाजपा और आप के पार्षद नाखुश हैं। जबकि दोनों दलों में दक्षिणी दिल्ली से काफी वरिष्ठ पार्षद हैं। इसमें महावरी एन्कलेव से प्रवीण कुमार दूसरी बार के आप पार्षद है। महिपालपुर से भाजपा पार्षद इंद्रजीत सहरावत और श्रीनिवास पुरी से राजपाल सिंह भी दूसरी बार के पार्षद हैं। गोविंदपुरी से चंद्रप्रकाश भी चौथी बार के पार्षद हैं। हेमचंद्र गोयल भी मालूम रहे कि एमसीडी की करीब 25 तदर्थ और विशेष समितियां हैं।साथ ही शिक्षा और ग्रामीण जैसी वैधानिक समिति भी है जिसमें पार्षदों को चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन बनने का मौका मिलता है।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक, तीन महीने की फीस एक साथ मांगी तो रद्द हो सकती है मान्यता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में निजी स्कूलों की फीस वसूली को लेकर जारी मनमानी पर आखिरकार शिक्षा निदेशालय ने सख्ती दिखाई है। निदेशालय ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि अब कोई भी निजी स्कूल अभिभावकों को एक बार में एक महीने से अधिक की फीस जमा कराने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। निदेशालय ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें स्कूल की मान्यता रद करने या प्रबंधन अपने हाथ में लेने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। निदेशालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई निजी स्कूल अभिभावकों को दो महीने या तिमाही आधार पर फीस देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। निदेशालय ने माना कि यह प्रथा न केवल अनुचित है, बल्कि इससे खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। आदेश के तहत अब स्कूल न तो एडमिशन के समय और न ही पढ़ाई जारी रखने या किसी अन्य सुविधा के नाम पर अभिभावकों को एडवांस फीस देने के लिए बाध्य कर सकेंगे। नए आदेश के तहत यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई अभिभावक अपनी सुविधा से एक से अधिक महीनों की फीस एक साथ जमा करना चाहता है, तो स्कूल उसे मना नहीं करेगा, लेकिन इसके लिए किसी तरह का दबाव या शर्त नहीं रखी जा सकती। यह व्यवस्था पहले से लागू निर्देशों के अनुरूप है।

## नौकरानी सोना के खुलेंगे गहरे राज, परिवार और बैंक जांच के घेरे में; ढाई करोड़ के आभूषण कहां छिपे?

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के शालीमार बाग में दो घरों में लगभग ढाई करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण चोरी करने की आरोपी घरेलू सहायिका सोना उर्फ के. सोनिया के 15 में से तीन गोल्ड लोन अकाउंट में दो किलोग्राम सोना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच और तेज कर दी है। पुलिस जांच के दायरे में परिवार के साथ-साथ बैंक भी आ गया है। पुलिस ने आरोपी की मां, बहन और बेटी को नोटिस जारी कर गोल्ड लोन और आभूषणों के संबंध में कागजात व प्रमाण मांगे हैं। साथ ही बैंकों को भी नोटिस जारी कर पुलिस ने पूछा है कि किन कागजात और वैरिफिकेशन के आधार पर आरोपी



के 15 गोल्ड लोन अकाउंट खोले गए। पुलिस बैंक स्टाफ से यह भी जानना चाह रही है कि हर 20-25 दिन में बैंकों में सोने के जेवर जमा कराने आरोपी महिला बैंक आ-जा रही है तो शक क्यों नहीं हुआ। इस बीच, पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आरोपी महिला के परिवार की पूरी कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपित की दो बहन, मां और बेटी को जांच में शामिल होने के संबंध में नोटिस भी भेजा है। पुलिस ने सभी से आमदनी के साथ-साथ आईटीआर (इनकम टैक्स रिटर्न) और गोल्ड लोन से संबंधित कागजात व प्रमाण मांगे हैं। आपराधिक मामले में आरोपी का बेटा जेल में है। आरोपी महिला व उसके परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड और पेन कार्ड से कितने बैंक अकाउंट लिंक हैं और उनमें कितना लेन-देन हुआ है।

# डीडीए के प्रस्ताव पर दिल्ली के 48 गांव होंगे शहरीकृत, एमसीडी की मंजूरी से विकास को मिलेगी रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एमसीडी ने डीडीए के प्रस्ताव पर 48 गांवों को शहीरकृत घोषित करने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद से इन गांव में अब नियोजित विकास हो सकेगा। सड़क, बिजली, पानी, सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार इस निर्णय के बाद किया जा सकेगा।



डीडीए ने फरवरी में यह प्रस्ताव निगम को भेजा था। एमसीडी के अनुसार जिन 48 गांव के शहरीकरण की मंजूरी दी गई है उसमें बाहरी उत्तरी, उत्तरी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी, दक्षिणी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में जहां भविष्य में व्यापक विकास योजनाएं लागू की जानी हैं। एमसीडी की स्थायी समिति अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि यह निर्णय केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले विकास की दिशा में ठोस पहल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो गांव व्यवहार में शहरी स्वरूप ले चुके हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शहरी दर्जा देना आवश्यक था, ताकि वहां विकास कार्यों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस मंजूरी के बाद निगम सदन में यह प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

फिर अधिसूचना के लिए दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा। इसके बाद इसके लागू होने से संबंधित क्षेत्रों में सड़क, सीवर, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह तरीके से सुनिश्चित किया जा सकेगा। शर्मा ने कहा उन्होंने आगे कहा कि इस निर्णय से अवैध निर्माण पर नियंत्रण मजबूत होगा, क्योंकि अब सभी निर्माण और भूमि उपयोग नगर निगम के नियमों के अंतर्गत आएंगे। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को भी स्पष्ट दिशा मिलेगी। जब दिल्ली के किसी ग्रामीण गांव को ''शहरीकृत'' घोषित किया जाता है, तो वहां के निवासियों को कई कानूनी और बुनियादी लाभ मिलते हैं। इसमें मुख्य लाभ इस प्रकार हैं।

**डीएलआर एक्ट से मुक्तिः** शहरीकरण के बाद गांव पर दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम लागू नहीं रहता। इससे जमीन का उपयोग खेती के अलावा मकान या व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा सकता है।

**लैंड पूलिंग पॉलिसी का लाभः** शहरीकृत होने के बाद जमीन लैंड पूलिंग पॉलिसी में आती है। इससे विकसित जमीन के बदले हिस्सा मिलता है और जमीन की कीमत बढ़ती है।

क्षेत्र की जिम्मेदारी के पास जाती है, जिससे सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट, पार्क और सफाई की सुविधाएं बेहतर होती हैं। घर या दुकान बनाने के लिए लेआउट प्लान को आधिकारिक मंजूरी मिलती है, जिससे निर्माण कानूनी रूप से वैध होता है।

## नाकाबंदी से ईरान को हुआ 4.8 अरब डॉलर का नुकसान, जारी है कार्रवाई, अमेरिका के रक्षा मंत्रालय का दावा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि फारस की खाड़ी में अमेरिकी नाकेबंदी और कार्रवाई से ईरान को तेल के राजस्व में लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। एक्सिओस ने पेंटागन के अनुमान के आधार पर अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के आकलन के अनुसार, इस क्षेत्र में अमेरिका की कार्रवाई के कारण ईरान को तेल से होने वाली आय में करीब पांच अरब



डॉलर का नुकसान हुआ है। यह नुकसान इसलिए हुआ, क्योंकि अमेरिका की तरफ से समुद्र में जो कार्रवाई की जा रही है, उससे ईरान का समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात बाधित हो गया है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जलमार्गों को लेकर तनाव जारी है, जो दुनिया के सबसे अहम जलमार्गों में से एक माना जाता है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी सीन पार्नेल ने पेंटागन के कार्यवाहक प्रेस सचिव जोएल वाल्डेज के बयान का हवाला दिया। वाल्डेज ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई का मकसद ईरान पर लगातार आर्थिक दबाव बनाए रखना है। उन्होंने एक्स पर लिखा, होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकेबंदी पूरी ताकत से जारी है और वह परिणाम दे रही है, जिसकी हमने उम्मीद की थी। उन्होंने आगे कहा, हम ईरानी शासन की आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को फंड करने की क्षमता को भारी नुकसान

# ईरान में बम फटने से 14 सैनिकों की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुई जंग फिलहाल युद्धविराम की छांव में है। पर्दे के पीछे से अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच ईरान के जंजन शहर के पास बम फटने से रिवोल्यूशनरी गार्ड के 14 सदस्यों की मौत हो गई। ये बम युद्ध के समय के थे जो उस वक्त नहीं फटे थे। लेबनान के दक्षिणी हिस्सों में शुक्रवार को इस्राइल ने कम से कम आधा दर्जन हमले हुए, जिनमें अलग-अलग तरह के ढांचे और इमारतों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों की भी मौत हुई और कई घायल हुए। अल-जजीरा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हिजबुल्ला की ओर से कहा गया कि उसने लेबनान के अंदर इस्राइली सैनिकों पर कार्रवाई की। साथ ही ब्लू लाइन पार करके उत्तरी इस्राइल में भी कुछ हमले किए। इस इलाके में भले ही संघर्षविराम लागू है। फिर भी हालात बहुत तनावपूर्ण बने हुए हैं। आज शाम कई घंटों तक बीच-बीच में धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं।

उन लोगों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो रहा है जो अपने घरों को लौट आए हैं। हजारों लेबनानी लोग पहले अपने घरों से विस्थापित हो गए थे, अब दक्षिणी लेबनान वापस आ चुके हैं और एक कठिन स्थिति का सामना कर रहे हैं। सच यह है

### यूएन चीफ बोले- प. एशिया संकट की कीमत चुका रही मानवता

कि युद्ध खत्म नहीं हुआ है। हिंसक झड़पें जारी हैं। ये हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच संघर्ष का सशस्त्र समूह ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। समूह के अनुसार, उसके लड़ाकों



निशाना बन सकते हैं। लेबनान के संसद अध्यक्ष नबीह बेरी सहित कई राजनेता भी कह रहे हैं कि अगर इस तरह के हमले जारी रहते हैं तो इस्राइल के साथ बातचीत का कोई मतलब नहीं है। हिजबुल्ला ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सेना पर कई हमले किए हैं। लेबनान के ने दक्षिणी लेबनान के कई अग्रिम इलाकों में इस्राइली सैनिकों और उनके वाहनों के अलग-अलग समूहों को निशाना बनाया। इनमें बिंत जबैल में मूसा अब्बास कॉम्पलेक्स के पास तैनात सैनिकों पर तोपखाने से हमला शामिल था। हुला गांव के पास भी सैनिकों पर तोप से गोले दागे गए।

## पश्चिम एशिया संकटः अमेरिका ने ईरान के नेतृत्व को क्यों बताया 'गटर के चूहे'? तेहरान ने भी पलटवार किया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरानी नेतृत्व पर तीखा हमला किया। बेसेंट ने उन्हें 'गटर के पाइप में रहने वाले चूहे' करार दिया। उन्होंने कहा कि तेहरान में बैठा नेतृत्व जमीनी हकीकी से पूरी तरह बेखबर है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब उसके खिलाफ हो चुका है। बेसेंट ने यह भी दावा किया कि अमेरिका का दुनिया के सबसे अहम जल मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा नियंत्रण है। उन्होंने कहा, जब तक 27 फरवरी से पहले जैसी नौवहन की स्वतंत्रता बहाल नहीं हो जाती, तक तक नाकाबंदी जारी रहेगी।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गटर के पाइप में रहने वाले चूहों के लिए बाहर की दुनिया में क्या हो रहा है, यह समझना बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने ईरानी नेतृत्व के बारे में कहा कि वे अंधेरे में बैठे हैं और उन्हें यह नहीं पता कि अमेरिका का होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा नियंत्रण है। डॉलर की कमी है। भोजन और पेट्रोल का सीमित मात्रा में वितरण हो रहा है और पूरी दुनिया उनके खिलाफ खड़ी है। अमेरिकी वित्त मंत्री के इस बयान पर दक्षिण अफ्रीका में ईरान के दूतावास ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। दूतावास ने कहा, सब जानते हैं कि आप और आपके बॉस युद्ध हार चुके हैं। आपकी ये बातें जीत की नहीं बल्कि दर्द की निशानी हैं। इससे पहले इस्लामाबाद में वार्ता विफल होने के बाद 13 अप्रैल को अमेरिका ने ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी शुरू कर दी थी। अमेरिकी वित्त मंतरालय ने शुक्रवार को नौवहन कंपनियों और समुद्री संचालकों को चेतावनी दी कि अगर वे होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करते हैं।


# बाहर निकलो, कितनी झूठी हो: ट्रंप ने इल्हान पर की विवादित टिप्पणी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर के बीच एक बार फिर तीखी जुबानी जंग शुरू हो गई। फ्लोरिडा के 'द विलेज' इलाके में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने उमर पर बेहद कड़े शब्दों में हमला किया। उन्होंने इल्हान उमर को 'ढोंगी' कहा और उनके मूल देश सोमालिया को लेकर कई गंभीर बातें कहीं। इसके बाद इल्हान उमर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति ट्रंप को करारा जवाब दिया है। दोनों नेताओं के बीच यह विवाद अब काफी चर्चा में आ गया है।

पहले जानते हैं ट्रंप ने इल्हान उमर पर क्या कहा

मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर को सीधा निशाना बनाया है।

ट्रंप ने कहा कि उमर सोमालिया से आई हैं और अब हमें अमेरिका चलाने का तरीका बता रही हैं। ट्रंप ने उमर की नकल उतारते हुए कहा कि वह संविधान से अपने अधिकारों की मांग करती हैं, लेकिन असल में उन्हें यहां से बाहर निकल जाना चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति ने साफ शब्दों में इल्हान उमर को एक 'ढोंगी' महिला करार दिया।



ट्रंप ने सोमालिया की स्थिति पर बात करते हुए कहा कि वहां कोई सरकार, सेना या पुलिस नहीं है, बल्कि सिर्फ अपराध और गंदगी है। ट्रंप ने इल्हान उमर पर अपने ही भाई से शादी करने का बहुत गंभीर और व्यक्तिगत आरोप लगाया, जिसे उन्होंने गैरकानूनी बताया। इल्हान उमर ने ट्रंप के इन विवादित बयानों को पूरी तरह से खारिज कर दिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कड़ा जवाब दिया। उमर ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया और कहा कि अगर यह किसी अपराधी की तरफ से नहीं आया होता, तो उन्हें सच में बहुत गुस्सा आता। सांसद उमर ने देश की जनता को याद दिलाया कि मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप 34 गंभीर मामलों में दोषी साबित हो चुके हैं। उमर ने ट्रंप पर लगे दुष्कर्म के आरोपों और अन्य गंभीर कानूनी मामलों का भी अपने पोस्ट में जिक्र किया। उमर ने हैरान होते हुए लिखा कि उन्हें यह समझ नहीं आता कि कोई इंसान अपनी इतनी बेइज्जती खुशी-खुशी कैसे करा सकता है। उमर ने ट्रंप की पार्टी पर तंज कसते हुए उन्हें अपनी कमियां छिपाने के लिए नया बहाना ढूंढने की सलाह दी है। क्या दोनों नेताओं के बीच पहले भी ऐसा विवाद हो चुका है? यह कोई पहला मौका नहीं है जब इन दोनों बड़े नेताओं के बीच इस तरह की जुबानी जंग और बहस देखने को मिली है। इससे पहले सितंबर 2025 में भी इल्हान उमर ने मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप पर बहुत ही तीखा और सीधा हमला किया था। उस वक्त उमर ने ट्रंप को 'झूठा और मूर्ख इंसान' बताया था, क्योंकि ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने उमर को वापस भेजने के लिए सोमालिया के राष्ट्रपति से फोन पर बात की है। इल्हान उमर ने तब देश के लोगों से कहा था कि किसी को भी ट्रंप जैसी शर्मनाक बातें करने वाले इंसान को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

# डिजिटल माध्यम से होगी 16वीं जनगणना, बोकारो में तैयारियां पूरी

## पहले चरण में 01 मई से 15 मई तक स्व-गणना तथा 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण एवं गणना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनगणना देश की योजना निर्माण एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बार की जनगणना देश की 16 वीं. तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वी. जनगणना होगी, जिसे पहली बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह शनिवार को जनगणना 2027 को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित संवाददादाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### दो चरणों में होगी जनगणना

उपायुक्त ने बताया कि जनगणना कार्य 02 चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण में 01 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना तथा 16 मई से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 (संभावित) के बीच जनसंख्या गणना (पीई) होगी।

### जिले में 12 चार्ज, बीएस सिटी को मिला अलग दर्जा

जिले में जनगणना के लिए कुल 12 चार्ज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 09 ग्रामीण, 02 शहरी तथा 01 चास नगर निगम का अलग चार्ज शामिल है। खास बात यह है कि पहली बार बोकारो स्टील सिटी टाउनशीप को अलग चार्ज ऑफिस का दर्जा मिला है, जिसे जिला प्रशासन के पहल पर 28 अप्रैल 2026 को जनगणना निदेशालय, भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके चार्ज पदाधिकारी अंचलाधिकारी चास होंगे।

### डिजिटल एप और पोर्टल से होगी निगरानी

जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक विशेष मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे। वहीं, पूरी प्रक्रिया की निगरानी सीएमएमएस पोर्टल के जरिए की जाएगी। स्व-गणना के तहत नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार एवं आवास से जुड़े 33 प्रश्नों के उत्तर दर्ज कर सकेंगे।

### गोपनीयता को लेकर प्रशासन का आश्वासन

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जनगणना में दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल जनगणना कार्य के लिए ही होगा। इन आंकड़ों का उपयोग किसी भी जांच या साक्ष्य के रूप में नहीं किया जाएगा।

### साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील

प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि जनगणना के लिए कोई अलग मोबाइल एप आम नागरिकों के लिए उपलब्ध नहीं है तथा किसी भी प्रकार की जानकारी फोन कॉल, ओटीपी या बैंक विवरण के माध्यम से नहीं मांगी जाएगी। निर्धारित 33 प्रश्नों के अतिरिक्त कोई भी जानकारी न दें, जनगणना के नाम पर किसी प्रकार का भुगतान नहीं करें और बिना पहचान सत्यापन के किसी को जानकारी नहीं दें। साथ ही, नागरिकों से अपील की है कि वे सही और सटीक जानकारी दें, प्रगणकों का सहयोग करें और स्व-गणना का अधिक से अधिक उपयोग करें। वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। भारतीय एवं जिम्मेवार नागरिग होने का परिचय दें।

### जिले में जनगणना कार्य की व्यापक तैयारियां

मौके पर उपस्थित जनगणना कार्य के वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने बताया कि जिले में कुल 3782 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स बनाए गए हैं। इसके लिए 678 सुपरवाइजर और 4039 प्रगणकों की तैनाती की गई है। मास्टर ट्रेनर और अन्य अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि 27 अप्रैल से 09 मई 2026 तक फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी आशोक खालको, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

प्रगणक इन प्रश्नों के आधार पर डिजिटल माध्यम से जानकारी एकत्रित करेंगे।

### घर के संबंध में प्रश्न

● मकान संख्या ● जनगणना मकान संख्या ● घर का फर्श किस सामग्री का है ● दीवार की सामग्री ● छत की सामग्री ● घर का उपयोग (आवासीय/अन्य) ● घर की स्थिति

### परिवार से संबंधित प्रश्न

● परिवार की संख्या ● घर में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या ● परिवार के मुखिया का नाम ● परिवार के मुखिया का लिंग ● परिवार के मुखिया की जाति (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य) ● घर स्वामित्व (स्वयं का/किराया)●घर में कमरों की संख्या ● घर में विवाहित परिवारों की संख्या

### जल, स्वच्छता एवं ऊर्जा संबंधी प्रश्न

● पेयजल का स्रोत ● पेयजल की उपलब्धता ● प्रकाश का मुख्य स्रोत ● शौचालय की उपलब्धता ● शौचालय का प्रकार ● गंदे पानी के निकास की व्यवस्था ● स्नानगृह की उपलब्धता ● रसोईघर की उपलब्धता (एलपीजी/पीएनजी सहित) ● खाना पकाने का मुख्य ईंधन ● परिवार के भोजन का मुख्य अनाज

### घरेलू उपकरणों की उपलब्धता

● रेडियो ● टेलीविजन ● इंटरनेट सुविधा ● लैपटॉप/कंप्यूटर ● टेलीफोन/ मोबाइल/ स्मार्टफोन ● साइकिल/स्कूटर मोटरसाइकिल/मोपेड ● कार/जीप/वैन ● मोबाइल नंबर (केवल जनगणना प्रयोजन हेतु)

# बीएस सिटी की समस्याओं को लेकर चैंबर का प्रतिनिधिमंडल बीएसएल के अधिशासी निदेशक से मिला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल राजेश्वरी बनर्जी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन विभाग), बोकारो इस्पात संयंत्र से मिला। प्रशासनिक इस्पात भवन में श्रीमती बनर्जी के साथ नगर की समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में बोकारो इस्पात नगर की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि लीज नवीकरण के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाना चाहिए। सिटी सेंटर स्थित व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंडों के लीज नवीकरण के मामले वर्षों से लंबित हैं। इस संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद इस्पात प्रबंधन द्वारा अपील कर मामले को द्वि-न्यायपीठ में ले जाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सुनवाई के उपरांत बिना आदेश पारित किए इसे निस्तारित कर दिया गया है। अतः बोकारो इस्पात प्रबंधन को इस विषय में सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र नया दर निर्धारित कर लीज नवीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि वार्षिक लीज रेंट एवं सर्विस चार्ज में की गई अत्यधिक वृद्धि को कम किया जाए, जिससे बोकारो इस्पात नगर में व्यापार का समुचित विकास हो सके। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि इस्पात प्रबंधन द्वारा व्यापारिक गतिविधियों के संचालन के लिए अत्यधिक शुल्क की मांग की जा रही है, जो वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों के लिए अत्यंत कठिन एवं अव्यावहारिक है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में इस प्रकार के प्रतिबंध एवं उच्च शुल्क नगर के आर्थिक विकास में बाधक सिद्ध हो सकते हैं। इसके प्रतिकूल प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं, जिसके कारण स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा कई व्यापारी अन्यत्र स्थानांतरण पर विचार कर रहे हैं। अतः इस व्यवस्था की पुनः समीक्षा कर इसे यथोचित एवं व्यवहारिक बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, सिटी सेंटर क्षेत्र की अधिकांश आंतरिक सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। इन सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराया जाना आवश्यक है। साथ ही, बोकारो शहरी क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में स्थित जीर्ण-शीर्ण पार्कों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार भी किया जाना चाहिए। बैठक में यह भी कहा गया कि बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग के अधिशासी निदेशक के उदासीन रवैए के कारण बोकारो इस्पात नगर के शहरी विकास पर प्रतिकूल प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार पर किए गए हमले को लेकर पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के समर्थकों द्वारा उनके सामने पत्रकारों पर किए गए हमले को लेकर आज धनबाद प्रेस क्लब के बैनर तले पत्रकारों ने रणधीर वर्मा चौक पर



आक्रोश पूर्ण धरना व विरोध प्रदर्शन किया। वही इस दौरान सभी पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध करते हुए स्वास्थ्य मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।वही पत्रकारों ने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग भी की।धरना प्रदर्शन के बाद धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया।वही आज के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद,उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट,सुरेंद्र यादव,शरद चंद्र पांडे,बलवंत कुमार,सचिव संजय चौरसिया,राम मूर्ति पाठक,चंदन पाल,कार्यकारिणी सदस्य विक्की कुमार,बिपिन ,पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार,सदस्य रमन सहाय,प्रकाश कुमार,जीतू कुमार,शब्बीर,अमित सिन्हा,अफरोज कुरैशी आरऐंन चौरसिया अभिषेक कुमार,नीरज कुमार,राजेश कुमार ,पंकज कुमार,दिलशाद खान,राजकुमार जायसवाल मनीष सिन्हा पंकज सिन्हा समेत जिले के कई पत्रकार शामिल हुए।

### धनबाद जेल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को मंडलकारा धनबाद में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के द्वारा बंदियों के लिए चलाए जा रहे कर्तव्य परियोजना के विषय में




जानकारी दी गई। उन्हें जागरूक किया गया एवं बताया गया कि कारागार में बंदियों एवं उनके परिवारों का अधिकारों का संरक्षण हो सके जिसके लिए झालसा द्वारा कर्तव्य परियोजना चलाई जा रही है। जिसके तहत बंदियों के परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके पात्रता के अनुसार दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है।

# अधिवक्ता के टेबल से कागजात चोरी, साजिश के तहत निलंबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो सिविल कोर्ट से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अधिवक्ता रंजीत कुमार उर्फ रंजीत गिरी ने बी.एस. सिटी थाना में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके टेबल से जरूरी कागजात चोरी कर लिए गए और उनका दुरुपयोग कर उन्हें मीडिया में बदनाम करने की साजिश रची गई। यह घटना 30 अप्रैल 2026 की है। अधिवक्ता रंजीत गिरि ने अपनी शिकायत में बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी और प्रदीप कुमार झा पर नामजद आरोप लगाया है।

### पूरा मामला क्या है?

अधिवक्ता रंजीत गिरि द्वारा दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, वे सेंट्रल हॉल स्थित अपने टेबल पर मुवक्किल की याचिका टाइप कर रहे थे और वकालतनामा संलग्न कर रहे थे। उसी दौरान कुछ समय के लिए जब वे टेबल से हटे, तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके टेबल से कागजात चोरी कर लिए। बाद में, उन्हें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाकर उन्हें 1 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। अधिवक्ता रंजीत गिरि ने इसे एक बड़ी साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि वे लगातार अधिवक्ता संघ में हुए वित्तीय अनियमितताओं (लगभग एक करोड़ बीस लाख रुपये के इनकम टैक्स घोटाले, बिजली बिल और सीट आवंटन को लेकर) के खिलाफ मुखर रहे हैं। उनका आरोप है कि इसी वजह से उनके चुराए गए कागजातों का गलत इस्तेमाल करके उन्हें समाज में बदनाम करने और प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया है। इस आवेदन की प्रतिलिपि झारखंड बार काउंसिल, प्रधान जिला जज और बोकारो एसपी को भी प्रेषित की गई है।

# स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक ने स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

## अशर्फी अस्पताल का उठा मामला, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वाशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक , उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल डॉ विजय शंकर ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में वे धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे, जहां स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झरिया विधायक रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। बैठक के दौरान जिले के अस्पतालों के संचालन, संसाधनों की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति और आम लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान असर्फी अस्पताल से जुड़े गंभीर मामले ने बैठक का केंद्र बिंदु बना रहा। बताया जा रहा है कि एक अशर्फी अस्पताल द्वारा मृतक के शव को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया था, जिसे लेकर पहले ही राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। इस मुद्दे को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा में भी उठाया था। मामले के अनुसार, अस्पताल प्रबंधन द्वारा बकाया राशि को लेकर शव को परिजनों को नहीं सौंपा गया था। बाद में धनबाद के महापौर संजीव सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए पूरे पैसे का भुगतान कर शव को अस्पताल से मुक्त कराया,




जिसके बाद यह मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि इससे जुड़े सभी पक्षों को बुलाकर उनका बयान लिया गया है और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट विभाग को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ह्लइस तरह की घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए।ह्व मृतक की पत्नी शोभा सिंह ने भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी और परिवार के साथ ऐसी घटना न हो, इसके लिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। इस पूरे मामले ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और मानवता से जुड़े सवालों को एक बार फिर खड़ा कर दिया है। अब सभी की नजरें आर डी डी की जांच रिपोर्ट और उसके बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।.

# नीट यूजी परीक्षा 2026 को लेकर डीडीसी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार 03 मई को आयोजित होने वाले नीट यूजी परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में कल दिए निदेर्शों के अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के



दौरान डीडीसी ने केंद्राधीक्षकों से सीसीटीवी व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी केंद्रों पर परीक्षा संबंधी दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर परीक्षा के वरीय नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) मो. सफीक आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नीट यूजी परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू

## चास एवं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी ने जारी किया आदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीट यूजी 2026 2026) का परीक्षा 03 मई (रविवार) 2026 होने जा रहा है। आशंका है कि इस अवसर पर परीक्षा में अन्य बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है एवं परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संचालन में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के चारो तरफ इकट्ठा होकर व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है। इस प्रकार उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए एवं व्यापक लोकहित में निरोधात्मक कार्रवाई की आवश्यकता सर्वथा नितांत है। भानासुसं की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी चास एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने अपने - अपने अनुमंडल के भौगोलिक क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों के परिसर के 500 (पाँच सौ गज) की परिधि के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों को निषिद्ध कर दिया हैः-

(1) पाँच या पाँच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के एक साथ किसी भी स्थान विशेष पर एकत्रित होने, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना इत्यादि।

(2) किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधाज्ञा क्षेत्र अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र, परंपरागत हथियार तथा लाठी, डण्डा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, बर्षा इत्यादि में से कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना। (अपवाद पुलिस कर्मी)

(3) निषिद्ध क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ अथवा बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के भी किसी भी प्रकार का कोई जुलूस, रैली, सभा, धना एवं प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन किया जाना।

(4) परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र के कर्तव्यों से संबंधित व्यक्तियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र अन्तर्गत प्रवेश कर भ्रमण करने अथवा किसी परीक्षार्थी या परीक्षार्थियों को अनुचित रीति से सहायता अथवा सहयोग किया जाना। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हो। जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर चास एवं बेरमो अनुमंडल अंतर्गत 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर,श्री महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, सर्वोदय प्लस टू विद्यालय पिंड्राजोरा, प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो एवं अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकरखंदा को बनाया गया है।

# उपायुक्त व एसएसपी ने किया पुलिस केंद्र में मैगजीन गार्ड भवन का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से आज पुलिस केंद्र में नवनिर्मित मैगजीन गार्ड भवन का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस नए भवन के निर्माण से पुलिस विभाग को काफी सहूलियत मिलेगी। पहले जहां हथियारों के रख-रखाव और प्रबंधन में कई व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आती थीं, वहीं अब आधुनिक सुविधाओं से लैस इस भवन में सभी कार्य अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि हथियारों का वैज्ञानिक और सुरक्षित भंडारण किसी भी पुलिस व्यवस्था की रीढ़ होता है, और इस दिशा में यह नया भवन एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने आगे कहा कि पुलिस केंद्र में लगातार आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्य जारी हैं। बताया कि बीते कुछ समय में पुलिस केंद्र की व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आने वाले समय में इसे और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग हर संभव कदम उठा रहा है। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पुराना शास्त्रगार भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। इससे सुरक्षा और रख-रखाव को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो रही थीं। इसको ध्यान में रखते हुए नए भवन का निर्माण कराया गया है। इसमें हथियारों की संख्या और उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। उन्होंने बताया कि नए शास्त्रगार में हथियारों के सुरक्षित भंडारण, नियमित देखरेख और त्वरित उपलब्धता के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा भवन की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई है। चौबीसों घंटे पर्याप्त



संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती रहेगी और पूरे परिसर की सख्त घेराबंदी की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की चूक की संभावना नहीं हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि शास्त्रगार के प्रभारी अधिकारी एवं उनके सहायक स्थायी रूप से परिसर में ही तैनात रहेंगे, ताकि हथियारों की निगरानी, रख-रखाव और अभिलेखों का संधारण लगातार और प्रभावी ढंग से किया जा सके। इससे न केवल सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर हथियारों की उपलब्धता भी तेज और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जा सकेगी। उद्घाटन के दौरान उपस्थित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस नए भवन के शुरू होने से पुलिस बल की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक मजबूती आएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों ने नए भवन के सफल संचालन और बेहतर उपयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई तथा इसे पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, डीएसपी प्रदीप कुमार, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार, सार्जेंट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेन्ट मेजर राकेश दुबे, धनबाद थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय, सरायढेला थाना प्रभारी मंजीत कुमार, ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश, सार्जेंट अर्जुन महथा, सार्जेंट श्री लक्ष्मण मेहता सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com